




# जन एक्सप्रेस

लखनऊ

वर्ष: 14 | अंक: 257

मूल्य: ₹3.00/-

पेज : 12

@janexpressnews | janexpresslive | janexpresslive | www.janexpresslive.com/epaper

शनिवार | 01 जुलाई, 2023


# देश को विकसित बनाना हमारा लक्ष्य, युवाओं में नया करने की चाहत : पीएम

## पीएम मोदी अचानक मेट्रो सफर कर दिल्ली यूनिवर्सिटी पहुंचे, बोले, अमेरिका गया था, आपने भारत का सम्मान देखा होगा, वजह, हमारे युवाओं पर विश्व का भरोसा

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार को दिल्ली यूनिवर्सिटी के शताब्दी समारोह शामिल हुए। उन्होंने कहा कि एक समय था जब छात्र किसी संस्थान में एडमिशन से पहले प्लेसमेंट को प्राथमिकता देते थे। एडमिशन का मतलब डिग्री और डिग्री का मतलब नौकरी होता था। शिक्षा यहीं तक सीमित थी। उन्होंने कहा, आज युवा जिंदगी को इसमें बांधना नहीं चाहता है। वह कुछ नया करना चाहता है। अपनी लकीर खुद खींचना चाहता है। 2014 से पहले भारत में सिर्फ कुछ सौ स्टार्टअप थे। आज इनकी संख्या एक लाख को पार कर गई है। कुछ दिन पहले अमेरिका की यात्रा पर गया। आपने देखा होगा कि भारत का सम्मान और गौरव कितना बढ़ा है, क्योंकि भारत की क्षमता और भारत के युवाओं पर विश्व का भरोसा बढ़ा है।

**इजरायल से लेकर चांद की बात:** पीएम ने कहा, दो दोस्त चल दिए गप्पे मारते हुए। दुनिया जहान की बातें करेंगे। इजरायल से लेकर मून तक, कुछ छोड़ेंगे नहीं। कौन सी फिल्म देखी। ओटीटी पर वो सीरीज अच्छी है। वो वाली रील देखी या नहीं देखी। बातों का अथाह समंदर होता है इसलिए मैं भी आज आपकी तरह दिल्ली मेट्रो से अपने युवा दोस्तों से गपशप करते हुए यहां पहुंचा हूं। पीएम मुस्कुराते हुए यह बात कह रहे थे और लोग भी तालियां बजा रहे थे।

**शताब्दी समारोह कार्यक्रम में मेट्रो से पहुंचे प्रधानमंत्री:** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शुक्रवार को दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) के शताब्दी समारोह के समापन कार्यक्रम में हिस्सा लेने के लिए दिल्ली मेट्रो से पहुंचे। मेट्रो की यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री ने यात्रियों से संवाद भी किया। दिल्ली विश्वविद्यालय पहुंचकर प्रधानमंत्री ने छात्रों से भी संवाद किया। इस दौरान शिक्षामंत्री धर्मेंद्र प्रधान उनके साथ मौजूद रहे। प्रधानमंत्री डीयू के खेल परिसर के बहुउद्देशीय हॉल में आयोजित समारोह के समापन कार्यक्रम को संबोधित भी किया।



### पीएम अचानक मेट्रो से डीयू पहुंचे

पीएम अचानक मेट्रो से सफर कर डीयू पहुंचे। वे सुबह 11 बजे लोक कल्याण मार्ग मेट्रो स्टेशन गए। यहां उन्होंने टिकट काउंटर से टोकन लिया और उसके बाद वे प्लेटफॉर्म पहुंचे। मेट्रो में यात्रियों के साथ बातचीत भी की। दिल्ली विश्वविद्यालय की स्थापना 1 मई 1922 को हुई थी। इसमें 86 विभाग, 90 कॉलेज, 6 लाख से ज्यादा स्टूडेंट्स हैं।

### पीएम मोदी ने डीयू को तीन भवनों की सौगात दी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिल्ली विश्विद्यालय को तीन भवनों की सौगात दी। दिल्ली विश्वविद्यालय के शताब्दी समारोह में पीएम मोदी ने अपने संबोधन में कहा कि डीयू आना मेरे लिए घर आने जैसा है। डीयू हर महत्वपूर्ण क्षण का साक्षी रहा है।

### विश्व का सबसे बड़ा हेरिटेज म्यूजियम बनने जा रहा है

पीएम ने कहा कि भारत विश्व की पांचवीं बड़ी अर्थव्यवस्था है। विकसित भारत का निर्माण करना हमारा लक्ष्य है। विश्व के लोग भारत को जानना चाहते हैं। विश्व में भारतीय युवाओं के लिए मौके बन रहे हैं। विश्व का सबसे बड़ा हेरिटेज म्यूजियम बनने जा रहा है।

### भारतीय यूनिवर्सिटी की ग्लोबल पहचान बढ़ी: पीएम मोदी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि भारतीय यूनिवर्सिटी की ग्लोबल पहचान बढ़ रही है, विश्व में भारत का गौरव बढा है। देश का युवा कुछ नया करना चाहता है। देश में स्टार्टअप की संख्या अब लाख के पार है। बड़ी कंपनियों ने भारत में निवेश का फैसला लिया है।

### 'डीयू ने अपने मूल्यों, निष्ठा को जीवंत रखा'

पीएम मोदी ने कहा कि आप चाहे जिस साल के पासआउड हों, दो डीयू वाले आपस में मिलकर इन किस्सों पर घंटों निकल सकते हैं। इस सबके बीच मैं मानता हूं डीयू ने सौ सालों में अगर अपने अहसासों को जिंदा रखा है तो अपने मूल्यों को भी जीवंत रखा है। निष्ठा द्वितीय सत्यम यूनिवर्सिटी का ये ध्येय वाक्य अपने स्टूडेंट के जीवन में लाइटिंग लैंप की तरह है।

### 'डीयू ने हर मूमेंट को जिया'

पीएम मोदी ने कहा इस विवि ने हर मूमेंट को जिया, इस यूनिवर्सिटी ने हर मूमेंट में जान भर दी है। पीएम ने कहा कि मैं इस ऐतिहासिक अवसर पर यूनिवर्सिटी के सभी प्रोफेसर और स्टाफ के साथ स्टूडेंट व पूर्व छात्र-छात्राओं को हृदय से बधाई देता हूं। आज इस आयोजन के जरिये यहां नए और पुराने स्टूडेंट भी साथ मिल रहे हैं। स्वभाविक है कुछ सदाबहार चर्चाएं भी होंगी। उन्होंने कहा नॉर्थ कैंपस के लोगों के लिए कमला नगर और मुखर्जी नगर से जुड़ी यादें और साउथ कैंपस वालों के लिए सत्य निकेतन के किस्से होंगे।

---

## योगी ने गरीबों को सौंपी माफिया अतीक के कब्जे से मुक्त कराई जमीन पर बने आवास की चाबी

# पहले की सरकारें माफिया के साथ खड़ी होती थीं, अब ऐसा नहीं: योगी

### अब कोई माफिया किसी गरीब को परेशान नहीं कर सकता: सीएम

### यूपी के हर जिले में माफियाओं की भूमि पर बनेंगे गरीबों के आवास, सभी प्राधिकरणों को दिए निर्देश

**जन एक्सप्रेस | प्रयागराज**

योगी आदित्यनाथ प्रयागराज दौरे पर हैं। शुक्रवार को सीएम ने लूकरगंज में माफिया अतीक अहमद के कब्जे से छुड़वाई जमीन पर बने 76 फ्लैट की चाबियां गरीबों को सौंपी। इस दौरान सीएम ने 20 लाभार्थियों से संवाद किया। कहा- हमारी सरकार गरीबों के साथ खड़ी है। पहले की सरकारें माफिया के साथ खड़ी होती थीं। पहले जमीनों पर सरकार से संरक्षित माफिया कब्जा करते थे। अब हमारी सरकार में ऐसा नहीं हो सकता है। सीएम योगी ने 768 करोड़ के 226 प्रोजेक्ट का लोकार्पण-शिलान्यास भी किया। इससे पहले सीएम ने पीडीए अफसरों के साथ फ्लैट के कंस्ट्रक्शन का निरीक्षण किया। इसके बाद बच्चों से मुलाकात की। उन्होंने बच्चों को चाकलेट भी दिया। इस दौरान सीएम के साथ डिप्टी सीएम केशव मौर्य और कैबिनेट मंत्री नंद गोपाल नंदी मौजूद रहे।



### 3 किस्त में चुकानी होगी फ्लैट की कीमत

अरविंद सिंह चौहान ने बताया, फ्लैटों के आवंटन के लिए पिछले साल 30 जून से 31 जुलाई तक आवेदन लिए गए थे। इसके लिए 150 रुपए रजिस्ट्रेशन शुल्क और 5000 रुपए आवेदन शुल्क तय किया गया था। लूकरगंज में एक बिल्डिंग 3 मंजिला है। इसमें प्रत्येक फ्लैट का कवर एरिया 22.77 वर्गमीटर है। योजना के तहत फ्लैट के लिए आवंटी को कुल साढ़े 3 लाख रुपए पीडीए को भुगतान करने होंगे।

सीएम योगी ने **768** करोड़ के 226 प्रोजेक्ट का लोकार्पण-शिलान्यास भी किया।

सीएम ने पीडीए अफसरों के साथ फ्लैट के कंस्ट्रक्शन का निरीक्षण किया।

### 2025 का प्रयागराज कुंभ भव्य-दिव्य होगा

- सीएम ने कहा, 768 करोड़ की परियोजनाओं के साथ आज कुख्यात माफियाओं के कब्जे से मुक्त करवाकर गरीबों को आवास दिए जा रहे हैं। कहने के लिए ये 76 आवास हैं, लेकिन इसके पीछे एक भाव है कि ये माफियाओं से मुक्त करवाकर दिए जा रहे हैं।
- प्रयागराज एक पौराणिक नगरी है। शिक्षा और न्याय की धरती रही है। आज प्रदेश के सभी विकास प्राधिकरणों से कहना चाहूंगा कि वो भी अपने जनपद मे ऐसे ही माफियाओं की कब्जाई जमीन पर गरीबों के लिए आवास बनवाने का कार्य करें।
- उन्होंने कहा, यहां एक कन्वेंशन सेंटर भी बनना चाहिए। प्रयागराज प्राधिकरण डीपीआर तैयार करें। फरवरी मे हमने ग्लोबल इन्वेस्टर समिट किया। हमको 36 हजार करोड़ के निवेश प्राप्त हुए। अगर प्रदेश मे माफिया होते, तो ये मिलना मुश्किल था। 2025 का प्रयागराज कुंभ भव्य और दिव्य होगा।
- उन्होंने कहा, जिस स्पीड के साथ भारत की अर्थव्यवस्था बढ़ रही है। इसको बनाए रखेंगे तो 2027 में भारत की अर्थव्यवस्था विश्व की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगी। ये देश नारों से नहीं चलेगा। जो कार्य हुए है, उससे चलेगा। आज भारत और उत्तर प्रदेश की तस्वीर बदली है।

### योगी बोले,10 लाख लोगों को जल्द नए घर मिलेंगे

लीडर प्रेस मैदान में सीएम ने कहा, 2017 से पहले कोई भी जमीन पर कब्जा कर लेता था। अब उन्हीं जमीनों पर गरीबों के आवास बनवा रहे हैं। अब व्यापारियों और गरीबों को कोई परेशान नहीं करता है। पीएम मोदी के नेतृत्व में 54 लाख लोगों को घर मिले हैं। पहले प्रदेश की सरकार किसी गरीब को आवास नहीं देना चाहती थीं। जल्द 10 लाख लोगों को नए घर मिलने वाले हैं।

### केशव प्रसाद बोले, कमल का बटन दबाने का मतलब, गरीब को आशियाना देना

इससे पहले डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने कहा, माफिया के कब्जे से छुड़वाई जमीन पर गरीबों के आशियाना बन जाए, तो इससे ज्यादा खुशी हो नहीं सकती है। बीजेपी की डबल इंजन सरकार गरीबों के लिए काम कर रही है। कमल के बटन दबाने का मतलब, किसी गरीब को घर देना। कमल का बटन दबाने का मतलब, माफिया जेल पहुंचाना है। इसलिए 2024 लोकसभा चुनाव में कमल का बटन दबाना जरूरी है। उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य की मांग पर सीएम योगी ने शहर में 10 हजार लोगों की क्षमता वाला कन्वेंशन हॉल का निर्माण किया जाएगा। इसमें सभी प्रकार के धार्मिक, सामाजिक और सार्वजनिक कार्यक्रम हो सकेंगे। पांच पांच हजार लोगों के दो कार्यक्रम और दो-दो हजार लोगों के कई कार्यक्रम इसमें एक साथ कराए जा सकेंगे। सीएम ने पीडीओ को इसके लिए भूमि चिन्हित करने के साथ ही डीपीआर तैयार करने का निर्देश दिया। योगी आदित्यनाथने कहा कि दुनिया की सबसे पहली गुरुकुल महर्षि भारद्वाज आश्रम में था।

### सपा सरकार होती, तो खास जाति के लोगों को ही फ्लैट मिलते

केंद्रीय मंत्री नंद गोपाल गुप्ता ने कहा, ये जो 76 घर दिए जा रहे हैं। अगर सपा की सरकार होती, तो सिर्फ एक खास जाति को मिलते। लेकिन, अभी आप देख लीजिए। सबका साथ, सबका विकास ही दिखेगा। पहले नौकरियां निकलती थीं, तो उसमें भी यही होता था। एक खास वर्ग को फायदा दिया जाता था। उन्होंने कहा, प्रयागराज के लिए ये बड़ा दिन है। 768 करोड़ के प्रोजेक्ट सीएम लोगों को सौंप रहे हैं। सिर्फ 1 मिनट के लिए आंख बंद करके सोचिए, 2014 से पहले के हाल। फिर आज के हाल। पहले कैसे गुंडागर्दी होती थी। सरकारें कुछ करती नहीं थी। बोलती तक नहीं थीं। मंत्री ने कहा कि जब पुलवामा में पीएम नरेंद्र मोदी ने आतंकवादियों को घर में घुसकर मारा। इसलिए कह सकते हैं कि हम सशक्त भारत में रहते हैं। 2022 के चुनाव में आपने सुना ही होगा कि जो राम को लाए हैं, हम उनको लाएंगे। या सुना होगा कि बुलडोजर बाबा। 2017 से पहले वो लोग आते थे कहते थे कि अखिलेश भैया से मिलकर आ रहे है। अधिकारियों का ट्रांसफर नहीं होगा। पहले हिसाब किताब होगा। आज वो लोग जेल में है। मिट्टी में मिल गए हैं। सीएम योगी के कार्यक्रम में डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य, सांसद भदोही रमेशचंद्र बिंद, सांसद फूलपुर केशरी देवी पटेल, सांसद इलाहाबाद डॉ. रीता बहुगुणा जोशी, कैबिनेट मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी, पूर्व मंत्री सिद्धार्थनाथ सिंह, विधायक हर्षवर्धन बाजपेयी, डॉ. वाचस्पति, प्रवीण सिंह पटेल, गुरु प्रसाद मौर्य, पीयूष रंजन निषाद, महापौर गणेश केसरवानी, सुनील मिश्र, भारत भूषण सिंह, विभव नाथ भारती, अश्वनी द्विवेदी सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और पदाधिकारी मौजूद रहे।

---

## 30 जिलों में नए बीएसए समेत 98 शिक्षा अधिकारियों के तबादले

### नवपदोन्नत 67 उप जिलाधिकारियों को पदोन्नति

**जन एक्सप्रेस। लखनऊ**

प्रदेश के तीस जिलों में नए बेसिक शिक्षा अधिकारियों समेत 98 शिक्षा विभाग के अधिकारियों के शुक्रवार को तबादले किए गए। इसमें सात मंडलीय सहायक शिक्षा निदेशक व दो प्रोन्नत अपर शिक्षा निदेशक भी शामिल हैं। इसके अनुसार बुद्धप्रिय सिंह को मंडलीय सहायक शिक्षा निदेशक (बेसिक) मुरादाबाद, विनय कुमार को मंडलीय सहायक शिक्षा निदेशक (बेसिक) बरेली, विनोद कुमार मिश्रा को मंडलीय सहायक शिक्षा निदेशक (बेसिक) गोरखपुर, संजय कुमार शुक्ल को उप प्राचार्य डायट बस्ती व प्रभारी मंडलीय सहायक शिक्षा निदेशक (बेसिक) बस्ती और संजय कुशवाहा को उप प्राचार्य डायट सहारनपुर व मंडलीय सहायक शिक्षा निदेशक (बेसिक) सहारनपुर का प्रभार दिया गया है। इसी तरह सत्य प्रकाश त्रिपाठी मंडलीय सहायक शिक्षा निदेशक (बेसिक) गोरखपुर को इसी पद पर वाराणसी, गिरवर सिंह मंडलीय सहायक शिक्षा निदेशक (बेसिक) बरेली को उप प्राचार्य डायट बागपत, शेषबाला वर्मा उप प्राचार्य डायट रायबरेली को इसी पद पर मिर्जापुर व प्रभारी मंडलीय सहायक शिक्षा निदेशक (बेसिक) मिर्जापुर बनाया गया है। वहीं प्रोन्नत हुए संजय यादव को अपर शिक्षा निदेशक (बेसिक) प्रयागराज व प्रताप सिंह बघेल को निदेशक राज्य शैक्षिक तकनीकी संस्थान लखनऊ व अतिरिक्त प्रभार सचिव बेसिक शिक्षा परिषद प्रयागराज का दिया गया है।

---

## राजमिस्त्री की बेटी बनी बीएड प्रवेश परीक्षा की टॉपर

✻ शालिनी ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, परिवार और गुरुजनों को दिया है

**जन एक्सप्रेस। लखनऊ**

बुंदेलखंड विश्वविद्यालय ने बीएड संयुक्त प्रवेश परीक्षा का परिणाम जारी कर दिया है। वाराणसी की शालिनी पटेल ने टॉप किया है। उन्हें 400 में 370 अंक मिले हैं। शालिनी ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, परिवार और गुरुजनों को दिया है। बेटी का रिजल्ट देखकर पिता का सीना गर्व से चौड़ा हो गया है। रिश्तेदारों के साथ-साथ आस-पड़ोस के लोगों ने बेटी की कामयाबी पर बधाई दी। सुसवाही की शालिनी पटेल के घर की फर्श भले ही कच्ची है, लेकिन उनके इरादे चट्टान से ज्यादा मजबूत हैं। शालिनी को शुक्रवार को जब पता चला कि उसने बुंदेलखंड विश्वविद्यालय की बीएड संयुक्त प्रवेश परीक्षा में टॉप किया है तो उनकी खुशियों का ठिकाना नहीं रहा। सबसे अधिक प्रसन्नता पिता कल्लू पटेल के चेहरे पर नजर आ रही थी।

### आईएएस बनने का है सपना

पेशे से राजगीर (मिस्त्री) कल्लू का कहना था कि बेटी ने पूरे प्रदेश में उनका नाम रोशन कर दिया है। भरोसा है कि एक दिन पूरा देश उनकी बेटी को जानेगा। अमर उजाला से बात करते हुए शालिनी ने बताया कि बचपन से ही उनका सपना आईएएस अधिकारी बनने का है। शुरू से मन लगाकर पढ़ाई कर रही हैं।

---

**टूटी नींद** | शुक्रवार को जिलाधिकारी के नेतृत्व में आरएएफ, पीएसी और दमकल की गाड़ियों के साथ पैमाइश कराने मौके पर पहुंचा पुलिस-प्रशासन

# हाईकोर्ट ने फटकारा तो पैमाइश कराने पहुंचा पुलिस-प्रशासन

✻ बर्खास्त मुतव्वली मोहम्मद फैजी पर कर्बला की आड़ में हरचन्दपुर कनौरा की जमीन पर कब्जा करने का है आरोप

✻ सीएम के निर्देश के बावजूद तालकटोरा थाना पुलिस ने लगातार बहाने बनाकर नहीं कराई थी पैमाइश

✻ हाई कोर्ट ने 5 जुलाई तक मांगा था जवाब, तालकटोरा थाना पुलिस के पास नहीं बचा था कोई बहाना

**जन एक्सप्रेस फॉलो अप**

**डॉ. वैभव शर्मा**

**लखनऊ।** आखिरकार थाना तालकटोरा पुलिस को फोर्स मिल ही गई। क्योंकि इस बार बहाना बनाने की गुंजाइश नहीं थी। हाईकोर्ट ने पुलिस प्रशासन को जवाब दाखिल करने के लिए 5 जुलाई तक की तारीख दी थी। लिहाजा शुक्रवार को जिलाधिकारी के नेतृत्व में पुलिस-प्रशासन आरएएफ, पीएससी और दमकल की गाड़ी के साथ मौके पर पहुंचा और पैमाइश की। दरअसल, हाईकोर्ट में सुनवाई के दौरान न्यायमूर्ति राजन राय और मनीष कुमार की बेंच ने 26 मई को एसडीएम सदर और तालकटोरा थाना इंस्पेक्टर को तलब करके पैमाइश कराने का आदेश दिया था। चारबाग निवासी डीएन तिवारी ने मुख्यमंत्री को संबोधित जन शिकायत संख्या 15157220173578 के माध्यम से बताया कि ग्राम हरचन्दपुर कनौरा, तहसील सदर अंतर्गत गाटा संख्या 6,7,8,9 व 10 की पैमाइश कराकर कर्बला की आड़ में भू-माफिया फैजी व उसके गुर्गों द्वारा किए गए अवैध कब्जों से मुक्त कराकर कब्जा दिलाया जाए। लगातार शिकायत पर आलाधिकारियों के साथ ही खुद मुख्यमंत्री योगी ने पैमाइश कराने व शिकायत वाजिब होने पर कब्जा दिलाने का आदेश दिया। इसके बावजूद भूमाफिया से सांठगांठ के चलते पुलिस-प्रशासन के स्थानीय अधिकारी पर्याप्त पुलिस बल न होने का बहाना बनाकर आदेश का पालन नहीं किये। पुलिस प्रशासन और शासन से लगातार शिकायत के बावजूद जब समस्या का हल नहीं निकला तो तिवारी हाईकोर्ट गए।



### हाईकोर्ट ने पूछा था, भला पुलिस प्रशासन को पैमाइश में क्या दिक्कत आ सकती है

हाईकोर्ट ने 26 मई को एसडीएम सदर और तालकटोरा थाना इंस्पेक्टर को तलब करके इसका का आदेश दिया था। स्पष्ट रूप से यह भी पूछा था कि कानून के तहत जमीन की पैमाइश करने पर स्थानीय पुलिस-प्रशासन को भला कानून व्यवस्था की क्या समस्या आ सकती है।



# बॅटवारे की मांग मुस्लिम लीग नहीं बल्कि सावरकर ने किया: स्वामी प्रसाद मौर्य

**जन एक्सप्रेस । फतेहपुर**

सामाजवादी पार्टी के महासचिव व पूर्व मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य ने एक बार फिर विवादित बयान बाजी करते हुये कहा कि देश के बंटवारे के लिये मुस्लिम लीग नहीं बल्कि सावरकर जिम्मेदार है। देश में समान नागरिक संहिता लागू करने की बात कहने वाली भाजपा दलितों व पिछड़ों को उनके अधिकार दिलाने में आगे आये। लखनऊ से बांदा जनपद जाते समय समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव व पूर्व मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्या का मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड के निवर्तमान जिलाध्यक्ष अमित मौर्या के नेतृत्व में नेताओं ने शहर के लखनऊ बाईपास पर फूल-मालाओं से लादकर स्वागत किया। तत्पश्चात अमित मौर्या ने स्वामी प्रसाद मौर्य को प्रतीक चिन्ह भेंटकर अभिनंदन किया। पत्रकारों से बातचीत के दौरान सपा नेता स्वामी प्रसाद मौर्या ने भारतीय जनता पार्टी पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि बंटवारे की मांग मुस्लिम लीग नहीं बल्कि हिन्दू महासभा के अध्यक्ष रहते हुए सावरकर द्वारा उठाई गई थी। मुस्लिम लीग को उन्होंने राष्ट्रवादी संगठन व एक राष्ट्र का समर्थक बताया।

उन्होंने समान नागरिक आचार संहिता को भाजपा का चुनावी शिगूफा बताया। कहा कि समान अधिकारों की बात करने वाली भारतीय जनता पार्टी दलितों व पिछडो के समान अधिकार दिलाने को आगे क्यों नहीं आती। ऊंचे पदों पर पहुँचने के बाद भी दलितों व पिछड़ों के साथ भेदभाव किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा की विदाई तय है। उन्होंने भाजपा की तुलना ईस्ट इंडिया कम्पनी से करते हुए कहा कि जिस तरह ईस्ट इंडिया कम्पनी भारत का पैसा लूटकर ब्रिटेन भेजने का काम करती थी। ठीक उसी तरह भाजपा देश का पैसा अंबानी व अडानी जैसे चंद उद्योगपतियों को देने का काम कर रही है। कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने के बाद देश में मंहगाई, बेरोजगारी बढ़ी है। युवाओं को रोजगार नहीं मिल रहा। हिमाचल प्रदेश हारने के बाद भारतीय जनता पार्टी कर्नाटक भी गंवा चुकी है। 2024 के चुनाव में जनता बीजेपी का सफाया करेगी। इस मौके पर जिलाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह यादव, जिला महासचिव चैधरी मंजर यार, नगर पालिका अध्यक्ष राजकुमार मौर्या, वीरेंद्र यादव, फूल सिंह मौर्या, जगदीश उर्फ जालिम सिंह, जेपी यादव, सोनू लोधी, ओवैस फारूकी, दीपक यादव, लालू मौर्या, रामानंद मौर्या, शिवधेश मौर्या, अवधेश मौर्या, धीरेंद्र मौर्य आदि रहे।

# अज्ञात शव बरामद, पुलिस कर रही जॉच

**जन एक्सप्रेस । खागा, फतेहपुर।**



तहसील क्षेत्र के विभिन्न थाना क्षेत्रो मे शवो के मिलने का सिलसिला रुकने का नाम नही ले रहा। अभी हाल ही मे अज्ञात युवती का शव हाईवे किनारे खागा कोतवाली क्षेत्र मे मिला था जिसकी गुत्थी अब तक नही सुलझ पायी। वही किशनपुर थाना क्षेत्र मे एक युवक का शव बरामत हुआ है। जिसकी पहचान पही हो सकी। जानकारी के अनुसार किशनपुर थाना क्षेत्र के ब्योटी गांव में गांव के बाहर अज्ञात युवक का शव ग्रामीणो की सूचना पर थाना पुलिस ने बरामत किया। युवक का शव होने की सूचना पर गांव में मचा हड़कंप गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर मृतक की पहचान कराने का प्रयास करती रही लेकिन पहचान नही हो सकी तो शव को पोस्ट मार्टम हेतु भेज दिया। युवक की उम्र लगभग 20 से 22 वर्ष नीली शर्ट व पैन्ट पहने है। जिसके सिर पर चोट के निसान है। जिससे ऐसा लगता है कि युवक के साथ मारपीट किया गया है। जिसके चलते मृतक की मौत हो गयी और हत्यारे शव को गॉव के बाहर फेक कर फरार हो गये।

# जिला जेल का औचक निरीक्षण



**जन एक्सप्रेस । फतेहपुर**

जनपद न्यायाधीश, जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने संयुक्त रुप से जिला कारागार का औचक निरीक्षण किया गया। संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। कारागार निरीक्षण के दौरान कैदी बैरको सहित भोजनालय आदि का निरीक्षण किया गया। बैरको मे बंदी कैदियो से भोजन आदि के सम्बन्ध मे पूछ-ताछ करके यथा स्थिती जानने का प्रयास किया गया। वहीं भोजनालय मे भोजन सामग्री सहित भोजन का निरीक्षण किया गया और आवश्यक निर्देश दिया गया। इस मौके पर जेल अधीक्षक, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली और अन्य सम्बन्धित अधिकारी-कर्मचारीगण मौजूद रहे।

## गांजा के साथ एक कारोबारी गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक वृन्दा शुक्ला के निर्देश पर मादक पदार्थों की तस्करी एवं विक्री की रोकथाम के लिए चलाये जा रहे अभियान के क्रम में प्रभारी निरीक्षक सरधुवा दीपेन्द्र कुमार सिंह ने बताया कि उप निरीक्षक सत्यमपति त्रिपाठी तथा उनकी टीम द्वारा लवकुश उर्फ लल्लू उपाध्याय पुत्र गया प्रसाद निवासी चिल्लीमल को 1 किलो 300 ग्राम गांजा के साथ गिरफ्तार किया गया। आरोपी के विरूद्ध थाना सरधुवा में एनडीपीएस एक्ट के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया। गिरफ्तारी के दौरान उप निरीक्षक अनिल कुमार गुप्ता, आरक्षी अमित सिंह आदि मौजूद रहे।

# पहली झमाझम बरसात से सड़कें बनी नाले, लोग घरों में कैद

**जन एक्सप्रेस । फतेहपुर**

मानसून की झमाझम बरसात से जहॉ किसानो के चेहरो मे मुस्कान लौट आयी वही लोगों को गर्मी से राहत मिल गयी लेकिन पानी के निकास की सही व्यवास्था न होने से लोगो के सामने जलभराव की समस्या खड़ी हो गयी है। पहली ही बरसात में नगर पंचायत क्षेत्रो सहित नगर पालिका की नाला सफाई का दावा व नाला निर्माण के दावों की हवा निकल गयी।

प्हली ही बरसात में ही शहर कस्बो की सड़के जलमग्न होने से मोहल्ले टापू जैसी बने हुए नजर आने लगे। मानसून सत्र की पहली बरसात हुई, हल्की बारिश में ही नालियों से बहने वाला पानी सड़को पर दिखाई देन लगा।

इसी के साथ नगर पालिका परिषद की नाला सफाई व्यवाथा व नये नाला निर्माण का दावा हवा हवाई साबित होने लगा। बारिश की वजह से रस्तोगी गंज कटरा अब्दुल गनी आदि मोहल्लों का पानी सदाशिव सिनेमा जाने वाली रोड पर, इसी तरह जीटी रोड स्थित लक्ष्मी टाकीज के समीप, आर्य समाज आदि रोडो पर जलजमाव होने की वजह से सड़के पानी से लबालब भर गई। जिससे आम जनजीवन ठप हो गया। सड़को से गुजरने की कोशिश में दो पहिया वाहनों के इंजन बन्द होने की दशा में धक्के लगाने पड़े। वही पैदल निकलने वालो को घुटने भर नाले व गंदगी युक्त पानी के बीच से होकर जाने को मजबूर होना पड़ा। मोहल्लों की गलियों का हाल तो और भी बुरा था। बरसात का पानी भरने की वजह से लोगो को अपने गंतव्यों तक जाने के लिये गंदे पानी बीच से जाने या फिर पानी निकलने तक सड़को पर ही इतंजार करना पड़ा। इसी तरह घरों में रहने वाले लोगो को अपने जरूरी कार्यो को जलभराव खत्म होने तक टालना पड़ा। वहीं जलभराव की वजह से लोगो मे नगर पालिका के लचर रवैय्ये के प्रति गुस्सा भी देखने को मिला। लोगों का कहना रहा कि लंबे समय से नाला सफाई व नये नाला निर्माण का पालिका की ओर से दावा किया जा रहा था। पहली ही बरसात मे जलनिकासी के सारे दावे हवा हवाई साबित हो गये।

## गांजा तस्कर को पांच साल की सजा

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** 10 किला से अधिक गांजे के साथ पकडे गए तस्कर को त्वरित न्यायालय ने पांच वर्ष कठोर कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही 10 हजार रूपए अर्थदण्ड से दण्डित किया है। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता सनद कुमार मिश्रा ने बताया कि बीती 29 मई 2022 को भरतकूप थाने के तत्कालीन उप निरीक्षक शैलेन्द्र कुमार सिंह ने कांस्टेबल संतोष कुमार, अभिषेक प्रताप सिंह और नसीम खान के साथ भरतकूप बस स्टैण्ड से एक एक्सप्रेस वे की ओर जाते समय बांदा जिले के बिसण्डा थाने के गडांव गांव के निवासी विजय विश्वकर्मा पुत्र अवधेश को गिरफ्तार किया था। तलाशी के दौरान विजय के पास से 10 किलो से अधिक गांजा बैग में बरामद हुआ था। जिसके बाद पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत करते हुए आरोपी विजय विश्वकर्मा को जेल भेजा था और न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया था। बचाव और अभियोजन पक्ष के अधिवक्ताओं की दलीलें सुनने के बाद त्वरित न्यायालय के अपर जिला जज सुशील कुमार वर्मा ने इस मामले में शुक्रवार को निर्णय सुनाया। जिसमें दोष सिद्ध होने पर आरोपी विजय विश्वकर्मा को पांच वर्ष कठोर कारावास और 10 हजार रूपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।

# इग्नू में जुलाई 2023 सत्र के प्रवेश प्रारम्भ

**अपर निदेशक ने इग्नू परीक्षा केन्द्र का किया औचक निरीक्षण**

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**



इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय क्षेत्रीय केन्द्र लखनऊ के अपर निदेशक डॉ अनिल कुमार मिश्र ने शुक्रवार को गोस्वामी तुलसीदास राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में चल रही सत्रांत परीक्षा जून 2023 का औचक निरीक्षण किया। दो सत्रों की परीक्षा में प्रथम सत्र में 9 परीक्षार्थी तथा द्वितीय सत्र में 27 परीक्षार्थी पंजीकृत थे। अपर निदेशक डा अनिल कुमार मिश्र ने गोस्वामी तुलसीदास राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय चित्रकूट स्थित इग्नू अध्ययन केन्द्र के समन्वयक, सह समन्वयक तथा महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ विनय कुमार चैधरी के साथ दूरस्थ एवं मुक्त शिक्षा प्रणाली के सम्बन्ध में व्यापक चर्चा की। वर्तमान में 300 से अधिक पाठ्यक्रम इग्नू द्वारा संचालित किये जा रहे हैं। इनमें डिप्लोमा एवं सर्टिफिकेट कोर्स, स्नातक एवं परास्नातक डिग्री तथा परास्नातक डिप्लोमा कोर्स सम्मिलित हैं।

अपर निदेशक डा अनिल कुमार मिश्रा ने बताया कि इग्नू की प्रवेश नीति जब चाहो तब प्रवेश पाओ के अन्तर्गत दो प्रवेश सत्रों- जनवरी एवं जुलाई के दौरान छात्र कभी भी प्रवेश ले सकते हैं। सामान्य कार्यक्रमों में प्रवेश के लिए किसी भी प्रकार की न्यूनतम् अंकसीमा, अधिकतम् आयु सीमा की बाध्यता नहीं है। उन्होंने कहा कि छात्र अपनी सुविधा, समय और स्थान के अनुसार अध्ययन कर सकते हैं। इग्नू का यह प्रयास है कि हर गांव से कम से कम पांच पुरुष और महिलाएं उच्च शिक्षा से जुड़ें। इस कार्य में इग्नू की शिक्षण पद्धति का अन्तर्निहित लचीलापन सहायक सिद्ध होता हैं। उन्होंने बताया कि जुलाई 2023 में इग्नू में बीए, बीएससी, बीकाम कार्यक्रमों में प्रवेश लेने वाले अनुसूचित जाति, जनजाति के अभ्यर्थियों को निःशुल्क प्रवेश दिया जा रहा है। नई शिक्षा नीति के अन्तर्गत अब विद्यार्थी दो डिग्री कोर्स एक साथ कर सकते हैं। इनमें एक फेस टू फेस मोड में तथा दूसरा इग्नू की दूरस्थ शिक्षा के माध्यम से अथवा दोनो कोर्स इग्नू के माध्यम से भी किये जा सकते हैं और यह दोनो कोर्स वैध हैं।

इस मौके पर समन्वयक डॉ धर्मेन्द्र सिंह, सह समन्वयक डॉ अमित कुमार सिंह आदि मौजूद रहे।

## नमामि गंगे योजना के पाइप चोरी करने वाले दो गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला के निर्देश पर अपराध पर अंकुश लगाने के लिए अपराधियों के विरुद्ध की जा रही कार्यवाही के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी एवं क्षेत्राधिकारी मऊ राजकमल के पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष मारकुण्डी अनिल कुमार तथा उनकी टीम द्वारा जल जीवन मिशन की पाइप चोरी करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। भारत सरकार की महत्वाकांक्षी योजना जल जीवन मिशन के अंतर्गत हर घर नल जल पहुंचाने की योजना से सम्बन्धित डीआई पाइप चोरी के सम्बन्ध में थाना मारकुण्डी में बीती 12 मार्च को पंजीकृत मुकदमे से सम्बन्धित विवेचना से प्रकाश में आये पाइप चोरी करने वाले एक अन्य गिरोह का पर्दाफाश करते हुए पाइप चोरी करने वाले दो आरोपी भूपेन्द्र गिरी पुत्र नवरत्न गिरी निवासी रूठा थाना जहांगीराबाद व अजय गिरी पुत्र गोविन्द गिरी निवासी महेशपुर थाना औरंगाबाद को थानाध्यक्ष मारकुण्डी व उनकी टीम द्वारा करौंहा तिराहा से गिरफ्तार किया गया। मुकदमे से सम्बन्धित चोरी की संपूर्ण पाइप पूर्व में वाहन सहित बरामद की जा चुकी है। गिरफ्तारी के दौरान आरक्षी सचिन यादव, शिवलाल, संदीप राजपूत आदि मौजूद रहे।

# सहायक निदेशक ने मछली बाजार में की छापेमारी, 5.92 कुन्तल मछली बरामद

**जन एक्सप्रेस । फतेहपुर**

15 जून से 15 अगस्त तक मछलियों की प्रजनन अवधि होती है। जिसके चलते प्रति वर्ष की भॉति मत्स्य विभाग द्वारा मछलियों के शिकार पर प्रतिबंध लगा दिया जाता है। मत्स्य विभाग द्वारा मछलियों के परिवहन पर भी सख्त नजर रखी जा रही है। बीते कई सालों से देखने को मिल रहा है कि मछलियों के प्रजनन काल में क्षेत्र के नदी नालों और गंगा जमुना तट हाथों पर मछुआरों द्वारा बड़ी तादाद में मछली का शिकार करने विक्रय किया जाता है।

जिसकी आड़ में मत्स्य विभाग के अधिकारी भी इसका लाभ उठाने में नहीं चूक रहे बताया जाता है आज शाम मत्स्य विभाग के सहायक निदेशक ने चौडगरा मछली मंडी मे छापा मारा जिससे मंडी में हड़कंप मच गया। इस दौरान मछली व्यापारियों ने मत्स्य विभाग के सहायक निदेशक पर सीधा आरोप लगाते हुए कहा दो-तीन दिन पूर्व मछली बेचने के आश्वासन पर मोटी रकम भेंट किया गया है। सहायक निदेशक गिरीश चंद्र यादव के अनुसार 5 कुंटल 92 किलो बताया गया है जिसकी नीलामी 90000 से लेकर 1,12000 तक उठ गई जिसे मौहर के अमित गौड़ ने लिया। हालांकि इस दौरान स्थानीय लोगों ने इसका विरोध करते हुए कहा कि यही अधिकारी जब दो दिन पूर्व मछली व्यापारियों से पैसा लिए तब उन्होंने क्यों नहीं कार्यवाही किया।

## बदहाल है एंबुलेंस सेवा

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** उत्तर प्रदेश में 108, 102 एंबुलेंस संचालन का जिम्मा जीवीके इएमआरआई संस्था को मिला हुआ है। वर्तमान में जनपद में 15 एंबुलेंस 102, 14 एंबुलेंस 108 कार्यरत है। नियमानुसार सभी एंबुलेंस पर दो ड्राइवर व दो इमरजेंसी मेडिकल टेक्नीशियन 12-12 घंटे की ड्यूटी पर होते हैं। वर्तमान में 30 प्रतिशत 102 एंबुलेंस में ईएमटी ही नहीं है और 50 प्रतिशत एंबुलेंस में केवल 2 स्टाफ कार्यरत हैं जबकि प्रत्येक एंबुलेंस पर 4 स्टाफ होना चाहिए। यदि कोई स्टाफ संस्था के खिलाफ बोलता है तो उसको नौकरी से निकाल दिया जा रहा है।

# सिलौटा मुस्तकिल प्लांट से एक हफ्ते में पहुंचाया जाए पेयजल: डीएम

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**



जिलाधिकारी अभिषेक आनंद की अध्यक्षता में जल जीवन मिशन के अंतर्गत चल रहे कार्यों की समीक्षा बैठक शुक्रवार को जिलाधिकारी सभागार में हुई। बैठक में सिलौटा मुस्तकिल व चांदी बांगर के कार्यों में डब्ल्यूटीपी, इंटकवेल, सीडब्ल्यूआर, ओएचडी आदि बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा हुई। जिलाधिकारी ने प्रोजेक्ट मैनेजर से इंटकवेल, डब्ल्यूटीपी, सीडब्ल्यूआर के सम्बन्ध में कहा कि जो कार्य अधूरे हैं, उसे जुलाई तक पूर्ण कराएं। उन्होंने प्रोजेक्ट मैनेजर जितेंद्र तिवारी को निर्देशित किया कि सिलौटा मुस्तकिल प्लांट से एक हफ्ते में पेयजल पहुंचाए। कहा कि एक प्लान बनाकर सुबह शाम प्रतिदिन निर्धारित समय पर पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित कराएं। उन्होंने कहा कि जो पाइपलाइन सड़कों से होकर बिछाई जा रही है, उस टूटी सड़क को सही से बनवाएं। नालियां टूट गई है, उसको भी सही कराएं। उन्होंने कहा कि यह भारत सरकार व उत्तर प्रदेश सरकार के महत्वपूर्ण योजना है। इसमें श्रम शक्ति बढ़ाकर समय सीमा के अंदर गुणवत्तापूर्ण कार्य कराएं। इस मौके पर अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे सुनंदू सुधाकरन, सिंचाई एक्सियन संजय गुप्ता, परियोजना प्रबंधक अभय नारायण सिंह आदि मौजूद रहे।

# विधवा बहन के घर से जेवर उड़ा ले गया भाई

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**



विधवा बहन ने भाई पर घर से जेवर और अनाज ले जाने का आरोप लगाते हुए थाने में तहरीर दी है।

भरतकूप थाना क्षेत्र के अन्तर्गत रसिन गांव की निवासी मंजूलता श्रीवास्तव पत्नी स्व बिंदा प्रसाद खरे ने बताया कि बीती 29 जून गुरूवार को बांदा में रहने वाले उसके सगे भाई प्रकाश चन्द्र श्रीवास्तव पुत्र स्व उमाशंकर श्रीवास्तव, भाभी अंजना श्रीवास्तव और भतीजी प्रगति श्रीवास्तव ने घर के अन्दर घुसकर अलमारी में रखे सोने और चांदी के जेवर ताला तोडकर निकाल लिया। साथ ही धारदार अवजार से मारने की धमकी देते हुए गाली-गलौच किया। इसके बाद दूसरे कमरे में रखा अनाज भी उठा ले गए। पीडिता ने बताया कि पूर्व में भी कई बार उनका भाई बांदा से आकर मारपीट कर चुका है और जबरन रूपए छीन चुका है। उन्होंने भरतकूप थाने में शिकयती प्रार्थना पत्र दिया है। इस सम्बन्ध में थाना प्रभारी सुबेदार बिंद ने बताया कि पारिवारिक विवाद का मामला है। दोनों पक्षों को बुलाकर न्यायोचित और नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी।

## पीएम आवास के लाभार्थियों को बांटे प्रमाणपत्र

**जन एक्सप्रेस/मऊ, चित्रकूट।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) और पीएम योजना के लाभार्थियों से संवाद स्थापित किया। पंडित पुरुषोत्तम द्विवेदी इंटर कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में मानिकपुर विधायक अविनाश चंद्र द्विवेदी और नगर पंचायत अध्यक्ष अमित द्विवेदी ने प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना एवं प्रधानमंत्री योजना के लाभार्थियों को प्रमाण-पत्र आवंटित किया। विधायक ने बताया कि नगर पंचायत में प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना के अंतर्गत पंचायत स्वीकृत डीपीआर 902 में से 693 लाभार्थियों को प्रथम किस्त की धनराशि 50,000 की जा चुकी है इस अवसर पर नगर पंचायत मऊ अधिशासी अधिकारी बालकृष्ण गौतम व डूडा से सी एल टी सी अजय कुमार पाल एवम जेई डूडा सुनील कुमार उपस्थित रहे।

# पीएम मोदी के नौ साल को बताया बेमिसाल

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के सफलतापूर्वक नौ वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में महाजनसंपर्क अभियान के अंतर्गत आयोजित सम्पर्क से समर्थन कार्यक्रम में पत्रकार बन्धुओ से भेंटकर मोदी सरकार की नौ वर्ष की उपलब्धियों एवं जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी तथा 9090902024 पर मिस्ड कॉल कराकर पार्टी द्वारा चलाये जा रहे महासंपर्क अभियान से जोड़ा।

महासम्पर्क अभियान के दौरान पत्रकारों से वार्ता के दौरान क्षेत्रीय सहमीडिया प्रभारी दीप अवस्थी ने कहा कि पीएम मोदी की नौ सालो की सरकार गरीब कल्याण के लिए समर्पित रही है। गरीब जिसने कभी सपने में भी नही सोचा था कि मेरा भी पक्का आवास होगा, उसको पक्का आवास देने का काम प्रधानमंत्री ने किया।

मुफ्त में शौचालय, बिजली, गैस के कनेक्शन के साथ गरीब के मुफ्त में इलाज की भी व्यवस्था प्रधानमंत्री ने इन नौ सालों में करने का काम किया है। मीडिया प्रभारी भागवत त्रिपाठी ने कहा कि पीएम मोदी नौ सालों में देश के अन्दर कई मुद्दे जो कई बर्षों से विवाद का कारण बने थे, उनको हल करने का काम किया। चाहे धारा 370 हो या अयोध्या में राम मंदिर निर्माण का मामला हो, सभी का हल करने का काम किया। मुस्लिम बहनों को तीन तलाक जैसे अभिशाप से मुक्ति दिलाने का काम प्रधानमंत्री मोदी ने किया।

## सत्य प्रकाश द्विवेदी बने चुनाव आयोग के मीडिया सेल के सदस्य

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**



जिला मजिस्ट्रेट अभिषेक आनन्द ने बताया कि मुख्य निर्वाचन अधिकारी उत्तर प्रदेश लखनऊ के निर्देश पर आगामी लोक सभा चुनाव 2024 के मद्देनजर जिला निर्वाचन कार्यालय में मीडिया सेल एवं सोशल मीडिया सेल का गठन किया गया है। जिसमें चित्रकूट प्रेस क्लब के अध्यक्ष सत्य प्रकाश द्विवेदी को टीम में शामिल किया गया है। गौरतलब है कि चित्रकूट प्रेस क्लब अध्यक्ष सत्य प्रकाश द्विवेदी पूर्व में हुए विधानसभा चुनाव और विधान परिषद चुनाव में भी निर्वाचन आयोग की पेड न्यूज इंक्वायरी कमेटी में शामिल रहे हैं।

# दहेज हत्या आरोपित पति-पत्नी की जमानत खारिज

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

दहेज हत्या के मामले में सत्र न्यायाधीश विष्णु कुमार शर्मा ने मृतका के सास-ससुर की जमानत प्रार्थना पत्र निरस्त कर दिया है।

जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी श्याम सुन्दर मिश्रा ने बताया कि बीती पांच अप्रैल 2023 को कर्वी कोतवाली में भइयालाल ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

पुलिस को दी गई तहरीर में भइयालाल ने बताया था कि उसने अपनी बेटी दीपा की शादी सिद्धपुर गांव के निवासी घनश्याम उर्फ शिवा पुत्र कमलेश के साथ वर्ष 2016 में की थी। चार अप्रैल 2023 को दीपा ने फोन करके बताया था कि पति घनश्याम, ससुर कमलेश और सास बेसनिया उसके साथ मारपीट कर रहे हैं और मोटरसाइकिल का पैसा न देने पर जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। इस पर वह सिद्धपुर बेटी दीपा को लेने पहुंच गया, किन्तु ससुरालीजनों ने उसे बेज्जत करके भगा दिया। इसके बाद रात में दीपा की हत्या करने के बाद फांसी पर लटका दिया गया।

पुलिस ने मामले की रिपोर्ट दर्ज करने के बाद शव का पोस्टमार्टम कराया था। इस मामले में जेल में बंद कमलेश व उसकी पत्नी बेसनिया ने अधिवक्ता के जरिए न्यायालय में जमानत प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया था। बचाव और अभियोजन पक्ष के अधिवक्ताओं की दलीलें सुनने के बाद सत्र न्यायाधीश विष्णु कुमार शर्मा ने दहेज हत्या के मामले में आरोपी पति-पत्नी के जमानत प्रार्थना पत्र निरस्त कर दिए।

**मौसम पूर्वानुमान**

**पूर्वानुमान**
भारतीय मौसम विज्ञान विभाग से प्राप्त मौसम पूर्वानुमान के अनुसार,अगले पांच दिनों में हल्के बादल छाए रहने के कारण दिनांक 30 जून से 05 जुलाई 2023 को तेज हवाओं के साथ हल्की से मध्यम बर्षा होने की संभावना है।

अधिकतम (डिग्री0से0) : 28.6 (-6.8)
न्यूनतम तापमान (डिग्री0से0) : 25.0 (-1.2)
सापेक्षिक आर्द्रता अधिकतम : 98 प्रतिशत
सापेक्षिक आर्द्रता न्यूनतम : 98 प्रतिशत
हवा की औसत गति : 4.6 कि0मी0/घंटा
हवा की दिशा- उत्तर पूर्व
वर्षा (मि0मी0) : 61.4

- कृषि मौसम वैज्ञानिक

### इस महीने न्याय का मंदिर विधायक इरफान सोलंकी और उसके गैंग का भविष्य करेगा तय

# अग्निकांड मामला : आज एमपी एमएलए कोर्ट में विवेचक की गवाही होगी आरंभ




जन एक्सप्रेस। कमलेश फाइटर

**कानपुर नगर।** सपा विधायक इरफान सोलंकी के अग्निकांड मामले में आज से कानपुर की एमपी एमएलए कोर्ट एडीजे 11 में फिर से कार्रवाई आरंभ होगी। वर्तमान समय में विधायक जनपद महाराजगंज की जेल में दिन और रात में काट रहा है उसका भूमाफिया भाई रिजवान सोलंकी समेत अन्य अग्निकांड के आरोपी कानपुर नगर की जेल में निरुद्ध हैं।

आपको बताते चलें कि बीते वर्ष 8 नवंबर 2022 को सपा विधायक इरफान सोलंकी और उसके भूमाफिया भाई रिजवान सोलंकी समेत अन्य के विरुद्ध बेवा नजीर फातिमा के झोपड़े को जलाने के आरोप में कोतवाली जाजमऊ में गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया था। जिसके बाद पुलिस की गिरफ्त से बचने के लिए विधायक और उसका भूमाफिया भाई शहर से फरार हो गए लेकिन ज्यादा समय तक फरार नहीं रह सके और उन्हें आत्मसमर्पण करना पड़ा। जिसके बाद दोनों भाइयों को जेल भेज दिया गया था उसके बाद से अभी तक दोनों भाई कानपुर नगर और महाराजगंज की जेल में दिन और रात काटने पर मजबूर ।



#### विवेचक की आज शुरू हो सकती है गवाही

अग्निकांड मामले में आज विवेचक अशोक कुमार दुबे की गवाही एमपी एमएलए कोर्ट एडीजे 11 में आरंभ हो सकती है! कानपुर कचहरी में अब यह चर्चा आम है कि अगर विवेचक की गवाही खत्म हो गई तो उसके बाद शायद किसी और की गवाही नहीं होगी। सीआरपीसी की धारा 313 की कार्रवाई होने के पश्चात कोर्ट का निर्णय भी इसी माह में सामने आ सकता है।

#### अन्य मामलों में भी ट्रायल हुआ तेज

सपा विधायक इरफान सोलंकी और उसके भूमाफिया भाई रिजवान सोलंकी के विरुद्ध अग्निकांड के मामले के अलावा भी लगभग आधा दर्जन मुकदमे विभिन्न मामलों के दर्ज किए गए हैं। मिल रही जानकारी के अनुसार कई मुकदमों में ट्रायल आरंभ हो चुका है और बहुत तेजी से ट्रायल हो रहा है।

**फास्ट फॉरवर्ड**

### भीम आर्मी संस्थापक चंद्रशेखर पर हमले की उच्च स्तरीय जांच के लिए राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन सौंपा



जन एक्सप्रेस/कानपुर नगर। भीम आर्मी संस्थापक चंद्रशेखर पर देवबंद सहारनपुर में जानलेवा हमले पर उच्च स्तरीय जांच के लिए और दोषियों को तुरंत गिरफ्तार कर सजा दिए जाने के लिए और चंद्रशेखर को जेड श्रेणी की सुरक्षा देने के लिए शुक्रवार को 'संविधान बचाओ–संयुक्त मंच' द्वारा राष्ट्रपति को सम्बोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को दिया गया। मंच के सह–संयोजक गोविन्द नारायण ने बताया कि प्रदेश मे दलितो के साथ बढ़ते जा रहे अत्याचारो को रोकने मे प्रदेश की सरकार विफल रही है यही कारण है पिछले कई महीनो से दलितो की हत्याये हुये और अपराधी पकड़े नही गये जिससे अपराधियो का हौसला बुलंद है। जो भी दलितो व जनवादी अधिकारो की आवाज उठाता है उन लोगो को कुछ देश के आतंवादी द्वारा टारगेट कर हत्याये कर रहे हैं । ज्ञापन देने में चमन खन्ना, प्राताप साहनी, हरीशंकर वर्मा, विक्की यादव, हरभजन बाल्मीकि, उमाकान्त विश्वकर्मा, धनीराव बौद्ध, शिवकुमार, सम्राट, रिंकू आदि शामिल रहे।

## जलभराव की समस्या पर विधायक ने कार के ऊपर नाव चला कर कसा तंज

### दो हजार का कटा चालान



जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर

बारिश में कानपुर की सड़कों पर हो रहे जलभराव के विरोध में सपा विधायक अमिताभ बाजपेई ने अनूठा तरीका निकाला, जलभराव के विरोध में विधायक ने अपनी कार के ऊपर नाव बांधी और चप्पू लेकर उसे नाव पर सवार हो गए शहर में कई स्थानों पर कार के ऊपर रखे नाव पर बैठकर निकले, सपा विधायक को जिसने भी देखा वही अचंभे में पड़ गया सपा विधायक अमिताभ बाजपेई ने कहा है कि कानपुर में पहले दौर की बारिश से जिस तरह से जगह-जगह जलभराव हो रहा है उससे हर कोई परेशान है जूही खलवा पुल पर जलभराव में डूब कर एक युवक की मौत भी हो गई थी। सपा विधायक ने नगर निगम अधिकारियों को बेअसर में बताते हुए कहा है कि पिछले दिनों तरणताल खोलने के लिए उन्होंने आंदोलन भी किया था लेकिन अभी तक अधिकारी तरणताल तो नहीं खोल पाए लेकिन शहर की सड़कों पर जगह-जगह स्विमिंग पूल बना दिया।

उन्होंने कहा है कि इस तरह से विरोध जताकर वह शहर की जनता को जागरूक कर रहे हैं कि वह जब सड़क पर निकले तो हेलमेट के साथ-साथ लाइफ जैकेट भी लेकर निकले विधायक ने कहा है कि जिस तरह के हालात हैं उससे लगता है कि जल्द ही यहां पर जल परिवहन की व्यवस्था के बारे में सोचना पड़ेगा। वही विधायक के इस जनहित वाले अनोखे प्रदर्शन के बाद उनकी गाड़ी का कानपुर की ट्रैफिक पुलिस ने 2000 का चालान भी काटा है।

## 10 दिन का समय, नहीं जागे तो लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता का करेंगे घेराव : विनोद गुप्ता

जन एक्सप्रेस। अरूण कुमार

वार्ड 91 हरिहरनाथ शास्त्री नगर के क्षेत्र की जनता पिछले 1 वर्ष से जलभराव की समस्या से जूझ रही है। क्षेत्रीय नागरिकों द्वारा बार-बार इस समस्या को लेकर सभी जिम्मेदार अधिकारियों को अवगत कराया गया। जिसके बाद भी कोई कार्यवाही नहीं की गई। ना समस्या का हल निकाला गया। जिससे आक्रोशित होकर क्षेत्रीय जनता व क्षेत्र के पार्षद विनोद गुप्ता और वार्ड 69 के पार्षद अरविंद यादव जिम्मेदार अधिकारियों के कानों तक बात पहुंचाने के लिए धरने पर बैठ गए। पार्षद विनोद गुप्ता ने बताया कि लोक निर्माण विभाग द्वारा




15 करोड़ रुपए की लागत से डबल पुलिया से लेकर लोहारन भट्ठा तक नाली का निर्माण कराया गया था। लोक निर्माण विभाग द्वारा बनाई गई दोनों ओर की नालियों को किसी बड़े नाले से नहीं जोड़ा गया। जिसके कारण नालियों का गंदा बदबूदार पानी सड़कों पर भर जाता है। जिससे सड़क दुर्घटना बढ़ रही है। तथा बरसात में तो यह पानी घरों में भी घुस जाता है। जिसके कारण बस्तियों में बीमारियों का संकट उत्पन्न हो रहा है। साथ ही दोनों पार्षदों ने ए सी एम 6 को ज्ञापन सौंपा और यह भी बताया कि अगर 48 घंटे के भीतर समस्या का समाधान करने हेतु संबंधित विभाग को निर्देशित नहीं किया जाता है। तो 10 दिन बाद हम पूरे क्षेत्र की जनता के साथ लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता का घेराव करेंगे। मौके पर थाना काकादेव के एसएचओ विनय शर्मा फोर्स के साथ मौजूद रहे।

## दो चेन स्नेचरों को महिलाओं की चेन छीनना पड़ा भारी, हुई पिटाई





जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर

बीते दिन शुक्रवार को थाना सीसामऊ क्षेत्र में दो चेन स्नेचरों को महिलाओं की चेन छीनना भारी पड़ गया जनता ने बीच सड़क पकड़कर उन्हें पहले जमकर पीटा और फिर पुलिस के हवाले कर दिया। कानपुर पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया है कि थाना सीसामऊ क्षेत्र से दो चेन स्नैचर अनुपम पुत्र सूर्यपाल निवासी लंगरपुर थाना पुरवा जिला उन्नाव और अंशु द्विवेदी पुत्र अनिल कुमार द्विवेदी निवासी 132 तुलसी नगर पहाड़पुर एमपी इंटर कॉलेज सागर पुर रोड थाना बिधनू कानपुर नगर को गिरफ्तार किया गया है उनके पास से टूटी हुई चेन बरामद हुई है।

### अधेड़ पारिवारिक कलह के चलते फांसी पर झूला

जन एक्सप्रेस/कानपुर नगर। घाटमपुर कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत गृह कलह के चलते वृद्ध ने फांसी लगाकर जान दे दी सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया जानकारी के अनुसार गिरसी गांव निवासी मुन्नालाल उम्र 60 वर्ष पुत्र जगमोहन नशे का आदी था जिसके कारण आए दिन घर में कलह होती थी जिसके चलते मुन्नू लाल ने रस्सी के सहारे फांसी लगाकर खुद को मौत की नींद सुला लिया सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेजते हुए कार्रवाई की है।

## सुगंध एवं सुरस विकास केंद्र में चल रहे पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ समापन

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर

सुगंध एवं सुरस विकास केंद्र, फजलगंज में अगरबत्ती, धूपबत्ती, हवन सामग्री एवं सुगंधी विषय पर चल रहे पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन शुक्रवार को हुआ। इस अवसर पर केंद्र प्रभारी डॉ. भक्ति विजय शुक्ला ने मन्दिरों से निकलने वाले फूलों से अगरबत्ती धूपबत्ती बनाने तथा इसके विपणन के सम्बंध में चर्चा की। नितिन सहेजी ने प्रतिभागियों को अगरबत्ती और धूपबत्ती में सुगंध का प्रयोग के बारे में बताने के साथ ही इसको बनाकर दिखलाया। कार्यक्रम के




द्वितीय सत्र में समापन समारोह का आयोजन हुआ। सभी प्रतिभागियों को केंद्र प्रभारी डॉ भक्ति विजय शुक्ला ने प्रमाण पत्र प्रदान किये। प्रशिक्षण कार्यक्रम में नितिन सहेजी, सुखदेव, सुनील अवस्थी, सुचिता अवस्थी ने अपने विचार रखे। इस अवसर पर प्रसाद सुरेश जोशी, चंदन कुमार शुक्ला, प्रकाश केडिया, ऐश्वर्य तिवारी, मृदुषी शुक्ला, मीतू दत्ता, प्रियम सुनील अस्थाना, अनुज तिवारी आदि मौजूद रहे।

## सीएसजेएमयू में मैक्लीड्स फार्मास्यूटिकल लि. की कैम्पस प्लेसमेन्ट ड्राइव का आयोजन

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर

छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय के स्कूल आफ फार्मास्यूटिकल साइंसेज तथा विश्वविद्यालय प्लेसमेन्ट सेल द्वारा बीते दिन शुक्रवार को मैक्लीड्स फार्मास्यूटिकल लिमिटेड की कैम्पस प्लेसमेन्ट ड्राइव का आयोजन किया गया। जिसमे कंपनी के प्रतिनिधियों ने बी.फार्म. एम.फार्म. एवं डी.फार्म. के अन्तिम वर्ष के छात्र-छात्राओं का साक्षात्कार लिया। जिसमें 15 छात्र-छात्राओं का चयन किया गया। विश्वविद्यालय प्लेसमेंट सेल के प्रभारी डॉ. प्रभात द्विवेदी एवं डॉ. मीनाक्षी गुप्ता ने बताया कि चयनित छात्रों में 8 बी.फार्म., 3 एम.फार्म. एवं 4 डी.फार्म. के है। कुलपति ने सभी चयनित छात्रों को शुभकामनाएं दी एवं भविष्य में होने वाली प्लेसमेंट ड्राईव के लिये छात्र-छात्राओं का उत्साह वर्धन किया।



इस अवसर पर डॉ. मीनाक्षी गुप्ता, सौरभ गुप्ता, डॉ. शषि किरण मिश्र, डॉ. ज्योति नन्दा, डॉ. अजय कुमार यादव, डॉ. निषा शर्मा आदि मौजूद रहे।

## शहर में कानून व्यवस्थाओं से जुड़ी समस्याओं को लेकर व्यापारियों ने पुलिस कमिश्नर से की मुलाकात

जन एक्सप्रेस । विनीत सिन्हा

**कानपुर नगर।** शहर की कानून व्यवस्था से जुड़ी प्रमुख व्यापारिक समस्याओं और कानून व्यवस्था को और अधिक दुरुस्त बनाने के उद्देश से बीते दिन भाजपा कानपुर - बुंदेलखंड क्षेत्र, व्यापार प्रकोष्ठ के क्षेत्रीय सह - संयोजक विनोद गुप्ता के नेतृत्व में व्यापारियों के प्रतिनिधिमंडल ने पुलिस कमिश्नर बीपी जोगदंड से कमिश्नरेट कार्यालय में मुलाकात की है।



व्यापारियों ने पुलिस आयुक्त को बताया कि व्यापारी विनय दुबे जो की अपनी सगी भतीजी की शादी करने कन्नौज से कानपुर आए मंधना में इन्होंने मैनावती मार्ग स्थित कैनबरी लान लिया जहां 23 जून की मध्य रात्रि 12 बजे के बाद 24 जून को व्यापारी की बहू अंजू दुबे व अन्य महिलाओं पर वेटरो ने होटल स्टाफ की मिलीभगत से खुजली वाला स्प्रे छिड़क कर लाखों रुपये के जेवर और नगदी लेकर भाग गए। एफ.आई.आर चोरी की धारा में दर्ज कराई गई है जबकि एफ.आई.आर में घटना कारित करने वालो में 5 लोग शामिल थे फिर भी पुलिस ने लूट का मुकदमा नहीं लिखा। पुलिस कमिश्नर ने पीड़ित की बात सुनकर दिए गए शिकायती पत्र पर पूरी नोटिंग करते हुए कहा कि लुटेरे जल्द से जल्द पकड़े जाएंगे और हम इस मामले की जांच डीसीपी क्राइम को सौंपेंगे। डीसीपी क्राइम ही आपके मामले की पूरी तफ्तीश कर घटना को अंजाम देने वाले के विरुद्ध कठोर कार्यवाही करेंगे।

विनोद गुप्ता ने कहा कि कानपुर दक्षिण में कुछ माह पूर्व भी खूब चोरियां हुई थी और दो दिन पूर्व भी मेडिकल स्टोर से चोरी की गई जिस कारण दक्षिण में विशेष चौकसी बरती जानी चाहिए, इसके अलावा मौरंग गिट्टी व्यापारियों के कुछ चालान गलत तरह से किए गए थे जिसको लेकर व्यापारी डीसीपी रवीना त्यागी से मुलाकात की । उन्होंने आश्वस्त किया था की जो भी चालान गलत हुए हैं उन्हें निरस्त किया जायेगा किंतु कई माह बीत जाने के बाद भी चालान निरस्त नही हुए बाहर से आए व्यापारियों की गाड़ी रोक कर उनका उत्पीड़न न किया जा रहा है इस संबंध में भी आए दिनों शिकायतें मिलती रहती हैं।

प्रमुख रूप से उपस्थित - नौघड़ा कपड़ा कमेटी के अध्यक्ष शेष नारायण त्रिवेदी, रोशन लाल अरोड़ा, विजय गुप्ता मार्बल, संजय गुप्ता दबौली व्यापार मंडल अध्यक्ष, पवन दुबे, अमित दोसर, पवन मिश्रा, बृज बिहारी वर्मा, राम कुमार सिंह, शीबू गुप्ता, सचिवेंद्र सिंह सेंगर आदि।

### महिला पर युवती को बंधक बना पीटने का आरोप

जन एक्सप्रेस/कानपुर नगर। चकेरी में पति से बात करने के शक में पत्नी ने युवती को फोन कर घर बुलाया और उसे बुरी तरह से पीट दिया। आरोप है कि महिला और उसके परिवार के तीन अन्य लोगों ने युवती को घर में बंधक बनाकर पीटा। इसमें उसका दांत टूट गया और जबड़ा फट गया।घटना 25 जून की है। युवती के पिता ने 27 जून को चकेरी थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस को दी गई तहरीर के मुताबिक मोहल्ले के विनय की पत्नी पुष्पा ने युवती को फोन कर विनय से बात करने का आरोप लगाकर अभद्रता की। इस दौरान युवती दिल्ली में थी वापस कानपुर आने के बाद वह 25 जून की शाम करीब सात बजे विनय के पास पहुंची। इसके बाद पुष्पा से बात करने के लिए वह स्कूटी से उनके घर गई। हालांकि पुष्पा घर पर नहीं थीं। आरोप है कि वहां से लौटते समय विनय के भतीजे ओम उत्तम ने स्कूटी रोक ली। गेट बंद कर लातों–घूसों से पीटा इसके बाद अपने घर की ओर ले गए। वहां पहुंचते ही विनय के भाई विपिन उत्तम, विपिन के बेटे ओम उत्तम, पुष्पा व विपिन की पत्नी ने उसे पीटना शुरू कर दिया। इसके बाद उसे घसीटते हुए घर के अंदर ले गए और गेट बंद कर लातों–घूसों से मारा। गला दबाने का भी प्रयास किया।

## डूडा के अधिकारियों एवं कर्मचारियों से मिलकर ठगी का गैंग चलाने वाला गिरफ्तार, मुकदमा दर्ज

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर

शासन की तरफ से गरीबों को आवंटित किए जाने वाले आवास में बड़ी धांधली का खुलासा हुआ है यह खुलासा भी तब हुआ जब विकास भवन स्थित डूडा के कार्यालय में एक ठग को पकड़ा गया। इसके पास से बैग में सैकड़ों फर्जी पट्टे आवंटन पत्र फर्जी शासकीय मुहावरों के अलावा एक डायरी बरामद हुई है जिसमें लाभार्थियों से करोड़ों के लेनदेन की डिटेल भी मिली है। मामला खुलने के बाद डूडा के परियोजना निदेशक ने इसकी जानकारी विधायक महेश त्रिवेदी और डीएम को दी इसके बाद आरोपी युवक को नवाबगंज पुलिस के सुपुर्द किया गया।

माना जा रहा है कि इस पूरी धांधली के पीछे एक बड़ा गिरोह हो सकता है बताया जा रहा है कि आरोपी युवक पिछले 2 साल से फर्जीवाड़ा कर रहा था और एक लाभार्थी से 40 से 50हजार की धांधली करता था।



शासन की तरफ से गरीबों के लिए चलाई जा रही योजना के तहत आवासों का आवंटन ढूंढा की तरफ से होता है शुक्रवार को डूडा के परियोजना निदेशक के पास कुछ लोग मिलने आए थे इसके बाद जब वह लोग बाहर जाने लगे तो कार्यालय में मौजूद 2 लोगों ने उन्हें रोक लिया यहीं पर दोनों उनसे कुछ बातचीत करने लगे डूडा के परियोजना अधिकारी तेज प्रताप ने बताया कि उनके विभाग का कर्मचारी दीपेंद्र सिंह जब गैलरी में गया तो देखा कि दो शख्स वहां पर कई लोगों से बातचीत कर रहे हैं इस पर उसे शक हुआ तो इन दोनों युवकों को बैग को खोल कर देखा गया तो सभी के होश उड़ गए युवक के बैग में फर्जी सैकड़ों आवंटन पत्र और आधार पैन कार्ड की फोटो कॉपी बैंक की रसीद ए आदि मिली है। इस पर एक युवक तो मौके से भाग गया लेकिन जो युवा पकड़ में आया है उसने परियोजना अधिकारी के पास लाया गया आवास आवंटन योजना में धांधली का मामला सामने आने पर परियोजना अधिकारी ने डीएम विशाख जी को और महेश त्रिवेदी को इसकी जानकारी दी है मौके पर पहुंचे विधायक में जब पूछताछ की तो युवक ने अपना नाम शिवकटरा लाल बंगला निवासी योगेंद्र यादव बताया है इसके साथ जो युवक था उसका नाम राजेंद्र बताया मौके से फरार होने के बाद राजेंद्र ने अपना मोबाइल भी बंद कर लिया है। जिलाधिकारी की सूचना पर विकास भवन में नवाबगंज पुलिस भी पहुंच गई परियोजना अधिकारी ने बताया कि सैकड़ों की संख्या में फर्जी पट्टे शासन की पर्ची मोरे कैसे बनवाई इसके बारे में पुलिस पूछताछ में सब कुछ सामने आएगा वही विधायक महेश त्रिवेदी ने इसके पीछे बड़ा गिरोह होने की आशंका व्यक्त की है विधायक ने आशंका जताई है कि इसमें विभाग के कर्मचारी की भी मिलीभगत हो सकती है परियोजना अधिकारी ने नवाबगंज थाना में मुकदमा दर्ज करने के लिए प्रार्थना पत्र दिया है।

# 'रावण को जब भी मारेंगे, अमेठी के ठाकुर ही मारेंगे'

## पुलिस ने सोशल मीडिया पर वायरल हुई पोस्ट का लिया संज्ञान, पुलिस हिरासत में यूजर

**जन एक्सप्रेस। अमेठी**

आजाद समाज पार्टी के अध्यक्ष और भीम आर्मी के प्रमुख चंद्रशेखर रावण पर बुधवार को हुए जानलेवा हमले के बाद अमेठी में सोशल मीडिया पर विवादित पोस्ट वायरल हुआ है। जिसे लेकर पुलिस पूरे मामले की जांच में जुट गई है। क्षत्रिय आफ अमेठी के नाम से फेसबुक आईडी से पोस्ट पर लिखा गया है, कि चंद्रशेखर रावण को जिस दिन भी मारेंगे,अमेठी के ठाकुर मारेंगे वह भी बीच चौराहे पर। वहीं हमले के बाद एक दूसरी पोस्ट में लिखा गया है कि बच गया सा....? अगली बार नहीं बचेगा। दरअसल क्षत्रिय ऑफ अमेठी के नाम से बनाए गए एक फेसबुक पेज से एक पोस्ट की गई थी। पोस्ट में भीम आर्मी के संस्थापक और आजाद समाज पार्टी के अध्यक्ष चंद्रशेखर रावण को लेकर विवादित पोस्ट में लिखा गया कि चंद्रशेखर रावण को जिस दिन भी मारेंगे अमेठी के ठाकुर मारेंगे,वह भी दिनदहाड़े बीच चौराहे पर। वहीं चंद्र शेखर पर हुए हमले के बाद उसी फेसबुक आईडी से एक और पोस्ट की गई और लिखा गया कि भीम आर्मी प्रमुख चंद्रशेखर रावण पर जानलेवा हमला हुआ और रावण की कमर में लगी गोली। बच गया सा....? अगली बार नहीं बचेगा। जिसके बाद यह दोनों पोस्ट सोशल मीडिया पर खूब वायरल होने लगी है। फेसबुक आईडी यूजर की तलाश व जांच पड़ताल में अमेठी पुलिस जुट गई।

वायरल हो रहे इस पोस्ट से कानून व्यवस्था के दृष्टिगत अज्ञात व्यक्ति के विरुद्ध थाना गौरीगंज जनपद अमेठी पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया। जिस संबन्ध में जांच,विवेचना के दौरान प्रकाश में आये एक व्यक्ति विमलेश सिंह उम्र करीब 30 वर्ष को पूछताछ हेतु हिरासत में लिया गया। पुलिस क्षेत्राधिकारी गौरीगंज मयंक द्विवेदी ने बताया कि प्रथम दृष्टया पूछताछ के दौरान हिरासत में लिए गए व्यक्ति का सहारनपुर में भीम आर्मी प्रमुख पर हुए हमले की घटना से संबन्ध होना नहीं पाया गया। शांति व्यवस्था बनाये रखने हेतु विमलेश सिंह के विरुद्ध निरोधात्मक कार्यवाही की गई है। प्रकरण में जांच के दौरान किसी नये तथ्य के प्रकाश में आने पर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जायेगी।

# सहकर्मी लिपिक पर शोषण और अभद्रता का आरोप

**जन एक्सप्रेस। अमेठी**

जिला मुख्यालय गौरीगंज एसपी आवास के सामने स्थित सरकारी कार्यालय में कार्यरत युवती ने अपने ही कार्यालय के सहकर्मी लिपिक पर शारीरिक शोषण का आरोप लगाया है। शोषण की शिकार युवती ने जब विरोध करने की हिम्मत जुटाई तो विभाग के जिम्मेदार वर्ग विशेष के लिपिक के बचाव में उतर आए। युवती का आरोप है कि बातचीत के दौरान लिपिक ने विधवा मां पर अभद्र टिप्पणी की है। युवती ने मामले की लिखित शिकायत अपने उच्चाधिकारियों से की है। मामला बढ़ता देख विभाग ने आरोपी के विरुद्ध कारण बताओ नोटिस जारी कर दिया गया है। मामला अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग प्रांतीय खंड कार्यालय का है। कार्यालय में तैनात एक युवती का आरोप है, कि उसके सहकर्मी ने उसका शारीरिक शोषण किया। आरोपी ने विधवा मां पर भी अभद्र टिप्पणी की। इस बाबत विभाग के वरिष्ठ अधिकारी को शिकायती पत्र दिया गया है। शिकायती पत्र में युवती ने बताया कि कार्यालय में तैनात वरिष्ठ लिपिक ने विधवा मां की शादी कराने की बात कहकर कार्यालय परिसर में ही मजाक उड़ाता है। यह बातें जब मां को पता चलीं तो वह परेशान हो गईं।वह घर में बदहवाश पड़ी हुई है। युवती ने मां के साथ अनहोनी की आशंका जताई है।

### भयभीत युवती ने कार्य करने में जताई असमर्थता

युवती का आरोप है कि इसके पहले भी आरोपी मेरे साथ गलत हरकत कर चुका है। कमरे में जबरन बंद करके अश्लील बातें की थीं और जबरदस्ती मेरा हाथ पकड़ा था। मेरे काफी विरोध के बाद भी वह घिनौनी हरकतें करता रहा। अधिकारियों से शिकायत के बावजूद कार्रवाई न होने से उसका हौसला बढ़ गया। ऐसे माहौल में मेरा यहां काम करना बेहतर नहीं है। फिलहाल इस घटना पर विभाग के अधिकारी कुछ भी बोलने को तैयार नहीं हैं। संबंधित वरिष्ठ अधिकारी से बात करने का प्रयास किया गया तो उन्होंने कहा कि अभी मैं लंच करने जा रहा हूं,थोड़ी देर में आकर इस विषय पर बात करता हूं। दोबारा वह कार्यालय लौटकर नहीं आए। दूरभाष पर संपर्क किया गया तो उन्होंने फोन स्विच ऑफ कर दिया।



### आरोपी को भेजा नोटिस

मामला गंभीर होते देख कार्यालय की ओर से आरोपी को कारण बताओ नोटिस जारी कर दिया गया है। पत्र के अनुसार आरोपी को नोटिस देकर तीन कार्य दिवस के अंदर इस आशय के साथ स्पष्टीकरण मांगा गया है। पत्र में यह भी बताया गया है कि कनिष्ठ सहायक के प्रति अमर्यादित व्यवहार किया जाता रहा है। जिससे माहिला सम्मान को ठेस पहुंची है। जो कर्मचारी आचरण नियमावली का उल्लंघन है। तीन कार्य दिवस के अंदर स्पष्टीकरण न देने पर अग्रिम कार्यवाही हेतु प्रकरण उच्चाधिकारियों को संस्तुति करने की बात भी कही गई है।

# आइजीआरएस पोर्टल पर मिली शिकायतों के निस्तारण को लेकर समीक्षा बैठक

**जन एक्सप्रेस। अमेठी**

शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों के निस्तारण को लेकर बैठक आयोजित हुई।



बैठक में अपर जिलाधिकारी द्वारा समस्त अधिकारियों को संदर्भ की नियत तिथि से 03 दिन पूर्व गुण्वत्तापूर्ण निस्तारण करने हेतु निर्देशित किया गया। इसके अतिरिक्त जिलाधिकारी के निर्देश के क्रम में अमित विश्वकर्मा, ई.डी.एम. द्वारा आईजीआर एस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों का गुण्वत्तापूर्ण समयांतर्गत निस्तारण न करने वाले अधिकारीयों की सूची बैठक में उपलब्ध कराई गई।अपर जिलाधिकारी द्वारा जिलापंचायतराज अधिकारी समाज कल्याण अधिकारी, तहसीलदार मुसाफिरखाना थानाध्यक्ष गौरीगंज, अधीक्षण अभियंता, विधुत अधिशासी अभियंता सिंचाई, अधिशासी अभियन्ता जल निगम व खण्ड विकास अधिकारी शाहगढ़ को समयांतर्गत सन्दर्भो को निस्तारित करने हेतु निर्देशित किया गया। इसके अतिरिक्त माह जून में सबसे अधिक असंतुष्ट फीडबैक प्राप्त होने वाले विभाग पुलिस विभाग, कृषि विभाग, विकास विभाग व पंचायतराज विभाग को गुणवतापूर्ण निस्तारित करने हेतु निर्देशित किया गया। बैठक में जिला विकास अधिकारी तेजभान सिंह, समस्त जनपद स्तरीय अधिकारी, तहसीलदार, ब्लाक स्तरीय अधिकारी व अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# एक दिवसीय रोजगार मेले 20 अभ्यर्थियों को किया गया चयनित

**जन एक्सप्रेस। रायबरेली**

जिला सेवायोजन कार्यालय (मॉडल कॅरियर सेन्टर), परिसर रायबरेली में शुक्रवार एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ सुश्री तनुजा यादव, प्रभारी जिला सेवायोजन अधिकारी द्वारा किया गया।

सुश्री तनुजा यादव ने अभ्यर्थियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि ''युवाओं में बढ़ती हुई बेरोजगारी को ध्याान में रखते हुए उत्तर प्रदेश सरकार ने मिशन रोजगार के माध्यम से प्रदेश में रोजगार मेला आयोजित कराना सुनिश्चित किया है। जिससे प्रत्येक योग्य युवा को रोजगार का अवसर मिल सके। इस कार्य के लिए जिला सेवायोजन कार्यालय में कई निजी कंपनियों को आमंत्रित किया गया है।

प्रतिभागी अपनी योग्यता के अनुसार रोजगार का चुनाव करें व रोजगार के साथ-साथ नए अनुभव भी प्राप्त करें। तत्श्चात् कम्पनी प्रतिनिधियों द्वारा अपनी कंपनी की सेवा शर्तों के बारे में जानकारी दी गयी। साथ-साथ एमसीसी वाई0पी0 रामेन्द्र कुमार पाण्डेय द्वारा रोजगार मेले में एनसीएस पोर्टल पर निःशुल्क पंजीयन तथा कैरियर मार्गदर्शन दिया गया।

मेले में 04 कम्पनियों द्वारा साक्षात्कार की प्रक्रिया पूर्ण की गयी। जिसमें 56 अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग किया। विभिन्न पदों हेतु कुल 20 अभ्यर्थियों को चयनित किया गया। ब्राइट फ्यूचर आर्गेनिक हर्बल द्वारा-09,डॉन बोस्को टेक स्किलिंग इण्डिया (रॉयल एनफील्ड) द्वारा-04, पीपल ट्री ऑनलाइन द्वारा-03, जी0फोर0एस0 सिक्योर सॉल्यूशंस इंडिया प्रा. लि. द्वारा-04, अभ्यर्थियों को चयनित किया गया। संतोष प्रजापति सहायक रोजगार सहायता अधिकारी द्वारा कम्पनी प्रतिनिधियों का सम्मिलित रूप से धन्यवाद ज्ञापित किया गया। मंच संचालन सर्वेश राय द्वारा किया गया। कार्यालय के रामगुलाम भारतीय, धीरेन्द्र सिंह, जितेन्द्र सिंह कनौजिया, सुश्री सोनाली सोनकर, सुरेश चन्द्र द्वारा मेले के आयोजन में सहयोग प्रदान किया गया है।

## प्रेमी संग शादी मण्डप से फरार हुई दुल्हन

**जन एक्सप्रेस। रायबरेली**

जिले में शादी के मंडप से दुल्हन का दूल्हे को छोड़कर प्रेमी के संग भाग जाने का मामला सामने आया है। बताते चलें कि डलमऊ कोतवाली क्षेत्र के अन्तर्गत सेमौरी गांव के निवासी अजय कुमार पुत्र श्यामलाल उम्र लगभग 22 वर्ष की शादी गदागंज थाना क्षेत्र के आसनंदपुर से तय हुई थी, जिसके बाद दूल्हा गाजे बाजे के साथ बारात लेकर दुल्हन के घर पहुंचा, लेकिन वरमाला डालने से पहले ही दुल्हन दूल्हे को छोड़कर प्रेमी के संग फरार हो गई। प्रेमी संग फरार हो जाने की सूचना से दूल्हे ने जहरीला पदार्थ खा लिया जिसके बाद उसकी हालत गंभीर हैं जिसे लखनऊ के ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया है।

# आदि कैलाश ओम पर्वत की यात्रा करके लौटे जत्थे का हुआ भव्य स्वागत

**जन एक्सप्रेस। सुलतानपुर**

तिब्बत एवं नेपाल सीमा से लगा हुआ उत्तराखंड के पिथौरागढ़ जिले में चारों तरफ से गगन चुम्बी पहाड़ियों से घिरा लिपुलेख दर्रे के करीब आदि कैलाश ओम पर्वत शिखर कैलाश मानसरोवर मार्ग में पड़ने वाला एक पवित्र तीर्थ स्थल है जिसकी यात्रा बड़े ही दुर्गम मार्ग से होती ई है। स्कंद पुराण के अनुसार भगवान शिव माँ पार्वती से विवाह करने के लिए रास्ते में आदि कैलाश में रुके थे। हिंदू पौराणिक कथाओं के अनुसार भगवान शिव, उनकी पत्नी पार्वती और उनके दोनो पुत्र गणेश और कार्तिकेय यहीं पहाड़ों में निवास करते हैं जिन्हें भौतिक रूप में नहीं देखा जा सकता परन्तु वे यहाँ अपने सूक्ष्म दिव्य रूप में निवास करते हैं इसीलिए आदि कैलाश पर्वत शिखर को उनका पार्थिव धाम कहा जाता है। सुल्तानपुर से यह यात्रा शंकरलाल कैलाशी के नेतृत्व में 19 जून को शुरू हुई और तमाम दिक्कतों का सामना करते हुये सकुशल 29 जून को वापसी हुई। जिसका नगरवासियों द्वारा रेलवे स्टेशन पर भव्य स्वागत किया गया। यात्रा में शंकरलाल कैलाशी, अवधेश गुप्ता, सेनजीत कसौधन दाऊ, रवि कसौधन, रजनीश बरनवाल, अंकित अग्रहरि, शैलेंद्र अग्रहरि, दुर्गेश मोदनवाल, पवन अग्रहरि शामिल रहे।



# पत्रकारहित सर्वोपरि, राष्ट्रीय पत्रकार संघ नहीं करेगा पत्रकारों में भेदभाव: जिलाध्यक्ष

**जन एक्सप्रेस। सुलतानपुर**

पत्रकारहित सर्वोपरि है, इसमें किसी भी तरह का कोई समझौता नहीं होगा। हमारे लिए सभी पत्रकार सम्मानित हैं। हम सभी विचारधारा और संगठन को साथ लेकर चलने विश्वास रखते हैं। पत्रकारों के बीच मे किसी भी तरह का भेदभाव नहीं करते, सम्मान की इस लड़ाई में सभी साथी एकजुट हों। यह बातें राष्ट्रीय पत्रकार संघ भारत के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष राकेश तिवारी ने सम्मान कार्यक्रम के दौरान कही।



राष्ट्रीय पत्रकार संघ भारत की एक बैठक बढ़ैयाबीर स्थित जिला कार्यालय पर हुई। जिसमे जिलाध्यक्ष राकेश तिवारी, महासचिव श्रीकृष्ण पाण्डेय, जिला कोषाध्यक्ष पंकज पाण्डेय, वरिष्ठ संगठन मंत्री पवन मिश्र, ऑडिटर मनोज मिश्रा समेत अन्य पदाधिकारियों का सम्मान किया गया। जिला कार्यकारिणी ने राष्ट्रीय अध्यक्ष जगदीश सिंह के प्रति आभार जताया। इस अवसर पर उपस्थित सभी पत्रकारों ने बारी बारी से पत्रकारों की समस्याओं पर प्रकाश डाला। महासचिव श्रीकृष्ण पांडेय ने कहा कि पत्रकारों के लिए रात दिन एक कर के उनके हक की लड़ाई लड़ते रहता हूं तथा आगे भी लड़ते रहूंगा। कोषाध्यक्ष पंकज पांडेय ने कहा कि राष्ट्रीय पत्रकार संघ भारत कई प्रदेशों में फैल चुका है। तथा इसकी लोकप्रियता काफी बढ़ती जा रही है। संगठन मंत्री पवन मिश्र ने कहा कि पत्रकारों की किसी भी छोटी बड़ी समस्या के लिए आपका पत्रकार भाई हमेशा तत्पर रहेगा और आपकी उम्मीदों पर खरा उतरेगा। ऑडिटर मनोज मिश्र ने कहा की पत्रकार को संगठित रहना आवश्यक है, अन्यथा लोकतंत्र के चौथे स्तंभ का अस्तित्व खोने की कगार पर बना हुआ है। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष एडवोकेट अशोक शुक्ल, संजय सिंह, सचिव संतोष पाण्डेय, राहुल मिश्र, अंकित मिश्र, जिला सह सचिव राम सागर तिवारी, विवेक श्रीवास्तव, केके सिंह, मुस्तकीम मुन्ना, सर्वेश श्रीवास्तव समेत दर्जनों पदाधिकारी मौजूद रहे।

## सूचना

**नोटिस नमूना आम**
**न्यायालय श्रीमान् प्रधान न्यायाधीश प्रथम, कुटुम्ब न्यायालय, रायबरेली**
**मुकदमा संख्या-49/18**

1-श्रीमती मीरा पत्नी लवलेश पुत्री अहोरवादीन उम्र-लगभग 32 वर्ष, निवासिनी-ग्राम किशनपुर म0 रामनगर थाना मोहनगंज जिला अमेठी।
2. नेहा उम्र-7 वर्ष, नाबालिक पुत्रीगण लवलेश संरक्षिका माता श्रीमती मीरा नि0गण उपरोक्त
3. अर्चना उम्र-4 साल, नाबालिक पुत्रीगण लवलेश संरक्षिका माता श्रीमती मीरा नि0गण उपरोक्त
4. सुनैना उम्र-ढ़ाई साल, नाबालिक पुत्रीगण लवलेश संरक्षिका माता श्रीमती मीरा नि0गण उपरोक्त

**...प्रार्थिनी, याचीगण**

**बनाम**

1. लवलेश पुत्र स्व0 गजेन्द्रनाथ, निवासी-ग्राम कड़रिया, मजरे बारी गोहन्ना, थाना शिवरतनगंज, वर्तमान थाना मोहनगंज, जिला रायबरेली/जिला-अमेठी।

**...प्रतिपक्षी**

चूँकि उपरोक्त वाद में प्रार्थिनी श्रीमती मीरा ने इस न्यायालय में अं0 धारा-125 सीआरपीसी के अन्तर्गत आपके खिलाफ वाद दायर किया है जिसमें आपको सम्मन किया जाता हैं कि आप 04.07.2023 को 10 बजे अपरान्ह् कोर्ट में आप स्वयं या अपने अधिवक्ता द्वारा जो आपके द्वारा दिए गए जवाब दे सकने में सक्षम हो, कोर्ट में उपस्थित हों। अत: आपको एतद्द्वारा चेतावनी दी जाती है कि यदि आप नियत पेशी पर उपस्थित होने में असफल होते हैं, तो उक्त आवेदन की सुनवाई एकपक्षीय करके वाद निस्तारित कर दिया जायेगा।

जारी करने की तिथि

**दिनांक-30.06.2023**

**हस्ताक्षर**

**श्रीमान प्रधान न्यायाधीश प्रथम, कुटुम्ब न्यायालय, रायबरेली।**

# विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का किया गया आयोजन

**जन एक्सप्रेस। रायबरेली**

उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ तथा जनपद न्यायाधीश, अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रायबरेली तरुण सक्सेना के दिशा-निर्देशन में आज जिला कारागार, रायबरेली में निरुद्ध बंदी के देख-रेख, खान पान, रहन-सहन तथा लीगल ऐड क्लीनिक एवं बन्दियों के हितों से संबंधित मामलों के सम्बन्ध में अपर जिला जज, सचिव उमाशंकर कहार द्वारा साप्ताहिक निरीक्षण सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करते हुए किया गया।

अपर जिला जज, सचिव ने प्रभारी जेल अधीक्षक सत्यप्रकाश से जेल के अंदर कैदियों की स्थिति व रखरखाव के बाबत जानकारी लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। निरीक्षण में कुल 1274 बन्दी निरुद्ध बताये गये। सचिव ने प्रभारी जेल अधीक्षक को महिला बन्दियों के साथ रह रहे बच्चों के स्वास्थ्य की देख-भाल कराने तथा उन्हें समय से दवा आदि उपलब्ध कराने एवं बढ़ती गर्मी को दृष्टिगत रखते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।

इस अवसर पर जेल में विधिक साक्षरता शिविर का भी आयोजन किया गया। अपर जिला जजध्सचिव ने बंदियों से बात कर उनकी परेशानियों, विधिक समस्याओं एवं जेल में मिलने वाली सुविधाओं की जानकारी ली। सचिव ने बंदियों को बताया कि जेल में किसी भी प्रकार की समस्या हो तो वह जेल में स्थापित लीगल ऐड क्लीनिक के माध्यम से विधिक मदद ले सकते है।

# ओबामा, ट्रंप के बाद अब वाइडन ने भी दिया पीएम मोदी को सम्मान: सांसद मेनका गांधी

**जन एक्सप्रेस। सुलतानपुर**

ओबामा, ट्रंप के बाद अब वायडन ने भी भारत को बहुत सम्मान दिया है। विश्व पटल पर भारत उन देशों में से है कि जब यहां के लोग बोलते हैं तो दुनिया के लोग उन्हें सुनते हैं। यह बहुत ही अच्छी बात है। पूर्व केंद्रीय मंत्री व सांसद मेनका गांधी ने सुल्तानपुर में ये बातें मीडिया से कही हैं। मेनका गांधी ने मीडिया से ये भी कहा कि दुनिया के देशों के बीच जब कोई बड़ा फैसला लेना होता है तो भारत से पूछा जाता है। किसी अंतरराष्ट्रीय चुनाव में भारत की भागीदारी को देखा जाता है। भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश को अंतरराष्ट्रीय पटल पर जो यह ऊंचा स्थान दिया है। उसके लिए हम उन्हें धन्यवाद ज्ञापित करते हैं। रेप पीड़िता की मौत पर मेनका गांधी ने मीडिया से कहा बलात्कार से भी घिनौना कृत्य है ऐसे आरोपियों से पुलिस के बीच सौदेबाजी। मैंने एसपी से इस प्रकरण में वार्ता की है। ऐसे दोषी इंस्पेक्टर राघवेंद्र रावत के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए। इससे पूर्व भी सामूहिक दुष्कर्म की घटना में फंसने के बाद यह इंस्पेक्टर कादीपुर कोतवाली से हटाया गया था।



विदित हो कि बीते सप्ताह गोसाईगंज कोतवाली क्षेत्र में दो बच्चों के पिता ने एक युवती को अपनी हवस का शिकार बनाया था। बताया जाता है कि वह 2 माह से गर्भवती थी। जिस पर गोसाईगंज कोतवाली पुलिस ने आरोपियों को बुलाकर पीड़ित के साथ समझौता करा दिया था। इसी के बाद रात के अंधेरे में पीड़िता ने आत्मदाह कर लिया था। जहां लखनऊ में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई थी। मामले में किरकिरी के बाद दो बच्चों के पिता और दुष्कर्म के आरोपी सुरेश साहू को गिरफ्तार कर लिया गया। उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसे जेल भेज दिया गया।

### वन स्टाप सेंटर का किया गया निरीक्षण

**जन एक्सप्रेस/रायबरेली।** अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जनपद न्यायाधीश, रायबरेली तरुण सक्सेना के दिशा-निर्देशन में अपर जिला जज, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रायबरेली उमाशंकर कहार द्वारा वन स्टाप सेंटर का निरीक्षण किया गया। अपर जिला जज, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रायबरेली द्वारा वन स्टाप सेंटर, रायबरेली की सेंटर प्रभारी से वन स्टाप सेंटर के बारे में जानकारी ली गयी। सेन्टर प्रभारी श्रृद्धा सिंह भदौरिया द्वारा वन स्टाप सेंटर में महिलाओं के लिए उपलब्ध सुविधाओं से सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण को अवगत कराया गया। सचिव द्वारा सेन्टर प्रभारी को निर्देशित किया गया कि यदि किसी प्रकार की समस्या के सम्बन्ध में प्रार्थना पत्र प्राप्त हो तो अविलम्ब उसे कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रेषित करें।

### भाजयुमो जिला कार्यसमिति सदस्य ने किया जनसंपर्क

**जन एक्सप्रेस/सुलतानपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सेवा सुशासन और गरीब कल्याण के 9 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर लाभार्थी जनसंपर्क शुकुल दुलैचा और मैरी रंजीत ग्रामसभा में भाजयुमो जिला कार्यसमिति सदस्य अनुराग पाण्डेय द्वारा सघन जनसंपर्क किया गया। जन संपर्क में जन मानस को शासन की नीतियों और योजनाओं से अवगत कराया गया। आज जन जन के बीच योगी और मोदी की अनेक लाभकारी योजनाएं संचालित है। इस अवसर पर भाजयुमो मंडल अध्यक्ष मोतीगरपुर प्रकाश नारायण सिंह, मंडल महामंत्री आर्य विक्रम सिंह, अंशुमान, अभय आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।




# सौहार्दपूर्ण वातावरण में पूरी अकीदत के साथ मनाया गया ईद-उल-अजहा (बकरीद) का पर्व

**जन एक्सप्रेस। रायबरेली**

गुरुवार को सौहार्दपूर्ण वातावरण में व पूरी अकीदत से मनाया गया ईद उल अजहा (बकरीद) का पर्व। प्रशासन की चाकचौबंद कानून व्यवस्था के बीच ईदगाहों और मस्जिदों में अदा की गई ईद उल अजहा की नमाज। इस मौके पर भारी संख्या में पुलिस बल के साथ में जिम्मेदार आला अधिकारी मौके पर मौजूद रहे। ईद उल अजहा का त्योहार शांतिपूर्वक तरीके से मनाया गया। लोगों ने नमाज अदा करने के बाद एक दूसरे को गले लगाकर बधाई और शुभकामनाएं दीं।



इस मौके पर ईदगाह परिसर में नवनिर्वाचित नगर पालिका अध्यक्ष सत्रोहन सोनकर के साथ पूर्व चेयरमैन मोहम्मद इलियास उर्फ मन्नि के साथ तमाम प्रशासकों एवं कार्यकर्ताओं ने सभी को गले लगाकर ईद उल अजहा की मुबारकबाद दी। सबसे ज्यादा खुशी बच्चों के चेहरे पर देखने को मिली। सुबह से ही बच्चे नई नई रंगबिरांगी पोशाकों में नजर आए। सारा दिन अपने से बड़ों से ईदी (पैसे) लेते नजर आए। शहर के टाउनहॉल में लगे बच्चों के झूले झूलने के लिए सुबह से लेकर रात तक बच्चे झूला झूलते रहे और बच्चों की काफी भीड़ रही। झूले वालों की भी सहालग निकल पड़ी और अच्छी कमाई भी हो गई।

## क्यों मनाया जाता है ईद उल अजहा (बकरीद) का पर्व और क्यों दी जाती है कुर्बानी

इस्लामिक मान्यता के अनुसार हजरत इब्राहीम अलैहिसलाम एक पैगंबर गुजरे हैं, जिनको ख्वाब में अल्लाह का हुक्म हुआ कि वे अपने प्यारे बेटे इस्माईल (जो बाद में पैगंबर हुए) को अल्लाह की राह में कुर्बान कर दें। अल्लाह का यह हुक्म हजरत इब्राहीम अलैहि सलाम के लिए एक इम्तिहान था, जिसमें एक तरफ थी अपने बेटे से मुहब्बत और एक तरफ था अल्लाह का हुक्म और अल्लाह की मोहब्बत। अल्लाह सिर्फ यही देखना चाहता था कि एक बाप के लिए औलाद से बढ़कर कुछ नही और देखें की मेरे हुक्म से हजरत इब्राहिम अलैहि सलाम अपने बेटे की कुर्बानी देने को राजी होते हैं या नहीं।

तब हजरत इब्राहीम अलैहि सलाम ने सिर्फ और सिर्फ अल्लाह के हुक्म को पूरा किया और अल्लाह को राजी करने की नीयत से अपने लख्ते जिगर इस्माईल अलैय सलाम की कुर्बानी देने को तैयार हो गए।अल्लाह रहीमो करीम है और वह तो दिल के हाल जानता है। जैसे ही हजरत इब्राहीम अलैहि सलाम छुरी लेकर अपने बेटे को कुर्बान करने लगे, वैसे ही फरिश्तों के सरदार जिब्रील अमीन ने बिजली की तेजी से हजरत इस्माईल अलैहि सलाम को छुरी के नीचे से हटाकर उनकी जगह एक मेमने को रख दिया। इस तरह हजरत इब्राहीम अलैहि सलाम के हाथों मेमने के जिब्हा होने के साथ पहली कुर्बानी हुई। इसके बाद जिब्रील अमीन ने हजरत इब्राहीम अलैहि सलाम को खुशखबरी सुनाई कि अल्लाह ने आपकी कुर्बानी कुबूल कर ली है और अल्लाह आपकी कुर्बानी से राजी है। इसके बाद अल्लाह ने आनेवाली उम्मत पर कुर्बानी करना फर्ज कर दिया और हर साल ईद उल अजहा पर कुर्बानी का सिलसिला बदस्तूर जारी है। ईदुल अजहा की नमाज अदा करने वाले दिन से तीन दिनों तक कुर्बानी दी जाती है।

तापमान

| | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| लखनऊ | 38°C | 27°C |
| कानपुर | 40°C | 28°C |
| देहरादून | 33°C | 26°C |
| नई दिल्ली | 39°C | 27°C |

# आवास विकास ने सील की 2 दुकानें व्यापार मंडल ने किया विरोध प्रदर्शन

**जन एक्सप्रेस। लखनऊ**

शुक्रवार को इंदिरा नगर डी ब्लॉक इलाके में आवास विकास की टीम ने कई दुकानों को सील कर दिया। इस दौरान मौके पर उनके साथ पुलिस फोर्स भी तैनात रही। इसकी वजह से कोई विरोध न हो सके। हालांकि अभियान का विरोध भी शुरू हो गया है। उप्र आदर्श व्यापार मंडल के अध्यक्ष संजय गुप्ता के नेतृत्व में सैकड़ों व्यापारी इसके विरोध में आवास विकास का अभियान रोकन पहुंच गए।




आरोप है कि अभी कुछ दिन पहले नोटिस दिया गया था। उसके बाद अचानक सीलिंग की कार्रवाई शुरू की दी गई है। करीब 50 से ज्यादा लोग पर अभियान के लिए आवास विकास की तरफ से पहुंचे थे। अभियान की शुरुआत में ही अग्रवाल साइकिल और एक निजी पैथलाजी सेंटर को सील कर दिया गया। उसके बाद टीम एक इंपेरिया अस्पताल पहुंची। हालांकि उस दौरान संजय गुप्ता के साथ बड़ी संख्या में व्यापारी मौके पर पहुंच इसका विरोध करने लगे। विरोध के बाद आवास-विकास के अधिकारियों के साथ उनकी बात हुई और अभियान रुक गया। अभियान तो रोक दिया गया लेकिन सील की गई दुकान नहीं खुली। इसकी वजह से व्यापारियों में काफी नाराजगी है। आरोप है कि इस तरह से परेशान किया जा रहा है। संजय गुप्ता ने बताया कि नियम यह है कि मेट्रो के 500 मीटर के अंदर सीलिंग की कार्रवाई नहीं होगी, उसके बाद भी इस तरह का अभियान चला आवास विकास कारोबारियों को परेशान कर रहा है।

### 1000 लोगों को नोटिस दिया गया

जानकारों का कहना है कि आवास विकास ने अभी तक इंदिरा नगर इलाके में करीब 1000 लोगों को नोटिस दे चुका है। इसमें वह सभी लोग शामिल है, जिसने आवासीय जमीन पर कमर्शियल काम किया है। यहां तक की अगर किसी ने घर में एक छोटा सा जनरल स्टोर भी खोला है तो उसको भी नोटिस दिया गया था।

### पार्षद समेत कई लोग कर चुके विरोध

आवास विकास के खिलाफ इसको लेकर पहले भी विरोध हो चुका है। इसमें पार्षद मुकेश सिंह चौहान, व्यापार मंडल के नेता अमिताभ श्रीवास्तव समेत कई लोग विरोध कर चुके है। इंदिरा नगर अरविंदो पार्क के पास विरोध किया गया था। उसके बाद टीम वापस लौट गई थी।

# 108 महिलाओं को पिंक बसों के संचालन की मिलेगी ट्रेनिंग

## 6000 रुपए प्रतिमाह स्टाइपेंड भी मिलेगा

**जन एक्सप्रेस। लखनऊ**

योगी सरकार ने परिवहन निगम के बेड़े में शामिल पिंक बसों के लिए महिला संविदा चालकों की संख्या में वृद्धि का निर्णय लिया है। 2023-24 में 108 महिला अभ्यर्थियों को पिंक बस संचालन के लिए प्रशिक्षण का लक्ष्य रखा गया है। एक बैच को प्रशिक्षण दिया जा चुका है, जिनमें से सफल 17 अभ्यर्थिनी परिवहन निगम के 9 डिपो में 17 माह का प्रशिक्षण प्राप्त कर रही हैं। इनका प्रशिक्षण जनवरी 2024 को पूरा होगा।



मॉडल ड्राइविंग ट्रेनिंग एंड रिसर्च इंस्टीट्यूट कानपुर में होने वाले प्रशिक्षण कार्यक्रम में महिला चालकों को लाइट मोटर व्हीकल ड्राइवर लेवल-3 एवं कामर्शियल व्हीकल ड्राइवर लेवल-4 दोनों कोर्स का प्रशिक्षण दिया जाएगा। लाइट मोटर व्हीकल ड्राइवर लेवल-3 कोर्स की प्रशिक्षण अवधि 200 घंटे (02 माह) की होगी। इसके बाद कौशल विकास मिशन द्वारा निर्धारित सेक्टर स्किल काउंसिल एएसडीसी दिल्ली के माध्यम से एसेसमेंट में उत्तीर्ण अभ्यर्थिनियों का कामर्शियल व्हीकल ड्राइवर लेवल-4 कोर्स का 400 घंटे (04 नाह) का प्रशिक्षण होगा। दोनों कोर्स पूर्ण करने के बाद 17 माह का प्रशिक्षण डिपो कार्यशाला में होगा। 17 माह के प्रशिक्षण के दौरान 6000 रुपए प्रतिमाह स्टाइपेंड भी दिया जाएगा। प्रशिक्षण पूर्ण करने के बाद मिलेगी संविदा चालक के रूप में तैनाती यह कोर्स आवासीय है, जिसके लिए संस्थान के प्रांगण में स्थित हास्टल में दोनो कोर्स करने की अवधि में सभी अभ्यर्थिनियों का रहना अनिवार्य है। अभ्यर्थिनियों हेतु संस्थान के हास्टल में निवास, भोजन इत्यादि निःशुल्क होगा। 24 माह के प्रशिक्षण में सफल रहने वाली महिला चालकों को पिंक बस संचालित करने के लिए डिपो में संविदा चालक के रूप में तैनात किया जाएगा। पूर्व में किसी अन्य संस्थान से कोशल विकास मिशन के अन्तर्गत प्रशिक्षण प्राप्त करने वाली अभ्यर्थिनियों के आवेदन पर विचार नहीं किया जाएगा।

### कोर्स में आवेदन के लिए इन मूल प्रपत्रों की होगी आवश्यकता

1. शैक्षिक योग्यता– न्यूनतम कक्षा आठ पास 2. आधार कार्ड 3. बैंक पासबुक 4. पासपोर्ट साइज एक फोटो 5. न्यूनतम लम्बाई 5 फुट 3 इंच 6. अधिकतम आयु 34 वर्ष

# शहर के अलग-अलग इलाकों में लग रहा कूड़े का ढेर

**जन एक्सप्रेस। लखनऊ**

नगर निगम के लाख दावों के बाद भी सफाई व्यवस्था ध्वस्त पड़ी है। जियामऊ इलाके में रहने वाले एक निवासी बताते हैं कि खाली प्लांट और सरकारी जमीन पर ऐसे ही कूड़ा पटा रहता है। इसको लेकर कई बार शिकायत की गई। लेकिन समस्या का समाधान नहीं निकला।



कूड़ा घर या डंपिंग जोन के बाहर गाय पॉलीथिन खाते नजर आती हैं। नगर निगम के कान्हा उपवन में भी जब बीमार गायों का इलाज होता है, तो उनके शरीर से बड़ी मात्रा में पॉलीथिन मिलती है। वहीं नगर निगम लखनऊ में 1200 कर्मचारी कूड़ा उठाते हैं, लेकिन मौके पर बहुत कम लोग मिलते है। स्थिति यह है कि एक ही मोहल्लें के एक गली में टीम जाती है। लेकिन दूसरी गली में निजी कूड़ा वालों की मदद लेनी पड़ती है। स्थिति यह है कि निजी कूड़ा उठाने वाले अगर न आए तो लोग सड़क पर ही कूड़ा डालने लगते है। पुराने लखनऊ के हैदरगंज एक, दो और तीन वार्ड में अक्सर यह समस्या आती है।

इन इलाकों में सबसे खराब स्थिति है कानपुर रोड एलडीए कालोनी, साउथ सिटी, राजाजीपुरम, जानकीपुरम, विकासनगर, अलीगंज, त्रिवेणीनगर, आलमबाग क्षेत्र व पुराने लखनऊ की स्थिति सबसे खराब है। यहां पर नियमित ईकोग्रीन की गाड़ी पहुंची ही नहीं है। स्थानीय निवासियों ने नगर निगम के अधिकारियों को कई बार फोन भी करते है, लेकिन मदद नहीं मिलती है। यहां तक की अब पार्षदों की भी सुनवाई नहीं हो रही है।

आम दिनों में करीब 1200 मीट्रिक टन कूड़ा शिवरी प्लांट पहुंचता है। जहां इसके निस्तारण की मशीनें लगी है। लेकिन अभी भी इसमें नगर निगम की डोर टू डोर टीम 700 मीट्रिक टन से ज्यादा कूड़ा नहीं उठा पाती है। बाहरी लोग करीब 500 मीट्रिक टन कूड़ा डंपिंग जोन पर डाल देते है। उसकी मदद से यह काम होता है। लखनऊ में विकास नगर सेक्टर चार, जानकीपुरम समेत कई डंपिंग जोन पर पूरे दिन कूड़ा गिरते रहता है, जबकि दोपहर 12 बजे के बाद कूड़ा डंपिंग जोन पर नहीं आना चाहिए।

# कर्मचारी के पास हेलमेट, दस्ताने, प्लायर नहीं मिला तो एक्सईएन जिम्मेदार

**जन एक्सप्रेस। लखनऊ**

करंट से घायल हो रहे संविदा कर्मचारियों को लेकर पावर कॉर्पोरेशन ने सख्त रूख अपनाया है। चेयरमैन एम देवराज ने इसको लेकर निर्देश जारी किया है कि अगर संविदा कर्मचारी कोई फ़ॉल्ट बनाने जाता है तो उसके पास सभी जरूरी उपकरण होना चाहिए। अगर ऐसा नहीं होता है तो संबंधित डिवीजन के एक्सईएन इसके लिए जिम्मेदार होंगे। चीफ इंजीनियर की जिम्मेदारी है कि वह सभी जगह ट्रेनिंग कराएं।



उन्होंने आदेश दिया है कि डिस्कॉम के अनुसार सूची बनाकर सभी संविदा कर्मचारियों का प्रशिक्षण कराया जाए। दरअसल, बारिश के मौसम में फॉल्ट ज्यादा होता है। ऐसे में दुर्घटना भी तेज होती है। इससे बचने से संविदा कर्मचारियों को प्रशिक्षित करने की जरूरत है।

काम के दौरान पावर कॉर्पोरेशन में हर साल करीब 500 से ज्यादा संविदा कर्मचारी घायल होते है। उसमें कई लोगों की जान भी चली जाती है। ज्यादातर घटनाओं में यह बात सामने आती है कि काम के दौरान पर्याप्त उपकरण न होने की वजह से संबंधित व्यक्ति घायल हो जाता है।

### घायल होने के बाद पर्याप्त मुआवजा भी नहीं मिलता

संविदा पर कार्यरत कर्मचारियों को घायल होने के बाद पर्याप्त मुआवजा भी नहीं मिलता है। इसको लेकर कई बार कर्मचारी संगठन मांग उठा चुके है। सेंट्रल फॉर इंडियन ट्रेड यूनियन के प्रदेश सचिव प्रेमनाथ राय ने कहा कि संविदा कर्मचारियों की सुरक्षा का ध्यान नहीं दिया जाता है। यहां तक की उनका वेतन भी काफी कम है। न्यूनतम वेतन के तहत एक – एक कर्मचारी को कम से कम 20 हजार रुपए मिलने चाहिए। इसके अलावा अगर कोई व्यक्ति दुर्घटना में अपनी जान गंवाता है तो उसके परिवार को पर्याप्त मुआवजा देने के साथ नौकरी भी मिलनी चाहिए।

# बीकेटी तहसील क्षेत्र में धड़ल्ले से किया जा रहा मिट्टी खनन, अधिकारी नहीं कर रहे कार्यवाही

**जन एक्सप्रेस। बीकेटी, लखनऊ**

लखनऊ के बख्शी का तालाब तहसील अन्तर्गत जानकीपुरम थाना क्षेत्र के मिर्जापुर में बीती रात दर्जनों डंपरों व जेसीबी मशीन से खनन माफियाओं ने बड़े पैमाने पर अवैध खनन को अंजाम दिया है। बता दें कि खनन माफियाओं व अधिकारियों की साठ गांठ से धड़ल्ले से बीकेटी तहसील क्षेत्र के कई जगहों पर अवैध मिट्टी खनन कर राजस्व विभाग को चुना लगाया जा रहा है। वहीं पुलिस, राजस्व, प्रशासन, खनन विभाग की सुस्ती का भरपूर लाभ बेखौफ खनन माफिया उठा रहें हैं खनन माफिया डाल डाल तो प्रशासन और खनन विभाग की टीम पात पात काम कर रही है। गुरुवार की रात में जानकीपुरम थाना क्षेत्र के अन्तर्गत मिर्ज़ापुर के सरकारी नलकूप के पास भारी पैमाने पर अवैध मिट्टी खनन किया गया। वहीं बीकेटी संवाददाता के अनुसार मिर्जापुर, खंतारी, संसारपुर, धिनोहरी, अन्य कई जगहों पर अवैध खनन का काला कारोबार तेजी से जारी हैं। वहीं संवाददाता खनन की खबर पर एसडीएम व राजस्व अधिकारियों को फोन करते हैं तो अधिकारी वर्जन नहीं देते हैं बात को टाल देते हैं। क्षेत्रीय प्रशासन खनन माफियाओं पर लगाम लगाने में नाकाम साबित हो रहा हैं क्या इस खनन करने वालों पर खनन अधिकारी डॉ रोशन जैकब कोई बड़ी कार्यवाही करेंगी यह बात देखने वाली होगी।



## संगीत नाटक एकेडमी की कथक नृत्य कार्यशाला का समापन

# बच्चों संग अभिभावकों ने भी दी परफॉर्मेंस, ध्वज गीत पर हुई प्रस्तुति

**जन एक्सप्रेस। लखनऊ**

लखनऊ में संगीत नाटक एकेडमी के संत गाडगे ऑडिटोरियम में शुक्रवार को कई सुंदर कथक परफॉर्मेंसेस देखने को मिलीं। मौका था यूपी संगीत नाटक एकेडमी, यूपी संस्कृति विभाग और कथक केंद्र द्वारा आयोजित ग्रीष्मकालीन कथक नृत्य कार्यशाला के समापन का।



समारोह में मुख्य आकर्षण विशेष सचिव संस्कृति अमरनाथ उपाध्याय और रागिनी उपाध्याय सृजित ध्वज गीत हे भारत भू के मान प्रवर की कथक प्रस्तुति रही। इस मौके पर इस ध्वजगीत को तैयार करने वाले कलाकारों को सम्मानित भी किया गया। ध्वज गीत पर कथक प्रस्तुति श्रुति शर्मा, मंजू मलकानी और नीता जोशी के नृत्य निर्देशन में पेश की गई। जिसमें प्रियम यादव, अनिमेष सिंह, गौरी शुक्ला, विदुशी शुक्ला, सानवी सक्सेना, ऐशनी पाठक ने अपने लाजवाब कथक नृत्य से लोगों की तारीफें बटोरीं।

कार्यक्रम की शुरुआत कृष्णा स्तुति से हुई। जिसमें अच्युतम केशवम भजन पर प्रतिभागियों ने पारंपरिक कथक के तहत टुकड़े, परमेलु, तिहाई, रंगमंच के टुकड़े के साथ राग मिश्र बिलावल और तीनताल में मनमोहक प्रस्तुति दी। श्रुति शर्मा के निर्देशन में हुई इस सुंदर प्रस्तुति में बाल कलाकार वृंदा, अनन्या, नव्या और मनस्वी आदि शामिल रहे।

इसके बाद नीता जोशी के निर्देशन में परंपरा के तहत सरस्वती वंदना पेश की गई। तीन ताल में रंगमंच के टुकड़े के साथ कलाकारों ने तिहाई, परन, परमेलू आदि को मधुर अंदाज में दर्शाया। इसमें ईशान्वी यादव, आश्रिता यादव, कोमल यादव, आरती यादव व हिमानी आदि ने प्रस्तुती से दर्शकों का दिल जीता।

मंजू मलकानी के निर्देशन में कृष्ण की लीलाओं के अंतर्गत द्रौपदी चीरहरण के प्रसंग को प्रदीप यादव, खुशी रस्तोगी, शौर्य शुक्ला, पूर्णिमा पाठक आदि ने कथक के माध्यम से दर्शाया। जिसे देख दर्शक ताली बजाने से खुद को रोक नहीं पाए।

इसके अलावा नीता जोशी के निर्देशन में ठुमरी आओगे जब तुम ओ साजना को राग तिलक कामोद में पेश किया गया। खास बात ये रही कि इसमें बच्चों के अभिभावकों ने भी उत्साह के साथ भाग लिया। जिनमें प्रीति, पूजा रमन, सुनीता रमन, डॉ.अनामिका, रत्ना आस्थाना आदि ने अपनी परफॉर्मेंस से तारीफें बटोरीं।

# सेवा दिवस के रुप में मनाया गया समाजसेवी अब्दुल वहीद का जन्मदिवस

## मेडिकल कालेज के गरीब मरीजों और उनके तीमारदारों को कराया भोजन, बांटे फल, बच्चों को भी बांटे खिलौने और गुब्बारे

**जन एक्सप्रेस। लखनऊ**

ऐसे तो सभी लोगों का जन्मदिन साल में एक बार उनके अपने तौर-तरीकों के साथ मनाया जाता है लेकिन समाजसेवी अब्दुल वहीद का जन्मदिन मनाने का अपना एक अलग ही अंदाज है।




इस बार अपने 49 वें जन्मदिन पर उन्होंने मेडिकल कालेज में विजय फाउंडेशन के प्रसादम सेवा के माध्यम से असाध्य रोगों से पीड़ित मरीजों के तीमारदारों के बीच जाकर उन्हें भोजन वितरण किया।

इस अवसर पर लगभग 300 लोगों ने भोजन, फल मिष्ठान प्राप्त किया और अब्दुल वहीद को उनके जन्मदिन पर बधाई और दुआएं दी। कर्मठ समाजसेवी अब्दुल वहीद ने आज अपने 49 वे जन्मदिन को सेवा दिवस के रुप में मनाया।

जरुरतमंदों को भोज कराने के साथ ही गांधी वार्ड के सामने बने रैन बसेरे समेत 4 रैन बसेरे में जरूरतमंदो को अपने हाथों से हलवे का वितरण किया। तीमारदारों के बीच प्रसादम सेवा के संचालक विशाल सिंह ने अब्दुल वहीद का पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया और उन्हें मुबारकबाद देने के साथ ही सम्मान पत्र देकर और पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया।

इस बार के जन्मदिन पर विशेष बात यह रही कि उन्होंने महानगर सेक्टर छ 2 पार्क मे बने हुए आदर्श स्कूल जो कि झुग्गी झोपड़ी में रहने वाले बच्चों की शिक्षा का एक प्रमुख केंद्र है,वहां पर बच्चों को बैग, बिस्कुट, नमकीन, फल आदि का वितरण किया।

उपहार पाकर बच्चे बहुत खुश हुए और उनको जी भर के दुआएं दी। बच्चों ने कहा कि हमारे लिए बहुत खुशी का मौका है कि हमको आप अपने जन्मदिन में शामिल कर रहे हैं। ईश्वर आपको लंबी उम्र दे और ऐसे ही आप सेवा की भावना के साथ सभी जरूरतमंद लोगों का सहयोग करते रहे। इस अवसर पर संरक्षक विजयश्री फाउंडेशन एवं महासचिव उत्तर प्रदेश जिला मान्यता प्राप्त पत्रकार एसोसिएशन अब्दुल वहीद ने अपने विचार साझा करते हुए कहा कि दूसरों की सेवा करने में ही सच्ची खुशी मिलती है। उन्होंने कहा कि मुझे इस पुनीत कार्य में सहभागी बन नर सेवा नारायण सेवा विचार को बढ़ाने की बड़ी पहल का साझेदार बनना मेरे लिए काफी अनमोल पल है। उन्होंने कहा कि ये सेवा संस्कार मुझे मेरे माता-पिता से विरासत में मिले है और हमें निःशक्त व असहायों की सेवा से सच्ची ख़ुशी मिलती है और स्कूल में हमारे गुरुजनों से भी यही शिक्षा मिली है। उन्होंने आगे कहा कि समाज के प्रबुद्ध तबके को भी नर सेवा नारायण सेवा पुनीत कार्य में बढ़-चढ़कर सहभागी बनना चाहिए।

इस बारे में फ़ूडमैन विशाल सिंह बताते है कि अब्दुल वहीद सेवा विचार व व्यक्तित्व के धनी है और असहायो की मदद के लिए सतत कार्य करते रहते है, इसलिए उन्होंने आज अपना जन्मदिन सेवा दिवस के रुप में मनाया। उन्होंने कहा कि आज समाज में अब्दुल वहीद जैसे सार्थक ऊर्जावान सेवादार साथियों की जरूरत है जिसके माध्यम से इस पुनीत कार्य को आगे बढ़ाया जा सके।

इस आयोजन में समाजसेवी मुरलीधर आहूजा, उत्तर प्रदेश जिला मान्यता प्राप्त पत्रकार एसोसिएशन के चेयरमैन अजीज सिद्दीकी, एन पी टी आई चेयरमैन नजम अहसन, डॉक्टर आदर्श त्रिपाठी, तौसीफ़ हुसैन, परवेज अख्तर, जावेद बेग, आर जे जमशेद, सज्जाद, तौहीद आलम, अब्दुल मोईद, अवधेश सोनकर, सुरेंद्र सोनकर, महेश दीक्षित आदि मौजूद थे। इससे पूर्व श्री वहीद ने कैसरबाग स्थित अपने आवास पर भी आने वाले गरीब, असहाय लोगों को बकरीद का उपहार और वस्त्र देकर मदद की। उल्लेखनीय है कि समाजसेवी अब्दुल वहीद समय-समय पर लोगों की मदद के लिए तत्पर रहते हैं। लॉकडाउन में भी उन्होंने जरूरतमंदों की भरपूर मदद की थी।

# इटौंजा पुलिस ने बैटरी चोर को किया गिरफ्तार, भेजा जेल

**जन एक्सप्रेस। इटौंजा लखनऊ**

पुलिस आयुक्त एस.बी. शिरोड़कर द्वारा अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण व वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में पुलिस उपायुक्त उत्तरी एस.एम. कासिम आब्दी व अपर पुलिस उपायुक्त उत्तरी अभिजीत आर शंकर के पर्यवेक्षण में तथा सहायक पुलिस आयुक्त बीकेटी धर्मेंद्र सिंह रघुवंशी के निर्देशन व इटौंजा थाना प्रभारी निरीक्षक सुनील कुमार तिवारी के नेतृत्व में उपनिरीक्षक महेश कुमार शुक्ला व सिपाही रामराज यादव ने कन्हैया पुत्र शिवनाथ यादव निवासी ग्राम मुन्नूपुरवा को उनके ट्रैक्टर की बैटरी चोरी हो जाने के सम्बन्ध मे मु.अ.सं. 148/2023 धारा 379 भादवि पंजीकृत कराया था। जिसमें इटौंजा पुलिस टीम द्वारा घटना का सफल अनावरण करते हुए संदीप रावत पुत्र स्व. माताराम निवासी ग्राम अटेसुवा उम्र करीब 27 वर्ष को चोरी की एक अदद बैट्री के साथ कुसुम आईटीआई मोड़ के पास से गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है।



# जन एक्सप्रेस



## सम्पादकीय

# समय की जरूरत है समान नागरिक संहिता

**केंद्र सरकार ने इससे पूर्व भी 21वें विधि आयोग से समान नागरिक संहिता पर सुझाव मांगे थे तब विधि आयोग ने अपनी रिपोर्ट में कहा था कि, अभी देश में समान नागरिक संहिता की जरूरत नहीं है। लेकिन अब 22वें विधि अयोग ने एक बार फिर समान नागरिक संहिता पर अपनी पहल प्रारम्भ की है। इससे पूर्व 1985 में शाहबानो प्रकरण और फिर 2015 में भी सुप्रीम कोर्ट समान नागरिक संहिता पर अपनी चिंता व्यक्त करते हुए कानून बनाने की बात कह चुका है। संविधान के अनुच्छेद -44 में भी समान नागरिक संहिता लागू करने की बात कही गयी है।**

*प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार अब भारत देश हित में लिया गया अपना एक और संकल्प पूरा करने की ओर अग्रसर है और यह संकल्प है समान नागरिक संहिता का। देश लम्बे समय से समान नागरिक संहिता कानून मांग कर रहा है। सबसे बड़ी बात यह है कि समान नागरिक संहिता संविधान सम्मत है। भोपाल में भाजपा कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस बात के संकेत दे दिये हैं कि अब सरकार समान नागरिक संहिता पर तीव्र गति से आगे बढ़ रही है और 2024 लोकसभा चुनाव से पूर्व ही संसद के आगामी सत्रों में सदन से पारित करवाया जा सकता है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एकदम साफ कहा कि कुछ विरोधी दल जो तुष्टिकरण करते हैं तथा मुस्लिम समाज को केवल अपना वोटबैंक समझते हैं, वही यूनिफार्म सिविल कोड के नाम पर मुसलमानों को भड़का रहे हैं। उन्होंने कहा कि एक घर में एक सदस्य के लिए एक कानून हो और दूसरे के लिए दूसरा हो तो घर चल पाएगा क्या? तो ऐसी दोहरी व्यवस्था से देश कैसे चल पाएगा ? प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने बार- बार कहा है कि कॉमन सिविल कोड लाओ लेकिन वोटबैंक की राजनीति करने वालों ने हमेशा इसका विरोध किया है। उधर, देश के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भी पिछले दिनों एक कार्यक्रम में कहा था कि एक बड़ी व विदेशी साजिश के तहत समान नागरिक संहिता का विरोध किया जा रहा है। रक्षा मंत्री ने जो कड़े तेवर दिखाये हैं, उससे भी यह संदेश जा रहा है कि अब समान नागरिक संहिता बहुत ही जल्द भारत का कानून बन जायेगा। सरकार समान नागरिक संहिता पर बहुत ही सतर्कता व तर्कों के साथ आगे बढ़ रही है ताकि उसका विरोध ठंडा हो जाये। यही कारण है कि सबसे पहले केंद्रीय विधि आयोग की ओर से समान नागरिक संहिता पर आम नागरिकों व धार्मिक संस्थाओं से संहिता के सन्दर्भ में उनके सुझाव व विचार मांगे गये हैं ताकि भारत के सभी नागरिकों, समाजों, पंथों और मजहबों, पर समान कानून लागू हो सके। आम जनता अपने मोबाइल, लैपटाप आदि के माध्यम से विधि आयोग की वेबसाइट पर जाकर आने विचार साझा कर सकती है। विधि आयोग की यह पहल सार्वजनिक होते ही मुस्लिम तुष्टिकरण करने वाली सभी संस्थाओं, नेताओं, सांसदों व विधायकों ने झूठ पर आधारित बयान देने की श्रृंखला प्रारम्भ कर दी है और यह अनवरत जारी है। पहला अयोध्या में श्रीरामजन्मभूमि मुक्त हो चुकी है और वहां भव्य राममंदिर का निर्माण प्रगति पर है और दूसरा जम्मू- कश्मीर से अनुच्छेद -370 की समाप्ति हो चुकी है। अब सरकार समान नागरिक संहिता पर आगे बढ़ रही है। वर्तमान में समान नागरिक संहिता कानून भारत के गोवा राज्य में लागू है जबकि गुजरात व उत्तराखंड में प्रक्रिया चल रही है। उत्तराखंड में एक आयोग इस विषय पर आम जनता से मंत्रणा कर रहा है और उसकी रिपोर्ट 30 जून तक आ जाएगी। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का कहना है कि उत्तराखंड की जनता से किया गया हर वादा हर हाल में पूरा किया जायेगा और राज्य में जल्द ही समान नागरिक संहिता को लागू किया जायेगा। गुजरात और उत्तराखंड में विधानसभा चुनाव से ऐन पहले भाजपा ने समान नागरिक संहिता को लागू करने के लिए आयोग गठित करके जनता को एक संदेश दिया था जिसका लाभ भी भाजपा को चुनावों में मिला था। मुख्यमंत्री धामी का कहना है कि इसी कानून में जनसंख्या नियंत्रण भी आ सकता है जो सभी को मानना अनिवार्य हो जाएगा।*

## एक्सप्रेस आलेख

**डा. बिधान चंद्र रॉय ने 1928 में इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के गठन और भारत की मेडिकल काउंसिल की स्थापना में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कई बड़े-बड़े पदों पर रहने के बाद भी वे प्रतिदिन गरीब मरीजों का मुफ्त इलाज किया करते थे। स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात् उन्होंने अपना समस्त जीवन चिकित्सा सेवा को समर्पित कर दिया। 4 फरवरी 1961 को उन्हें भारत के सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार 'भारत रत्न' से सम्मानित किया गया। 1967 में दिल्ली में उनके सम्मान में डा. बी.सी. रॉय स्मारक पुस्तकालय की स्थापना हुई और 1976 में उनकी स्मृति में केन्द्र सरकार द्वारा डा. बी.सी. रॉय राष्ट्रीय पुरस्कार की स्थापना की गई। संयोगवश डा. रॉय का जन्म और मृत्यु एक जुलाई को ही हुई थी।**



योगेश कुमार गोयल

# सम्मान के बड़े हकदार हैं चिकित्सक

**बहरहाल, चूंकि चिकित्सकों को पृथ्वी पर भगवान का रूप माना गया है, इसलिए समाज की भी उनसे यही अपेक्षा रहती है कि वे अपना कर्त्तव्य ईमानदारी और पूरी निष्ठा के साथ निभाएं। हालांकि निजी अस्पतालों के कुछ चिकित्सकों पर मरीजों और उनके परिजनों के साथ लापरवाही और लूट के गंभीर आरोप लगते रहे हैं।**

दुनियाभर में चिकित्सक कोरोना महामारी के भयावह दौर में अपनी जान की परवाह किए बिना करोड़ों लोगों के जीवन की रक्षा करते नजर आए थे। उस विकट दौर में देश में ड्यूटी के दौरान सैंकड़ों चिकित्सकों की मौत हुई थी लेकिन फिर भी चिकित्सक जी-जान से लोगों की जान बचाने में जुटे नजर आए थे। कोरोना की पहली और दूसरी लहर के दौरान तो बहुत से चिकित्सकों और चिकित्सा स्टाफ को अपनी छुट्टियां रद्द कर प्रतिदिन लंबे-लंबे समय तक कार्य करना पड़ा था और ऐसे बहुत से चिकित्साकर्मी महीनों-महीनों तक अपने परिवार और छोटे बच्चों से भी दूर रहे थे। समाज के प्रति चिकित्सकों के ऐसे ही समर्पण एवं प्रतिबद्धता के लिए कृतज्ञता और आभार व्यक्त करने तथा मेडिकल छात्रों को प्रेरित करने के लिए ही प्रतिवर्ष देश में एक जुलाई को 'राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस' मनाया जाता है। गंभीर से गंभीर बीमारियों से जूझते मरीजों की जान बचाने का हरसंभव प्रयास करने वाले चिकित्सक वाकई सम्मान के सबसे बड़े हकदार भी हैं। चिकित्सक दिवस मनाने का मूल उद्देश्य चिकित्सकों की बहुमूल्य सेवा, भूमिका और महत्व के संबंध में आमजन को जागरूक करना, चिकित्सकों का सम्मान करना और साथ ही चिकित्सकों को भी उनके पेशे के प्रति जागरूक करना है। दरअसल कुछ चिकित्सक ऐसे भी देखे जाते हैं, जो अपने इस सम्मानित पेशे के प्रति ईमानदार नहीं होते लेकिन ऐसे चिकित्सकों की भी कमी नहीं, जिनमें अपने पेशे के प्रति समर्पण की कोई कमी नहीं होती। बिना चिकित्सा व्यवस्था और बिना योग्य चिकित्सकों के इंसान की जिंदगी कैसी होती, इसकी कल्पना मात्र से ही रोम-रोम सिहर जाता है। यही कारण है कि प्रत्येक व्यक्ति के जीवन में चिकित्सकों का महत्व सदा से रहा है और हमेशा रहेगा। चिकित्सक दिवस की स्थापना भारत में वर्ष 1991 में हुई थी। पश्चिम बंगाल के दूसरे मुख्यमंत्री और जाने-माने चिकित्सक डा. बिधान चंद्र रॉय के सम्मान में चिकित्सकों की उपलब्धियों तथा चिकित्सा क्षेत्र में नए आयाम हासिल करने वाले डॉक्टरों के सम्मान के लिए इसका आयोजन होता है। वे एक जाने-माने चिकित्सक, प्रसिद्ध स्वतंत्रता सेनानी और वर्ष 1948 से 1962 में जीवन के अंतिम क्षणों तक पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री रहे। उन्होंने पश्चिम बंगाल में दुर्गापुर, बिधाननगर, अशोकनगर, कल्याणी तथा हबरा नामक पांच शहरों की स्थापना की थी। संभवतः इसीलिए उन्हें पश्चिम बंगाल का महान वास्तुकार भी कहा जाता है। कलकत्ता विश्वविद्यालय से मेडिकल की पढ़ाई पूरी करने के बाद उन्होंने वर्ष 1911 में एमआरसीपी और एफआरसीएस की डिग्री लंदन से ली। उन्होंने एक साथ फिजिशयन और सर्जन की रॉयल कॉलेज की सदस्यता हासिल कर हर किसी को अपनी प्रतिभा से हतप्रभ कर दिया था। वर्ष 1911 में भारत में ही एक चिकित्सक के रूप में उन्होंने अपने चिकित्सा कैरियर की शुरूआत की। वे कलकत्ता मेडिकल कॉलेज में शिक्षक नियुक्त हुए। वर्ष 1922 में वे कलकत्ता मेडिकल जनरल के सम्पादक और बोर्ड के सदस्य बने। 1926 में उन्होंने अपना पहला राजनीतिक भाषण दिया और 1928 में अखिल भारतीय कांग्रेस समिति के सदस्य भी चुने गए। डा. बिधान चंद्र रॉय ने 1928 में इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) के गठन और भारत की मेडिकल काउंसिल (एमसीआई) की स्थापना में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कई बड़े-बड़े पदों पर रहने के बाद भी वे प्रतिदिन गरीब मरीजों का मुफ्त इलाज किया करते थे। स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात् उन्होंने अपना समस्त जीवन चिकित्सा सेवा को समर्पित कर दिया। बेहतरीन स्वास्थ्य सुविधाओं को आम जनता की पहुंच के भीतर लाने के लिए वे जीवन पर्यन्त प्रयासरत रहे। 4 फरवरी 1961 को उन्हें भारत के सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार 'भारत रत्न' से सम्मानित किया गया। 1967 में दिल्ली में उनके सम्मान में डा. बी.सी. रॉय स्मारक पुस्तकालय की स्थापना हुई और 1976 में उनकी स्मृति में केन्द्र सरकार द्वारा डा. बी.सी. रॉय राष्ट्रीय पुरस्कार की स्थापना की गई। संयोगवश डा. रॉय का जन्म और मृत्यु एक जुलाई को ही हुई थी। उनका जन्म 1 जुलाई 1882 को पटना में हुआ था और मृत्यु 1 जुलाई 1962 को हृदयाघात से कोलकाता में हुई थी। बहरहाल, चूंकि चिकित्सकों को पृथ्वी पर भगवान का रूप माना गया है, इसलिए समाज की भी उनसे यही अपेक्षा रहती है कि वे अपना कर्त्तव्य ईमानदारी और पूरी निष्ठा के साथ निभाएं। हालांकि निजी अस्पतालों के कुछ चिकित्सकों पर मरीजों और उनके परिजनों के साथ लापरवाही और लूट के गंभीर आरोप लगते रहे हैं। दरअसल निजी चिकित्सा तंत्र मुनाफाखोरी के व्यवसाय में परिवर्तित हो चुका है लेकिन फिर भी इस दीगर सच को भी नकारा नहीं जा सकता कि कोरोना हो या कैंसर, हृदय रोग, एड्स, मधुमेह इत्यादि कोई भी बीमारी, छोटी से छोटी और बड़ी से बड़ी बीमारियों से चिकित्सक ही करोड़ों लोगों को उबारते हैं।



**चिकित्सा केवल पैसा कमाने के लिए एक पेशा मात्र नहीं है बल्कि समाज के कल्याण और उत्थान का सबसे महत्वपूर्ण माध्यम है। इसीलिए चिकित्सक को सदैव सम्मान की नजर से देखने वाले समाज के प्रति उनसे भी समर्पण की उम्मीद की जाती है।**

## आज का पंचांग

*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरूरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे हैं या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथि: | त्रयोदशी 23:07 तक |
| नक्षत्र: | अनुराधा 15:04 तक |
| पक्ष: | शुक्ल |
| वार: | शनिवार |
| योग: | शुभ, 22:44 |
| सूर्योदय: | 05:28 |
| सूर्यास्त: | 19:21 |
| चंद्रमा: | वृश्चिक राशि में |
| राहुकाल: | 08:56-10:40 |
| विक्रमी संवत्: | 2080 |
| शक सम्वत: | 1944 |
| मास: | आषाढ़ |
| शुभ मुहूर्त: | 12:00-12:48 |

## जन एक्सप्रेस

### गुटबाजी बर्दाश्त नहीं !

*साफ है संदेश ।*
*आ रहा चुनाव ।।*
*ना आगे पसंद है ।*
*गुटबाजी का घाव ।।*
*पड़ जाए पछताना ।*
*ना करना वो काम ।।*
*कर देंगे दुरुस्त ।*
*दे रहे पैगाम ।।*
*गुटबाज़ी बर्दाश्त नहीं ।*
*ना देना स्थान ।।*
*समय बचा है अल्प ।*
*त्वरित अब निदान ।।*
*ना ले कोई झुटकी ।*
*है देना संदेश ।।*
*करना बंदोबस्त है ।*
*रहें भले परदेश ।।*



\- कृष्णेन्द्र राय

## एक्सप्रेस कविता

*महंगाई की मार और चुनावी नेताओं का प्यार। आम आदमी चिल्ला रहा है महंगाई की मार से बिलबिला रहा है अनाज हो गए गरीबों की पहुंच से बाहर गरीब आदमी ने कई दिनों से खाई नहीं दाल राहर। उधर टमाटर बरपा रहा है 100 रुपये किलो में कहर, देखो फिर से आ गई सब्जियों में महंगाई की लहर। सब्जी पहुंची फलों के भाव सेठ दिखा रहा है गरीबों को ताव, जनता हो गई खर्च कर कर के फकीर टूट गई उनकी किस्मत की लकीर। अब फिर चुनाव आ गए हैं नेता फिर से वायदों की खेप लाए हैं कहते हैं हमारा मसीहा आएगा दूध ,फल ,सब्जी को भी जनता तक आसानी से पहुंचाएगा, खाने की थाली लाएगा जनता के करीब नहीं समझ पाएगी भोली जनता उनकी यह तरकीब, यह अनाज के बदले मांगने आए हैं वोट।*

संजीव ठाकुर

## एक्सप्रेस ज्ञान

*निराशावादी हर अवसर में कठिनाई देखता है। आशावादी हर कठिनाई में अवसर देखता है।*

## एक्सप्रेस स्वास्थ्य

# अदरक को भूनकर खाने से सेहत को मिलेंगे कई बेमिसाल फायदे

**अदरक** का इस्तेमाल अधिकतर घरों में लोग करते हैं। अदरक के सेवन से इम्यूनिटी मजबूत होने साथ पाचन-तंत्र भी हेल्दी रहता है। इसका स्वाद कसीला होता है लेकिन इसके सेवन से कई बीमारियां दूर होती हैं। मौसम बदलने पर इसके सेवन से मौसमी बीमारियों का खतरा कम होता हैं। इसमें सोडियम, पोटेशियम, आयरन, कैल्शियम, विटामिन डी, फाइबर, प्रोटीन और विटामिन सी पाए जाते हैं। इसके नियमित सेवन से शरीर में होने वाले दर्द से आराम मिलता है। अदरक को कई तरह से खाया जा सकता है जैसे खाने में डालकर, काढ़ा बनाकर या इसे भूनकर खाना भी सेहत के लिए काफी लाभकारी माना जाता है। इसके सेवन से अपच, गैस और मिलती की समस्या से भी छुटकारा मिलता है। अदरक को भूनकर खाने से इसके फायदे कई गुना बढ़ जाते हैं। भुनी हुई अदरक खाने में स्वादिष्ट होने के साथ पचाने में काफी आसान भी हो जाती है।



**पाचन-तंत्र के लिए फायदेमंद:** भुनी हुई अदरक के सेवन से पाचन-तंत्र से जुड़ी कई समस्याएं दूर होती हैं। इसमें पाए जाने वाला फाइबर कब्ज, पेट दर्द, पेट की ऐंठन, गैस और एसिडिटी की समस्या को दूर करता हैं। भुनी हुई अदरक को भोजन के बाद खाने से खाना ठीक से पचता है और खट्टी डकार की समस्या में आराम मिलता है।

**घुटनों के दर्द से आराम दिलाएं:** भुनी हुई अदरक के सेवन से घुटनों में होने वाले दर्द से राहत मिलती है। इसमें एनाल्जेसिक तत्व पाया जाता है, जो घुटनों में होने वाली सूजन, दर्द, अकडन और मांसपेशियों में खिंचाव के कारण होने वाले दर्द को कम करने में मदद करता हैं। इसमें मौजूद एंटी इंफ्लेमेटरी गुण भी जोड़ों के दर्द से राहत देते हैं।

**डायबिटीज में फायदेमंद:** भुनी हुई अदरक में ऐसे गुण पाए जाते हैं, जो ब्लड शुगर को कम करने में मदद करता हैं। इसके सेवन से शरीर का इन्सुलिन लेवल कम होता है और शरीर स्वस्थ रहता है। डायबिटीज के मरीज भुनी हुई अदरक को खाने में मिलाकर इसका सेवन कर सकते हैं।

**वजन घटाने में मददगार:** अगर आप भी लंबे समय से वजन कम करने के बारे में सोच रहे है, तो डाइट में भुनी हुई अदरक को अवश्य शामिल करें। भुनी हुई अदरक वजन को कम करने के साथ बैली फैट को भी घटाती है। इसमें पाए जाने वाला फाइबर भूख को कंट्रोल करता है। जिससे आप अतिरिक्त खाने से बच जाते हैं।

**इम्यूनिटी बढ़ाए:** भुनी हुई अदरक के सेवन से इम्यूनिटी को भी बढ़ाया जा सकता है। इसमें मौजूद विटामिन सी मौसमी बीमारियों के खतरे को कम करता है। भुनी हुई अदरक का काढा बनाकर पीने से इम्यूनिटी मजबूत होती है। यह शरीर में होने वाली सूजन को भी दूर करता है। भुनी हुई अदरक खाने से शरीर को कई फायदे मिलते हैं। हालांकि, अगर आपको कोई बीमारी या एलर्जी की समस्या है, तो डॉक्टर से पूछकर ही इसका सेवन करें।

## एक्सप्रेस विशेष



हृदयनारायण दीक्षित

# राष्ट्रीय एकता के लिए एक समान कानून जरूरी

**भारत जैसे विशाल देश में इसलिए विविधता के बावजूद सांस्कृतिक एकता है। इसलिए एक समान विधि जरूरी है। राष्ट्रीय एकता के लिए एक समान विधि जरूरी है। विविधता भारत की प्रकृति है और एकता भारतीय जन गण मन की अभीप्सा है।**

**संपत्ति हस्तांतरण कानून भी पूरे देश में लागू है। यह कहने का कोई लाभ नहीं कि मुस्लिम कानून अटल है। 1935 तक पश्चिमोत्तर सीमा प्रांत में शरीयत कानून नहीं था। उत्तराधिकार आदि विषयों में हिन्दू कानूनों का अनुसरण होता था। 1937 तक पश्चिमोत्तर सीमा प्रांत के अतिरिक्त शेष भारत में भी जैसे संयुक्त प्रांत (उत्तर प्रदेश), मध्य प्रांत और बम्बई में उत्तराधिकार सम्बंधी हिन्दू कानून मुसलमानों पर लागू था।**

**समान** नागरिक संहिता अपरिहार्य है। यह राष्ट्र राज्य का संवैधानिक कर्तव्य है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इसे आवश्यक बताया है। मोदी ने समान नागरिक संहिता को राष्ट्र की जरूरत बताते हुए कहा कि, इसके नाम पर कुछ दल मुस्लिमों को भड़का रहे हैं। उन्होंने इसके विरोध पर सवाल उठाते हुए कहा कि, एक घर एक परिवार में प्रत्येक सदस्य के लिए अलग अलग कानून हों तो वह परिवार कैसे चल पाएगा? उन्होंने याद दिलाया कि सर्वोच्च न्यायालय ने भी समान नागरिक संहिता लागू करने की बात की थी। लेकिन वोटबैंक राजनीति करने वाले इसका विरोध कर रहे हैं। आखिरकार विश्वास आधारित सांप्रदायिक समूहों के लिए अलग अलग कानून कैसे हो सकते हैं। संविधान निर्माताओं ने प्रत्येक नागरिक के लिए एक समान नागरिक संहिता प्राप्त करने का कर्तव्य (अनुच्छेद 44) राष्ट्र राज्य को सौंपा है। समान सिविल संहिता राष्ट्रीय एकता के लिए भी अनिवार्य है। राष्ट्र राज्य का यह कर्तव्य संविधान का भाग है और महत्वपूर्ण नीति निदेशक तत्व है। अनुच्छेद 37 में कहा गया है कि, नीति निदेशक तत्व देश के शासन में मूलभूत हैं। विधि निर्माण में इन तत्वों को लागू करना राज्य का कर्तव्य होगा। यह कर्तव्य महत्वपूर्ण है। इसे प्रवर्तित करना राष्ट्र राज्य का कर्तव्य है। विधि आयोग ने हाल ही में समान नागरिक संहिता पर सुझाव मांगे हैं। लगभग साढ़े आठ लाख सुझाव आए हैं। विधि आयोग का यह कार्य प्रशंसनीय है। लेकिन कांग्रेस ने इसका विरोध किया है। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने इसे नरेन्द्र मोदी सरकार का ध्रुवीकरण एजेंडा बताया है। कांग्रेस की अपनी स्थाई नीति तुष्टिकरण है। ध्रुवीकरण का आरोप इसी का विस्तार है। संवैधानिक कर्तव्य को ध्रुवीकरण बताना संविधान विरोधी है। कांग्रेस दीर्घ काल तक सत्तारूढ़ रही है। उसने कर्तव्य पालन नहीं किया। उसे बताना चाहिए कि उसने समान सिविल संहिता लागू करने के संवैधानिक कर्तव्य पालन की दिशा में क्या कदम उठाए? संहिता लागू करने में कठिनाई क्या थी? समान नागरिक संहिता बहुत पहले से ही राष्ट्र की वरीयता रही है। सांप्रदायिक निजी कानून महिला अधिकारों और सशक्तिकरण में बाधा है। एक समान संहिता संविधान सभा का केन्द्रीय विचार था। संविधान के इस प्रावधान पर सभा (23 नवंबर 1948) में तीखी बहस हुई थी। समान नागरिक संहिता के सभी पहलुओं पर विचार हुआ था। मोहम्मद इस्माइल ने कहा था कि, 'देश में समन्वय के लिए यह अपेक्षित नहीं है कि लोगों को उनके निजी कानून छोड़ने के लिए बाध्य किया जाए। महमूद अली बेग ने कहा था कि, 'हिन्दुओं में विवाह एक संस्कार होता है। यूरोप में यह स्थिति भिन्न है। मुसलमानों में कुरान के अनुसार संविदा जरूरी है। ऐसा नहीं किया जाता तो विवाह वैध नहीं होगा। मुसलमान 1350 वर्षों से इस कानून पर चलते रहे हैं। यदि विवाह की कोई अन्य प्रणाली बनाई जाए तो हम उसे मानने से इनकार कर देंगे। नजीरुद्दीन अहमद ने कहा कि, 'प्रत्येक धार्मिक समुदाय के विशेष धार्मिक कानून व विशेष व्यवहार विषयक कानून भी होते हैं। धार्मिक विश्वासों व आचरण से उनका संबंध होता है। एक विधि बनाते समय इन धार्मिक कानूनों की उपेक्षा नहीं की जानी चाहिए। संप्रदाय विशेष के धार्मिक कानूनों को उस संप्रदाय की सहमति के बिना नहीं बदला जा सकता। कुछ सदस्यों ने समान नागरिक संहिता को अल्पसंख्यकों के विरुद्ध अन्याय बताया। केएम मुंशी ने कहा कि, 'संहिता को अल्पसंख्यकों के प्रति अन्याय बताया जा रहा है। किसी भी उन्नत मुस्लिम देश में अल्पसंख्यक जाति के निजी कानूनों को इतना अटल नहीं माना जाता कि समान नागरिक संहिता बनाने का निषेध हो। तुर्की अथवा मिस्र में किसी अल्पसंख्यक को ऐसे अधिकार नहीं दिए गए। कुछ हिन्दू भी समान नागरिक संहिता नहीं चाहते। उत्तराधिकार आदि के निजी कानून उनके धर्म का भाग हैं। इस तरह आप महिलाओं को समानता नहीं दे सकते। मुंशी ने मुसलमानों से कहा कि, 'पूरे देश के लिए एक समान संहिता क्यों न हो? मुस्लिम मित्र समझ लें कि जितना जल्दी हम अलगाववाद की भावना को भूल जाएंगे, उतना ही देश के लिए अच्छा होगा। राष्ट्र तमाम स्वतंत्र साम्प्रदायिक समूहों का जोड़ नहीं होते। अलगाववाद राष्ट्रीय एकता में बाधा है। फिर यहाँ पूरे देश में एक ही दण्ड विधि प्रवर्तित है। अल्लादि कृष्णास्वामी अय्यर ने याद दिलाया कि 'जब अंग्रेजों ने इस देश पर अधिकार किया तब उन्होंने कहा था कि हम इस देश में एक ही आपराधिक कानून बना रहे हैं। यह सभी नागरिकों पर लागू होगा।

# हर्षोल्लास के साथ मनाई गई ईद-उल-अजहा


जन एक्सप्रेस। रियासत अली सिद्दीकी

**रामकोट-सीतापुर।** कस्बा रामकोट सहित क्षेत्र भर में हर्षोल्लास के साथ ईद-उल-अजहा (बकराईद) का त्योहार मनाया गया। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर ईदगाहो, मस्जिदों के बाहर पुलिस फोर्स तैनात रही। लोगों ने घरों में बकरे की कुर्बानियां दीं। क्षेत्र की सभी मस्जिदों, ईदगाहो में अलग-अलग समय में ईद-उल-अजहा की नमाज अदा की गई। मस्जिदों में सुबह 6 बजे से नमाज अदा करने का सिलसिला शुरू कर दिया गया था, जो 9 बजे तक चला। कस्बे की जामा मस्जिद में हाफिज मो. शोएब ने ईद-उल-अजहा की नमाज अदा कराई। रामकोट कस्बे की ईदगाह में हाफिज जलील अहमद की ओर से ईद-उल-अजहा की नमाज अदा कराई गई। नमाज़ के बाद अमन-ओ-अमान भाईचारे, प्यार मोहब्बत, मुल्क में अमन व शांति के लिए खुसुसी दुआ कराई गई। नमाज से पहले मो. बख्श सिद्दीकी ने बयान किया। सिद्दीकी ने अपने खिताब मे कुर्बानी की फजीलत पर रोशनी डालते हुए कहा कि ये हमारे नबी की सुन्नत है। कुर्बानी के जरिये हम मोला से करीब होते हैं। नमाज बाद खुतबा हाफिज जलील अहमद ने दिया। उसके बाद मुल्क मे अमन पसन्दी और अच्छे मौसम की रब के हुज़ूर मे दुआ करायी। लोगों ने घरों में ही बकरे की कुर्बानियां दीं। घरों की साफ-सफाई कर सेवई और पकवान बनाए। प्रभारी निरीक्षक रामकोट संजीव कुशवाहा, कस्बा इंचार्ज सत्यपाल सिंह, कांस्टेबल भास्कर यादव, कपिल देव, आदि लगातार क्षेत्र में घूम कर जायजा लेते रहे। नए कपड़ों में इत्र की खुशबू बिखेरते बच्चें, युवा और बुजुर्गों में गजब का उत्साह देखा गया। नमाज अदा होते ही बधाइयों और मंह मीठा कराने का सिलसिला भी शुरू हो गया है। रोज खाली रहने वाला रामकोट कस्बे का ईदगाह बृहस्पतिवार को पूरी तरह से भरा नजर आया। नमाज के समय से पहले ही लोग ईदगाह पहुंचने लगे थे। ईदगाह परिसर में मौजूद ग्राम प्रधान रामनिवास पप्पू वर्मा, आदि ने लोगों को गले लगाकर ईद-उल-अजहा की बधाई दी।

### ईद-उल-अजहा का पर्व क्षेत्र में उत्साहपूर्वक शांतिपूर्ण ढ़ंग से मनाया गया

**श्रीश रस्तोगी/महमूदाबाद (सीतापुर)।** ईद-उल-अजहा का पर्व क्षेत्र में उत्साहपूर्वक शांतिपूर्ण ढ़ंग से मनाया गया। हजारों की संख्या में शिया व सुन्नी समुदाय के लोगो ने ईदगाहों और मस्जिदों में बकरीद की नमाज अता कर समाज और देश में अमन की दुआ परवर दिगार से मांगी। पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों ने शांति व्यवस्था के मद्देनजर क्षेत्र का दौरा किया। रेलवे स्टेशन स्थित ईदगाह में नमाज अताकर लोगों ने एक दूसरे से गले लगकर बकरीद की मुबारकबाद दी। महमूदाबाद रेलवे स्टेशन ईदगाह में सुन्नी समुदाय के लोगों को कारी मो. फहीमुद्दीन नदवी ने ईद-उल-अजहा की नमाज अता कराई। शिया समुदाय के लोगों को खुदागंज की मस्जिद में मौलाना सज्जाद हुसैन द्वारा नमाज अता कराई गई। नूरपुर, कटरा बाजार, नई बाजार, बेलदारी टोला, उमर कालोनी, तहसील मस्जिद, पैंतेपुर जामा मस्जिद, सदरपुर, रामपुर मथुरा, बहादुरगंज, बांसुरा, बकहुंआ बाजार, चांदपुर, बेहमा, बाबूपुर, सरैंया बाजार, शेखपुर, धरमपुर, मीरानगर, लोधासा, गोडैचा, सेमरी सहित इलाके के विभिन्न स्थानों पर बकरीद का पर्व उल्लास और शांति के साथ मनाया गया। मुख्य विकास अधिकारी अक्षत वर्मा, एएसपी एनपी सिंह, एसडीएम मिथिलेश त्रिपाठी सीओ रविशंकर प्रसाद, ईओ शैलेंद्र दुबे, कोतवाली प्रभारी विजयेन्द्र सिंह, कस्बा इंचार्ज सुरेश प्रकाश आदि सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते रहे। महमूदाबाद ईदगाह पर पालिकाध्यक्ष प्रतिनिधि आमिर अराफात, मो. जुबैर, अब्दुल कय्यूम, इरफान मंसूरी, अतीक, सफी, नदीम अहमद, राजू अंसारी, कल्लू मिर्जा, नसीम बेग, हाजी सगीर, सरताज, इरफान अहमद, जावेद खां, अब्दुला सहित हजारों लोग मौजूद थे। बकरीद के मौके पर बच्चों में भारी उत्साह दिखा।




## किशोरियों को अगवा कर रेप करने वाले आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार



**जन एक्सप्रेस/निघासन खीरी।** पुलिस ने शुक्रवार को मुखबिर की सूचना पर नाबालिग किशोरियों को अगवा करके और अगवा करने के बाद किशोरियों के साथ रेप करने के दो आरोपियों को गिरफ्तार करके जेल भेजा दिया है। कोतवाल प्रभातेश कुमार ने बताया कि एक जून को नाबालिग किशोरी को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने के लिए मुर्गहा गांव के केशवराम और उसके एक साथी के विरुद्ध अगवा, रेप और पॉक्सो एक्ट की रिपोर्ट दर्ज की गई थी। जिसमें से केशवराम को पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर लिया गया। उसके दूसरे साथी की तलाश की जा रही है। नाबालिग किशोरी को अगवा करने और धमकाने के ऐसे ही एक और मामले में वांछित मदनशाहपुरवा निवासी मेराज को भी उसके गांव से पकड़कर जेल भेज दिया गया।

## फास्ट फॉरवर्ड

### संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी से झूलती मिली विवाहिता

**जन एक्सप्रेस/लखीमपुर खीरी।** मितौली थाना क्षेत्र के गांव सेनपुर निवासी में दीपक की पत्नी विनीता (25) का शव कमरे में छत के कुंडे से लटकता हुआ मिला। मृतका के ससुर यदुनाथ ने बताया कि विनीता ने रोजाना की तरह सुबह उठकर चाय बनाई। उन्हें पेशी पर मोहम्मदी कोर्ट जाना था, इसलिए जल्दी ही खाना बना दिया था। वह मोहम्मदी चला गया। जबकि विनीता का पति दीपक व देवर कुलदीप दोनों खेत को चारा लेने चले गए। यदुनाथ ने बताया कि विनीता चार माह की गर्भवती थी विनीता की सास विन्दो देवी गांव की आशा मिथलेश कुमारी से बहू को टीका लगवाने के लिए बात करने गई थी। घर में विनीता अकेली थी। परिजनों ने बताया जब मृतका का देवर कुलदीप खेत से चारा लेकर घर आया उसने भाभी को आवाज लगाई। जवाब न मिलने पर वह कमरे के पास पहुंच गया। दरवाजा अंदर से बंद था। कुलदीप ने बताया कि खिड़की से झांक कर देखा तो फांसी के श फंदे पर भाभी झूल रहीं थी। शोर मचाने पर पड़ोसी इकट्ठा हो गए। कुल्हाड़ी से खिड़की के पल्ले तोड़कर शव को नीचे उतारा गया। विनीता का मायका गांव कैंमा थाना हरगांव सीतापुर में था। विनीता की शादी 11 मई 2022 को हुई थी। मायके वालों की सूचना पर पहुंचे मितौली उपनिरीक्षक आदित्य प्रताप सिंह ने नायब तहसीलदार अखिलेश मौर्या की मौजूदगी में शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

### जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक सम्पन्न

**जन एक्सप्रेस/सीतापुर।** जिलाधिकारी ने सड़क सुरक्षा समिति के बैठक के दौरान कहा कि उन स्थानों को चिन्हित किया जाये जहां पर दुर्घटना ज्यादा होती है वह उसका कारण भी जाने कि इतनी दुर्घटना क्यो होती है। जिलाधिकारी ने एन.एच.आई. के अधिकारियों को निर्देशित किया कि ऐसे स्थानों को चिन्हित किया जाये जहां पर दुर्घटना ज्यादा होती है वह पर हाई मास लाइट लगा दी जाये। जिलाधिकारी ने कहा कि ऐसे गांव को चिन्हित किया जाये जहां से अंदर से सड़क आ रही है वह पर ब्लिंकर लाइट व रोड साइन लगा दी जायें। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये कि एक ज्वांइट टीम बनाये जिसमें पुलिस, एन.एच.आई. व लोक निर्माण विभाग के अधिकारी व कर्मचारी होगे जो ऐसे क्षेत्रों को चिन्हित करे जहां पर दुर्घटना ज्यादा होती है और वहां पर हर संभव कार्य करेगें जिससे दुर्घटना को कम किया जा सके। जिलाधिकारी ने अवैध पार्किग के बारे में जानकारी करते हुये कहा कि ऐसे अवैध पार्किग को तत्काल प्रभाव से हटाया जाये तथा जो पार्किग बनी हुयी है उनको जल्द से जल्द संचालित किया जाये। जिलाधिकारी ने सभी अधिशाषी अधिकारी नगरपालिकाओं को निर्देश दिये कि वह सभी अपने क्षेत्रों में वैध पार्किग स्टैण्डों की सूची उपलब्ध करायेगें। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारी को निर्देश दिये कि जो भी स्कूलों की बसे चल रही है उनके उपयुक्तता प्रमाण पत्र व प्राप्त करने के बाद ही बसों का संचालन किया जाये तथा बसों में कार्य करने वाले कर्मिकों व ड्राइवर का चरित्र सत्यापन करा लिया जाये। जिलाधिकारी ने अग्निशमन अधिकारी को निर्देश दिये कि सभी बसों में अग्निशमन यंत्रों के साथ ही बसों का संचालन हो यह भी सुनिश्चित किया जाये। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये कि सभी चौराहे पर कैमरे लगाना सुनिश्चित करें। बैठक के दौरान प्रभागीय निदेशक सामाजिक वानिकी वन प्रभाग बृज मोहन शुक्ला, उपजिलाधिकारी सदर गौरव रंजन, उपायुक्त श्रम एवं रोजगार सुशील कुमार श्रीवास्तव, अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका सीतापुर वैभव त्रिपाठी, जिला पंचायत राज अधिकारी मनोज कुमार, उपायुक्त उद्योग आशीष गुप्ता सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# एनजीटी ने दिल्ली के आदेश पर हुई कार्रवाई

## अधिकारियों ने की इंडस्ट्री से प्रदूषण की जांच, होतीलाल ने की थी शिकायत

जन एक्सप्रेस। गोला गोकर्णनाथ खीरी



गोला गोकर्णनाथ खीरी।प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अधिकारियों ने डीएम द्वारा नामित तहसीलदार की मौजूदगी में शिव शंकर इंडस्ट्रीज में प्रदूषण की जांच की। नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल नई दिल्ली के आदेश पर प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड लखनऊ और डीएम द्वारा नामित अधिकारी तहसीलदार ने शुक्रवार को इंडस्ट्री पहुंच संयुक्त जांच कर रिपोर्ट तैयार की है।

तहसील कार्यालय के पीछे बांकेगंज-कोंधवा मार्ग पर शिवशंकर इंडस्ट्रीज के विस्तार के बाद ध्वनि, वायु प्रदूषण होने के बाद भी प्रदूषण नियंत्रण संयंत्र नहीं लगाने से संक्रामक रोगों के फैलने का खतरा पैदा होने की शिकायत मोहल्ले के ही होतीलाल रस्तोगी ने एनजीटी नई दिल्ली से की थी। एनजीटी ने शिकायत दर्ज कर इसकी जांच के लिए टीम गठित की जिसमें एनजीटी के अधिकारियों और जिला मजिस्ट्रेट को नामित किया था। उनके आदेश पर 30 जून शुक्रवार को उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड लखनऊ के क्षेत्रीय अधिकारी पंकज कुमार त्रिपाठी, तहसीलदार विनोद कुमार गुप्ता ने अपनी टीम के साथ शिवशंकर इंडस्ट्रीज पर प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड लखनऊ के क्षेत्रीय अधिकारियों ने चारों तरफ का मानचित्र व वायु - ध्वनि प्रदूषण की जांच की। जिसमें आंटा व तेल का कारखाना को चलवा कर संयुक्त रिपोर्ट एनजीटी नई दिल्ली को भेजने की तैयार की है।

इस संबंध में शिकायत कर्ता होतीलाल रस्तोगी ने अपना पक्ष रखने और अपने मकान की जांच का आग्रह किया जिस पर क्षेत्रीय अधिकारी पंकज कुमार त्रिपाठी ने एनजीटी नई दिल्ली में रखने का सुझाव दिया है।

# कृषक समाज इंटर कॉलेज के समर कैंप का समापन

जन एक्सप्रेस। आशीष कुमार तिवारी



**गोला गोकर्णनाथ खीरी।** नगर के प्रतिष्ठित लखीमपुर रोड स्थित विद्यालय कृषक समाज इंटर कॉलेज के सात दिवसीय समर कैंप का समापन समारोह पूर्वक हुआ। कार्यक्रम का संचालन देवेंद्र सिंह ने किया। समर कैंप में प्रतिदिन विद्यार्थियों को योगा के साथ-साथ जूडो कराटे टेबल टेनिस बास्केटबॉल चित्रकला पेंटिंग में क्राफ्ट गायन नृत्य कंप्यूटर मूर्तिकला इंग्लिश स्पीकिंग और हिंदी में संभाषण तथा वाद विवाद का प्रशिक्षण सुयोग्य प्रशिक्षकों द्वारा पूरी लगन और निष्ठा के साथ प्रदान किया गया। समापन समारोह का शुभारंभ छात्राओं ने मां शारदे के समक्ष वंदना की प्रस्तुति प्रदान करके किया फिर अतिथियों का बैज अलंकरण करके स्वागत किया गया। तथा विभिन्न विधाओं में प्रशिक्षण प्राप्त कर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र और मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि ए आर एस में ऑल इंडिया प्रथम रैंक प्राप्त कॉलेज के पूर्व छात्र नई दिल्ली पूसा के वैज्ञानिक डॉ मोहम्मद हसनैन ने अपने प्रेरणाप्रद उदगार से विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया और कहा जीवन में सफल होने के लिए दृढ़ इच्छाशक्ति और कठिन परिश्रम बहुत जरूरी है। समारोह की अध्यक्षता कर रहे कालेज प्रबंधक एवं पूर्व सांसदरवि प्रकाश वर्मा ने विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करते हुए कहा की अपने को जीतकर कोई भी व्यक्ति दुनिया का सर्वश्रेष्ठ व्यक्ति बन सकता है बस आवश्यकता है कार्य के प्रति ईमानदार रहें तथा समय पालन स्पष्ट लक्ष्य और मजबूत इरादा कायम रखें। अंत में प्रधानाचार्य डॉ एल आर वर्मा ने आए हुए अतिथियों के प्रति तथा प्रशिक्षण देने वाले शिक्षकों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए विद्यार्थियों को जीवन में सर्वश्रेष्ठ करने के लिए सदैव तत्पर रहने की सलाह दी। समर कैंप के सफल आयोजन में उप प्रधानाचार्य लेफ्टिनेंट अनंत प्रकाश सरोज, डॉ अनिल कुमार, ओम प्रकाश यादव, सुमन कनौजिया, श्रेया मिश्रा, आबिद अली, मनीषा भारती, रागिनी, आरती गुप्ता, अनुपम वर्मा, सत्यवती गौतम, उमेश तिवारी, अंकित शर्मा, अरुण शेखर अंकित वर्मा और संजय राज का विशिष्ट योगदान रहा। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों के उत्साहवर्धन के लिए प्रबंध समिति के उप मंत्री विनोद चंद्र मिश्र सहित सभी शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित रही।

# दुकान नंबर 19 का आवंटन रद्द

## मृतक के नाम चल रहा था आवंटन, बिना अनुमति निर्माण करने व किराया ना जमा करने पर की गई कार्रवाई

जन एक्सप्रेस। आशीष कुमार तिवारी

**जन एक्सप्रेस**
**खबर का असर**

**गोला गोकर्णनाथ खीरी।** स्थानीय अलीगंज मार्ग पर स्थित कई दुकानें जिला पंचायत की हैं। एक दुकान में बिना अनुमति निर्माण कराने और किराया ना जमा करने को लेकर सहायक राजस्व निरीक्षक ने अपर मुख्य अधिकारी को रिपोर्ट भेजी है। इस मामले की प्रमुखता से दैनिक जन एक्सप्रेस अखबार में खबर छपने पर अधिकारियों ने संज्ञान में लिया था। गोला के सहायक राजस्व निरीक्षक संदीप कुमार मित्तल ने जिला पंचायत के अपर मुख्य अधिकारी को भेजी रिपोर्ट में कहा है कि अलीगंज रोड पर दुकान नंबर 19 है और उसी के प्रथम तल पर दो दुकानें सतीश कुमार सेठी के नाम से आवंटित है। उनका निधन हो चुका है। जिसकी सूचना पूर्व में कार्यालय को दी जा चुकी है। राजस्व निरीक्षक ने भेजी गई रिपोर्ट में कहा है कि उनके बेटे सुमित सेठी उसका संचालन कर रहे हैं और दुकान के ऊपर बिना अनुमति अस्थाई जीना बनाने के बाद फाइबर शीट,लोहे के फ्रेम से एक कमरा बना दिया है। तमाम बार कहने के बाद भी दुकान का किराया अदा नहीं कर रहे हैं। मौजूदा समय में दुकान का बकाया किराया 50 हजार रुपए हो चुका है। कई बार जाने के बाद भी दुकान अक्सर बंद मिलती है।सहायक राजस्व निरीक्षक ने दुकान की नीलामी करा कर फिर से आवंटन कराने की संस्तुति सहित रिपोर्ट भेजी थी। अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत लखीमपुर ने आवंटन की शर्तों का उल्लंघन किए जाने, बिना अनुमति द्वितीय तल पर निर्माण किए जाने, बकाया किराया जमाना किए जाने और पिता की मृत्यु के बाद दुकान का आवंटन अपने नाम अभी तक न कराए जाने आदि मामलों को संज्ञान में लेते हुए उक्त दुकान का आवंटन निरस्त कर दिया है। इसकी सूचना दुकान मालिक के पुत्र को दे दी गई है और स्थानीय सहायक राजस्व निरीक्षक को दुकान खाली कराकर कब्जे में लेने और दुकान की पुनः नीलामी कराए जाने का निर्देश दिया गया है।

# पुलिस ने 24 घंटे में पांच लोगों को करीब 3 लाख रुपए कराए वापस

जन एक्सप्रेस। सुनहरा



**लखीमपुर खीरी।** कोतवाली सदर पुलिस ने साइबर अपराधियों पर शिकंजा कसते हुए एसडीओ विद्युत विभाग समेत शहर के पांच लोगों को करीब 3 लाख रुपए वापस करा दिया है। साइबर क्राइम की बागडोर संभाले स्पेक्टर क्राइम और उनकी सहयोगी टीम नीलम सागवान और मानसी खरे ने उपखंड अधिकारी विद्युत वितरण निगम उग्रसेन की शिकायत पर साइबर क्राइम के तहत मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू की तो कई मामले चौकाने वाले नजर आए, जिसके तहत साइबर क्राइम निरोधक टीम ने सबसे पहले उपखंड अधिकारी के खाते से उड़ाए गए 129798 को खाते में फ्रीज करा कर उन्हें वापस कराया ।साथ ही आस्था महिंद्रा को 132200 अरुणेश अग्निहोत्री का 8000 फुलकी बाथम का 35000 अतुल सिंह का 5000 प्रीतेश का 7000 वापस कर आया है। वही एंटी साइबर सेल बैंक व नेट बैंकिंग का प्रयोग करने वालों को हिदायत दी है कि वह ओटीपी शेयर ना करें व्हाट्सएप फेसबुक ट्विटर इंस्टाग्राम पर आए लिंक को क्लिक न करें, फोन पर आई कॉल पर अगर किसी ने कहा है आपके खाते में इतना पैसा भेज दिया गया है तो आप यह समझते वह फ्रॉड गाल है इससे आपके खाते से पैसा जा सकता है। लखीमपुर में भी करीब 2 दर्जन लोग इस ठगी का शिकार आजकल साइबर सेल अपराधियों ने फेसबुक इंस्टाग्राम वीडियो गेम जैसे तमाम डाउनलोड करने पर विभिन्न तरीके के प्रलोभन देकर खाताधारकों के खाते से पैसा निकालने का काम कर रहे हैं। जनपद लखीमपुर में भी करीब 2 दर्जन लोग इस ठगी का शिकार हो चुके हैं साइबर क्राइम से अपराधियों पर अपनी पैनी नजर बनाए हुए हैं और जल्द ही अन्य लोगों का पैसा भी उनके खाते में वापस कराया जाएगा।

# कांग्रेसियों ने धूमधाम से मनाई ऊदा पासी की जयंती

जन एक्सप्रेस। लखीमपुर-खीरी




**लखीमपुर-खीरी।** 1857 स्वतंत्रता संग्राम की नायिका ऊदा पासी की जयंती आज कांग्रेस कार्यालय लखीमपुर मे धूमधाम के साथ मनाई गई इस अवसर पर उनके योगदान को याद किया गया।

जिला अध्यक्ष पहलाद पटेल ने बताया कि अवध के नवाब को जब अंग्रेजों ने बन्दी बना लिया तब नवाब की पत्नी बेगम हजरत महल ने वीरांगना ऊदा पासी की मदद से अंग्रेजों के विरुद्ध लड़ने के लिए महिलाओ की टोली बनाई उसका नेतृत्व ऊदा पासी ने किया और उनके छक्के छुड़वाये । भले ही उनको सम्मान कम मिला उनके योगदान को हम भारतीय स्वतंत्रता के आंदोलन हम सभी याद करते है। इस अवसर पर गंगाराम पासी, रघुनन्दन राज, राम जीवन एडवोकेट, विकास राजवंशी, बाबूराम, प्रेम वर्मा, मतीन शाह, राम प्रसाद विश्वकर्मा, ऋतुराज रवि गोस्वामी, राजेश कुमार, राम लखन, हरि गोविंद वर्मा, राजेंद्र गुप्ता, आदर्श राणा, अनुराग, राजकिशोर, राजू बाबूराम मौर्य, बबलू आदर्श, राज आदि लोग शामिल हुए।

# ग्राम प्रधान और उनके पति के खिलाफ धोखाधड़ी समेत कई धाराओं में रिपोर्ट दर्ज

## पुनर्भू ग्रंट ग्राम पंचायत का है मामला, शपथ पत्र में दी थी गलत जानकारी, कोर्ट के आदेश पर हुई कार्यवाई

जन एक्सप्रेस। गोला गोकर्णनाथ खीरी

पंचायत चुनाव के दौरान दाखिल शपथ पत्र में गलत जानकारी देने के मामले में ग्राम प्रधान और उसके पति के खिलाफ कोर्ट के आदेश पर रिपोर्ट दर्ज की गई है। ब्लॉक बांकेगंज की ग्राम पंचायत पुनरभूग्रंट के मजरा ग्राम द्वारिकागंज निवासी गुड्डू वारसी ने का कहना है कि ग्राम पंचायत में प्रधान पद पर नजमा खान पत्नी वसीउल्ला खां ने नामांकन फार्म के साथ जो शपथ पत्र प्रस्तुत किया था उसमें तथ्य छुपाए गए थे। जिसकी शिकायत डीएम और मुख्यमंत्री पोर्टल पर की गई थी। प्रधान नजमा खान ने चुनाव नामांकन पत्र व शपथ पत्र में अपनी योग्यता इंटरमीडिएट उत्तीर्ण वर्ष 1985 पूरनपुर जिला पीलीभीत दर्शाया है। जबकि पूरनपुर में इस नाम का कोई स्कूल नहीं है। आधार कार्ड में जन्मतिथि 1 जनवरी 1974 जबकि इंटर पास होने की तिथि 1985 दर्शाई गई है इस हिसाब से नजमा खान की उम्र इंटरमीडिएट पास होते समय 11 वर्ष होती है। इनका मकान पुनर्भू ग्रंट में नहीं है बल्कि इनका मकान ऊंची भूड़ मोहल्ले में है। नजमा खान और उनके पति का नाम गोला नगर पालिका और विधानसभा सूची में दर्ज है। शपथ पत्र में कोई भी अभियोग दर्ज ना होना दर्शाया गया है जबकि वर्ष 2016 में नजमा खान और उनके पति पर मुकदमे दर्ज हैं। नामांकन पत्र के साथ नजमा खान द्वारा पिछड़ी जाति का प्रमाण पत्र दाखिल किया गया है जबकि वह अपने मायके व ससुराल से सामान्य जाति पठान में आते हैं।
शिकायत पर जांच की गई थी जिसमें नजमा खान, वसीउल्ला खां ने बयान किया था कि शपथ पत्र में आधार, पैन कार्ड में जन्मतिथि 1 जनवरी 1974 है जबकि उन्हें विद्यालय का नाम याद नहीं है उनके पास टीसी मार्कशीट और प्रमाण पत्र भी नहीं है। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने 420, 468, 471 के तहत रिपोर्ट दर्ज कर गई है।

# 'कांवड़ यात्रा मार्ग पर सुगम यातायात के लिए सभी व्यवस्थाएं हों सुनिश्चित'

जन एक्सप्रेस। शाजिफ हुसैन




**लखीमपुर खीरी।** सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाएं जाने तथा यातायात नियमों के प्रति आमजन को जागरूक करने के उद्देश्य से शुक्रवार को डीएम महेंद्र बहादुर सिंह की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक हुई। बैठक में जनपद में घटित दुर्घटनाओं का विश्लेषण, दुर्घटना संभावित क्षेत्रों (वनरेबल लोकेशन), स्कूली वाहनों के मानकों अनुरूप होने पर ही संचालन किए जाने पर विस्तृत चर्चा हुई। बैठक का संयोजन, संचालन पीडब्ल्यूडी निर्माण खंड तृतीय के अधिशासी अभियंता अनिल कुमार यादव ने किया।

जिले में सड़क-सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए डीएम ने अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाई करने के निर्देश दिया। श्रावण मास पर कांवर यात्रा के मद्देनजर संबंधित खंड के अधिशासी अभियंता कांवड़ यात्रा मार्ग पर सुगम यातायात उपलब्ध कराने के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराएं। एनएच के भीरा-पलिया मार्ग के मरम्मत, अतरिया ब्लैक स्पॉट पर सुधारात्मक कार्यवाही, शारदा सेतु के वेयरिंग कोर्स की मरम्मत हेतु एनएचआई के प्रतिनिधियों को निर्देशित किया। जिले में जहां पर घुमावदार स्थान तथा ब्लाइंड स्पॉट है, वहां से सौ मीटर पूर्व में साइनेज लगाने के दिशा निर्देश दिया। स्कूली वाहन मानक के अनुरूप होने पर ही संचालित हो। सड़क निर्माण एजेंसियों को डीएम ने निर्देशित करते हुए कहा कि उनके मार्ग पर जितने भी ब्लैक स्पॉट अवशेष हैं, उनका शीघ्र अति शीघ्र सुधारात्मक कार्य पूर्ण कराया जाए। उन्होंने ब्लैक स्पॉटवार सुधारीकरण कार्य की प्रगति जानी। डीएम ने जिले में घटित दुर्घटनाओ का विश्लेषण करते हुए नए ब्लैक स्पॉट एवं बनरेबल लोकेशन चिन्हित करने के निर्देश दिए। डीएम ने सुझाव दिया कि लिंक मार्ग व मुख्य मार्गो को कनेक्ट करने वाले स्थानों के पास संकेतांक के साथ मानक के अनुसार स्पीड ब्रेकर बनाए जाए। परिवहन-पुलिस विभाग को निर्देश दिया कि नियमित रूप से यातायात नियमों की जानकारी जन-जन तक पहुँचाये जाने के उद्देश्य से वाल राईटिंग, हैण्डबिल्स, होर्डिंग्स व बैनर इत्यादि के माध्यम से व्यापक प्रचार-प्रसार करायें। बैठक में सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता, ईई पीडब्ल्यूडी तरुणेंद्र त्रिपाठी, अनिल कुमार यादव, एनएचएआई बरैली से टीम लीडर अनवर अली, एआरटीओ प्रशासन आलोक कुमार सिंह, डिप्टी सीएमओ डॉ धनीराम, डीआईओएस डॉ. महेंद्र प्रताप सिंह, एआरएम रोडवेज मुकेश मेहरोत्रा सहित जिला सड़क सुरक्षा समिति के सम्मानित सदस्य मौजूद रहे।

# जिला शिक्षा एवं अनुश्रवण समिति की मासिक समीक्षा बैठक सम्पन्न

जन एक्सप्रेस। शाजिफ हुसैन



**लखीमपुर खीरी।** शुक्रवार शाम डीएम महेंद्र बहादुर सिंह की अध्यक्षता में जिला शिक्षा एवं अनुश्रवण समिति की मासिक समीक्षा बैठक ली, संबंधित को जरूरी निर्देश दिए। बैठक का संचालन बीएसए डॉ लक्ष्मीकांत पांडे ने किया। बैठक की अध्यक्षता करते हुए डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने निर्देश दिए कि डीटीएफ के सदस्य सभी संबंधित अधिकारीगण अनिवार्य रूप से विद्यालयों के निरीक्षण को पूर्ण करते हुए अपनी अद्यतन आख्या बीएसए के जरिए उन्हें भिजवाए। बीडीओ-बीईओ आपसी समन्वय से कायाकल्प के अधूरे कामों को समयबद्ध रूप से गुणवत्ता से पूरा कराएं। डीएम ने निघासन विकास क्षेत्र में सर्वाधिक स्मार्ट क्लासेज, निपुण विद्यालय बनाने के लिए खंड शिक्षा अधिकारी बृजेश त्रिपाठी की सराहना की। डीएम ने परिषदीय विद्यालयों, कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों में निर्माणाधीन कामो की प्रगति की समीक्षा की, कार्यदायी संस्था को जरूरी निर्देश दिए। अधूरे निर्माण कार्यो को समयबद्ध रूप से गुणवत्ता के साथ पूरा किया जाए। यदि कहीं कोई बाधा उत्पन्न हो रही है तो उसे सीडीओ अथवा उनके संज्ञान में लाया जाए। जिन विद्यालयों में बाउंड्री वाल, शौचालय का काम अधूरा है वहां बीईओ स्वयं अनुश्रवण एवं पर्यवेक्षण करते हुए युद्धस्तर पर गुणवत्तायुक्त काम को पूरा कराएं। बैठक में डीएम ने एसएमसी गठन सूचना प्रेरणा पोर्टल पर अपलोडिंग, केजीबीवी परिसर में एकेडमिक, छात्रावास निर्माण की प्रगति, डीबीटी मॉडल, स्कूल चलो अभियान, मिशन प्रेरणा, फेज-दो, निपुण भारत के प्रभावी क्रियान्वयन, ऑपरेशन कायाकल्प के तहत विद्यालयों में 19 पैरामीटर्स के संतृप्तिकरण, कक्षाओं को प्रेषित विभिन्न शैक्षिक सामग्री व शिक्षकों की दक्षता वृद्धि हेतु प्रशिक्षण, मेंटरिंग एवं प्रोग्राम प्रगति का प्रस्तुतीकरण, डीटीएफ डीटीएफ निरीक्षण, सहयोगात्मक पर्यवेक्षण, शिक्षक संकुल बैठक, दिव्यांग बच्चों की ट्रैकिंग, शैक्षणिक कार्यक्रमों की प्रगति संबंधी समर्थ प्रणाली का प्रस्तुतीकरण, मध्यान भोजन टास्क फोर्स, बा विद्यालय में स्टाफ उपस्थिति प्रतिशत की बिंदुवार समीक्षा की व जरूरी निर्देश दिए।

बैठक में बीएसए डॉ लक्ष्मीकांत पांडे ने बताया कि आज की बैठक में जो भी निर्देश डीएम व सीडीओ द्वारा दिए गए हैं उनका उनके स्तर से या उनकी टीम द्वारा पूर्णतया अनुपालन किया जाएगा। बैठक में डीआईओएस डॉ महेंद्र प्रताप सिंह, सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता, डीएसओ अंजनी कुमार सिंह, सभी खंड विकास अधिकारी, खंड शिक्षा अधिकारी मौजूद रहे।

# मादक तस्कर की दो करोड़ 30 लाख की संपत्ति होगी कुर्क

## एसपी दिनेश सिंह की रहती है शातिर तस्करों पर पैनी नजर

जन एक्सप्रेस । बाराबंकी

जिला प्रशासन व थाना जैदपुर की टीम मादक तस्करी के गिरोह के एक सदस्य अलीम की 2 करोड़ 30 लाख रुपए की संपत्ति कुर्क करेगी। प्रशासन का अलीम उर्फ़ साधू पुत्र मोहम्मद उमर निवासी टिकरा मुर्तजा पर आरोप है कि वह अपने गिरोह के सक्रिय सदस्य जीपी सिंह पुत्र साहबलाल निवासी रसूलपुर, सनाउल्लाह पुत्र अतउर्रहमान, मोहम्मद मारूफ पुत्र मोहम्मद यामीन उर्फ चुन्ना व अपने पुत्र मोहम्मद कैफ के साथ मिलकर मादक पदार्थ की तस्करी करता था। जिससे कमाए हुए धन से उसने अपने गांव टिकरा मुर्तजा में पत्नी तरन्नुम के नाम 10 कीमती भूखंडों को खरीदा है। जिनकी कुल कीमत 2 करोड़ तीस लाख रुपये है। बता दें कि पुलिस रजिस्टर में आरोपी अलीम उर्फ़ साधू पर थाना जैदपुर व नगर कोतवाली में 6 मुकदमे दर्ज है। जिनमें ज्यादातर मुकदमे गैंगस्टर एक्ट से जुड़े है।

### निशाने पर है टिकरा मुर्तजा-उस्मा

जिले में थाना जैदपुर के जिले में टिकरा मुर्तजा व उस्मा दो गांव मादक तस्करी के लिए कुख्यात है। जनपद के पूर्व कप्तान रहे तेजतर्रार व इमानदार छवि के धनी एसपी अनुराग वत्स ने जब जिले में तैनाती संभाली। तो सबसे पहले उन्होंने इन्हीं दोनों गांव में अपनी चौकसी बढ़ाई। जिसके बाद धीरे-धीरे शातिर तस्करों की धरपकड़ तेज हुई और उनकी संपत्ति को कुर्क करने की कार्रवाई भी शुरू हो गई । एसपी अनुराग वत्स के चले जाने के बाद जनपद के नए कप्तान दिनेश कुमार सिंह ने कमान संभालते ही इन दोनों गांव के शातिर तस्करों की कुंडली खंगालने में जुट गए। जिसमें पुलिस अधीक्षक ने काफी हद तक एएसपी दक्षिणी अखिलेश नारायण सिंह व डिप्टी एसपी सुमित त्रिपाठी की मदद से दोनों गांव के शातिर तस्करों की कमर तोड़ कर रख दी है। लेकिन एसपी अपनी पैनी नजर इन दोनों गांव पर बनाए हुए है।

# सीसी निर्माण में घटिया सामग्री का ग्रामीणों ने किया विरोध

जन एक्सप्रेस । कालपी



कदौरा विकासखंड क्षेत्र के खुटमिली ग्राम पंचायत के मजरा पाली गांव में पड़ रही सीसी निर्माण कार्य में घटिया कार्य होने पर ग्रामीणों ने विरोध जताकर मानक के अनुसार कार्य करवाने की मांग जिलाधिकारी से की है।

विकासखण्ड क्षेत्र के ग्राम पंचायत खुटमिली के मजरा पाली में क्षेत्र पंचायत द्वारा सोमवार को सीसी निर्माण कार्य में घटिया कार्य करने पर ग्रामीण प्रदीप, दुर्गा, उपेंद्र, अरुण, दिलीप, राजेश , लक्ष्मण, विश्वनाथ, यदुनाथ, राम प्रकाश, प्रमोद, पंकज, दिवेश आदि ने आरोप लगाते हुए बताया कि गांव मे क्षेत्र पंचायत द्वारा सीसी निर्माण कार्य में वापसी गिट्टी 2 इंची डालकर सीसी बना रहे हैं। साथ ही कीचड़ में गिट्टी मसाला डालकर सीसी निर्माण कार्य कराया जा रहा है जिससे कुछ दिन बाद यह सीसी खराब होकर जर्जर हो जाएगी जिससे गांव के ग्रामीणों को दलदल से गुजारना पड़ेगा। दलदल व कीचड मे आरसीसी डालकर खाना पूर्ति कर हैं। वही ग्रामीणों ने जिलाधिकारी जालौन से सीसी निर्माण कार्य में मानक के अनुसार कार्य कराए जाने की मांग की है।

## फास्ट फॉरवर्ड

### एससी-एसटी की रिपोर्ट दर्ज

**जन एक्सप्रेस/उरई।** कुठौंद थाना क्षेत्र के ग्राम नौरेजपुर निवासी अवधेश कुमार पुत्र राम प्रसाद ने रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि अखिलेश पुत्र कामता निवासी नोरेजपुर ने उसके साथ मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी व जातिसूचक शब्दों से अपमानित किया। इस पर पुलिस ने एससी एसटी एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों के खिलाफ कार्यवाही करने की बात कही।

### गांजा समेत एक को दबोचा

**जन एक्सप्रेस/उरई।** शहर कोतवाली के उप निरीक्षक विनोद कुमार ने वी मार्ट मॉल के सामने भांग के ठेका पर छापा मारकर रामू सोनी पुत्र माता प्रसाद 8984 थाना हो रही को गिरफ्तार कर लिया जब उसकी तलाशी ली तो उसके पास से 12 से 7 ग्राम गांजा बरामद हुआ इस पर पुलिस ने उसको न्यायालय में पेश करने के बाद जेल भेज दिया।

### चाकू समेत किया गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस/उरई।** रामपुरा थाना क्षेत्र के ग्राम निनावली रोड के पास उपनिरीक्षक ओंकार तिवारी चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान उन्होंने बंटी और प्रवीण पुत्र बलवंत निवासी हनुमान चबूतरा थाना रामपुरा को गिरफ्तार कर लिया। जब उसकी तलाशी ली तो उसके पास से एक नाजायज चाकू बरामद हुआ इस पर पुलिस ने अभियुक्तों न्यायालय केस करने के बाद जेल भेज दिया।

### दो लोगों के खिलाफ गैंगस्टर की कार्रवाई की

**जन एक्सप्रेस/कालपी।** कोतवाली प्रभारी जितेंद्र सिंह ने सुलेमान पुत्र शुभ बदलि निवासी गांधी नगर अकबरपुर जनपद कानपुर देहात और इस्माइल पुत्र हसन खां निवासी तुलापुर सिकंदरा थाना राजपुर जनपद कानपुर देहात के खिलाफ एक सुसंगठित गठित गिरोह बनाकर चोरी जैसी अपराध किए और आर्थिक व भौतिक लाभ अर्जित करें लोगों को हानि पहुंचाई। जिसके चलते उन्होंने दोनों अभियुक्तों के खिलाफ गैंगस्टर के तहत कार्रवाई कर उन्हें भेज दिया।

### गैर इरादतन हत्या की रिपोर्ट दर्ज

**जन एक्सप्रेस/उरई।** जनपद झांसी के जिला समथर के ग्राम साकिन निवासी राकेश पुत्र घनश्याम ने शहर कोतवाली पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि उसका भाई दयाराम डिग्री कॉलेज कोंच रोड के पास बाइक से जा रहा था। इसी दौरान ईको चालक ने बाइक में टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। आनन-फानन में लोगों ने उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जहां पर इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। इस पर पुलिस ने आरोपी चालक के खिलाफ गैर इरादतन हत्या की रिपोर्ट दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

### रिस्पांस टाइम बेहतर करें पीआरवी: पुलिस अधीक्षक

**जन एक्सप्रेस/बाराबंकी।** पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह ने शुक्रवार को शहर के परेड ग्राउंड में हुई साप्ताहिक परेड का निरीक्षण कर सलामी ली। इस दौरान एसपी ने परेड में शामिल पुलिसकर्मियों से अनुशासन में एकरूपता बनाए रखने के निर्देश दिए। जिसके बाद एसपी ने पीआरवी वाहनों का निरीक्षण कर रिस्पांस टाइम बेहतर करने के निर्देश दिए। साथ ही पुलिस लाइन परिसर में साफ-सफाई बनाए रखने के लिए निर्देशित किया गया। पुलिस अधीक्षक के इस निरीक्षण के दौरान क्षेत्राधिकारी सदर सुमित त्रिपाठी प्रतिसार निरीक्षक सुभाष चंद्र मिश्र सहित अन्य पुलिसकर्मी उपस्थित रहे।

# लोगों को धोखा देकर ठगी करने वाला जालसाज़ गिरफ्तार, तमंचा बरामद

जन एक्सप्रेस । कदौरा




लोगों के साथ धोखाधड़ी कर ठगी करने वाले जालसाज़ को पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर गिरफ्तार कर लिया। तलाशी लेने पर उसके पास से तमंचा कारतूस बरामद कर चालान कर दिया गया। मामले का खुलासा प्रभारी निरीक्षक ने थाना परिसर में किया। मामले का खुलासा करते हुए प्रभारी निरीक्षक अजय कुमार सिंह ने बताया की शुक्रवार को उन्हें सूचना मिली कि एक युवक अपने आपको पत्रकार व वकील बता कर लोगों के साथ ठगी कर रहा है। मामले को गम्भीरता से संज्ञान में लेते हुए प्रभारी निरीक्षक आरोपी युवक को पकड़ कर थाने लाए ओर उससे पूछताछ शुरू कर दी। इस दौरान उसने अपना नाम मनीष श्रीवास्तव निवासी सरसई थाना चुर्खी बताया। उसने बताया की उसने 28 जून को एक चैनल से एक महिला को जान से मारने व अपरहण के संबंध में ट्विट किया गया था। ट्वीट के संबंध में जब पुलिस ने जांच की तो मालूम हुआ की युवक द्वारा धनश्याम निवासी भेड़ी खुर्द से जमीन के काम कराने के एवज में 40 हजार रुपए अपने खाते में ट्रांसफर कराए गए थे। बताया कि काम न होने पर घनश्याम ने रुपए वापस मांगे तो उसे जान से मारने व फर्जी मुकदमे में फंसाने की धमकी दी गई। फिलहाल पुलिस ने कड़ाई से पूछताछ के बाद आरोपी के विरुद्ध सम्बन्धित कारवाई कर चालान कर दिया।

### ब्लाक कर्मचारियों ने धूमधाम से मनाया बीडीओ का जन्मदिन

**जन एक्सप्रेस/रामनगर-बाराबंकी।** विकासखंड रामनगर कार्यालय में शुक्रवार को कर्मचारियों ने बड़ी धूमधाम से अपने खंड विकास अधिकारी अमित कुमार त्रिपाठी का जन्म दिवस मनाया। इस मौके पर वीडियो श्री त्रिपाठी ने अपने जन्मदिवस को और ज्यादा विशेष बनाने के लिए ब्लॉक परिसर में एक पौधा भी रोपित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि हम सभी को खास मौकों पर अधिक से अधिक पौधे लगाने चाहिए और उनकी आगे देखभाल करनी चाहिए। जिसके बाद सभी कर्मचारियों द्वारा लाए गए के कोविड-19 काटकर सभी का अपने हाथों से मुंह मीठा कराया। इस मौके पर एडीओ पंचायत राम आसरे, एपीओ मनरेगा डी पी चंद्रा, विनोद कुमार मिश्रा सहित बड़ी संख्या में ब्लॉक के कर्मचारी उपस्थित रहे।

# महिला सफाई कर्मचारी की सेवानिवृत्ति पर एसडीएम व चेयरमैन ने दी विदाई

जन एक्सप्रेस । कालपी



नगर पालिका की सफाई कर्मचारी राजकुमारी का विदाई समारोह एसडीएम केके सिंह, नगर पालिका परिषद अध्यक्ष अरविंद यादव, ईओ वेद प्रकाश यादव की मौजूदगी में संपन्न हुआ। इस मौके पर पालिका के निकाय कर्मचारियों ने भावभीनी विदाई दी। पालिका भवन में आयोजित विदाई समारोह मे विचार व्यक्त करते हुए उप जिलाधिकारी ने कहा कि शासकीय सेवा में सेवानिवृत्त होना एक प्रक्रिया है। उन्होंने कहा कि अपने कार्यकाल के दौरान अच्छे काम करने वालों को लोग हमेशा याद करते हैं।

नगर पालिका अध्यक्ष अरविंद यादव ने विचार व्यक्त करते हुए सेवानिवृत्त महिला कर्मचारी राजकुमारी ने नगर की सफाई व्यवस्था में जो योगदान दिया है, उसे भुलाया नहीं जा सकता है। उनके कार्यों को देख कर नौजवान कर्मचारियों को प्रेरणा लेनी चाहिए। इस मौके पर सफाई निरीक्षक सुनील कुमार राजपूत, राजस्व निरीक्षक रामभुवन सिंह, निर्माण लिपिक सरफराज बाबा, शिशुपाल सिंह, लिपिक रमेश यादव, ऑपरेटर एवं पूरे कार्यालय के कर्मचारी उपस्थित रहे। सभी ने अपने अपने विचार व्यक्त किए एवं उनको ढेर सारे उपहार देकर सम्मानित किया गया। विदाई समारोह का संचालन हरी भूषण सिंह चौहान प्रधान ने किया।

# दरोगा की कार से कुचलकर ट्रक स्वामी की मौत

जन एक्सप्रेस । उरई

आटा थाना क्षेत्र में नेशनल हाईवे पर तेज रफ्तार कार ने ग्राम उसरगांव के पास ट्रक स्वामी को कुचल दिया जिससे उसकी मौत हो गई। शहर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला इंदिरा नगर तुफैल पुरवा निवासी फजयब आलम उर्फ बाबू 32 वर्ष ट्रक स्वामी था। बताया गया है कि शुक्रवार की सुबह उसके पास सूचना आई कि ट्रक कालपी कोतवाली क्षेत्र के नेशनल हाइवे स्थित उसरगाव के पास खराब हो गया है। ट्रक खराब होने की जानकारी मिलते ही वह जिसके मौके पर पहुच गया। इस दौरान झांसी की ओर से आ रही तेज रफ्तार कार ने उसे टक्कर मार दी, जिससे वह घायल हो गया। इस दौरान वहां मौजूद साथ के लोगों ने कार चालक दरोगा सुमित कुमार को कार सहित पकड़ कर आटा पुलिस को सौंप दिया, और घायल ट्रक मालिक को गम्भीर हालत में उठाकर जिला अस्पताल ले गए। जहां पर उसकी हालत नाजुक देखते हुए चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार देने के बाद उसे कानपुर मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। बताया गया है कि घटना को अंजाम देने वाली कार चालक दरोगा ककरबई थाने में एसआई के पद पर तैनात है। दरोगा द्वारा थाने में घायल का इलाज कराने की बात उसके घरवालों से कहने पर आटा पुलिस ने पकड़े गए दरोगा को कार सहित छोड़ दिया। लेकिन कानपुर ले जाते समय घायल की रास्ते में मौत हो गई। घटना की खबर जैसे ही उसके परिजनों को दी गई तो उनमें कोहराम मच गया।

# 34 बकायेदारों की काटी बिजली दो लाख की वसूली की

जन एक्सप्रेस । कालपी



विद्युत विभाग के उपखंड अधिकारी की मौजूदगी में नगर के कई मुहल्लों में चैकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान बिभागीय टीम के द्वारा 10 हजार ऊपर के 34 बकायेदारों के संयोजन काटने की कार्यवाही की गई है। साथ ही 2 लाख रुपये राजस्व की वसूली की गई। उपखंड अधिकारी आदर्श राज व अवर अभियंता अशोक कुमार ने सबसे अधिक बकायेदारों वाले मुहल्ले को राडार में लिया तथा चेकिंग शुरू की। इस दौरान बकायेदारों के 34 विद्युत कनेक्शनों को काट दिया।

टीम ने इंदिरानगर, महमूदपुरा, रावगंज, लंका मीनार वाले इलाकों के मुहल्ले में सघन चैकिंग अभियान चलाकर बकायेदारों के कनेक्शन काट कर बिजली गुल कर दी।

एसडीओ ने बताया कि संयोजन कटे होने के बावजूद अगर बकायेदारों के द्वारा बिजली का उपयोग किया जाता है, तो ऐसे उपभोक्ताओं के खिलाफ विद्युत अधिनियम के अंतर्गत मुकदमा दर्ज करने की कार्रवाई की जायेगी। इस मौके पर दिलीप कुमार, कैलाश बाबू, रिंकू पोरवाल, भूपेंद्र सिंह, फहमीद, अजय कुमार निगम, इसरार खान, विमल, लल्लन आदि कर्मचारी जुटे रहे।

# जयमाली के बाद दुल्हन ने शादी करने से किया इनकार

जन एक्सप्रेस । कालपी

कदौरा में आयोजित सामूहिक विवाह सम्मेलन में जयमाला डालने के बाद दुल्हन ने शादी से इंकार कर दिया। आरोप लगाया कि जो लड़का शादी से पूर्व दिखाया गया था वो लड़का बदल दिया गया। दुल्हन सीधे थाने पहुंच गई।पुलिस से आप बीती बताई गई। वही पुलिस द्वारा दूल्हे पक्ष को बुलाकर मामले की सुनवाई की गई। एक काफी देर तक दोनो पक्षों में मान मनौव्वल का दौर चलता रहा। जिससे थाने में वर वधू पक्ष की भीड़ एकत्र रही। थाना ब कस्बा के मेला ग्राउंड क्रिकेट स्टेडियम में शुक्रवार को आयोजित सामूहिक विवाह सम्मेलन में कुल 16 जोड़ो का विवाह बारिश में ही सम्पन्न हो रहा था। जिसमे अंतर्जनपद एक जोड़े में उस वक्त बखेड़ा खड़ा हो गया, जब दुल्हन ने घूंघट में दूल्हे को वरमाला पहनाकर जब दूल्हे को देखा तो नाराज हो गई। शादी से इंकार कर दिया। साथ ही क्रोधित होकर परिजनों को लेकर सीधे थाने पहुंची। वहां पुलिस से दूल्हा बदलने की शिकायत की गई। वही दुल्हन पक्ष के सुधीर द्वारा बताया गया की 1 साल पहले शादी की बात हुई थीज़ तो दूल्हा कोई और दिखाया था और आज शादी में दूल्हा बदल दिया गया। जो कि गलत है। वही दूल्हे पक्ष के लोगो ने कुछ कहने से इंकार कर दिया। वहीं वर व वधू पक्ष की भीड़ के बीच पुलिस द्वारा दोनो को बात सुनी गई। अलग दोनो पक्षों में मान मनौव्वल का दौर काफी देर तक चलता रहा।

# तमंचा कारतूस व चोरी के माल के साथ चार चोर गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस । जालौन



तीन माह पूर्व किसान के घर हुई चोरी के मामले का सीओ ने खुलासा किया। पुलिस ने मामले में चार आरोपियों को गिरफ्तार कर सफेद व पीली धातु के जेवर समेत 20 हजार रुपये नगद बरामद किए। पुलिस ने चोरी की एक बाइक समेत तीन तमंचा व तीन कारतूस भी आरोपियों के पास से बरामद किए। पकड़े गए आरोपियों को पुलिस ने न्यायालय में पेश किया।

जहां से उन्हें जेल भेजा गया। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम रूरा मल्लू निवासी किसान रोहित सेंगर के घर में 26 मार्च की रात अज्ञात चोर घर में घुस गए थे। चोरों ने अलमारी व बक्से का ताला तोड़कर उसमें रखे 86 हजार रुपये नगर समेत सोने चांदी के जेवर चोरी कर लिए थे। जिसकी रिपोर्ट किसान ने कोतवाली में दर्ज कराई थी। वहीं, भिटारा निवासी रंजीत सिंह की बाइक बीती नौ जून को चोरी हो गई थी। जिसकी रिपोर्ट कोतवाली में दर्ज कराई थी। उक्त मामलों का खुलासा करते हुए सीओ रविंद्र गौतम ने बताया कि कोतवाल समीर सिंह को सूचना मिली कि उक्त मामले में आरोपी औरैया रोड पर प्रतापपुरा मोड़ के पास कहीं बाहर भागने की फिरीक में खड़े हैं। सूचना मिलते ही उन्होंने एसआई सर्वेश कुमार व अतुल कुमार को पुलिस टीम के साथ मौके पर भेजा। पुलिस ने मौके से रमन कुमार पुत्र रामकिशन निवासी सैननाये गोपालपुर थाना रसूलाबाद जनपद कानपुर देहात, सत्यम पुत्र मोहनलाल निवासी गिनोली थाना अछल्दा जनपद औरैया, वीरेंद्र वर्मा उर्फ डागर व उमाशंकर उर्फ कल्लू उर्फ टाइगद निवासीगण मोहल्ला हरीपुरा थाना जालौन को पकड़ लिया। जबकि बीपी निवासी ग्राम पुरवा थाना रसूलाबाद जनपद कानपुर देहात व सद्दाम हुसैन निवासी ग्राम निभू थाना रसूलाबाद जनपद कानपुर देहात मौके से भाग निकले। पुलिस ने पकड़े गए आरोपियों के पास से पीली धातु के दो मंगलसूत्र, कान के सुई धागा, एक चैन एवं सफेद धातु की दो जोड़ी तोड़िया, एक जोड़ी बिछिया, एक हाफ पेटी व 20 हजार रुपये नगद बरामद किए। इसके अलावा पुलिस ने आरोपियों के पास से चोरी की एक बाइक, तीन तमंचा, तीन कारतूस व एक पिकअप गाड़ी भी बरामद की। सीओ ने बताया कि पकड़े गए सभी आरोपियों को न्यायालय में पेश किया जा रहा है।

# अज्ञात अधेड़ का शव मिलने से मचा हड़कंप

जन एक्सप्रेस । माधौगढ़

थाना क्षेत्र में बंगरा चौराहा पर अज्ञात अधेड़ का शव मिलने से हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर उसकी पहचान करानी शुरू कर दी। पुलिस के कड़े प्रयासों के बाद भी उसकी शिनाख्त नहीं हो सकी। कोतवाली क्षेत्र के बंगरा चौराहा पर अधेड़ शव के मिलने से इलाके में अफरातफरी मच गई। घटना की खबर मिलते ही मौके पर स्थानीय दुकानदारों के अलावा राहगीरो की भीड़ मौके पर इकट्ठा हो गई। मौजूद लोगों ने मामले की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही कोतवाल विमलेश कुमार, बंगरा चौकी प्रभारी प्रवीण कुमार मिश्रा घटना स्थल पहुंच गए। कोतवाल ने बताया कि मृतक काली सर्ट नीली लोअर पहने हुए हैं, और सफेद रंग के झोले में सब्जी लिए था।आसपास के दुकानदारों, राहगीरों से शिनाख्त कराने के बाद भी जानकारी नही हो सकी। बताया कि मृतक की जेब से कोई पत्र प्रपत्र भी नही मिला जिससे उसकी पहचान की ज सके। फिलहाल शव को मोर्चरी में रखवा दिया गया है, और उसकी पहचान कराने के प्रयास किए जा रहे हैं।

# बड़ी अकीदत व शांतिपूर्ण ढंग से मनाया गया ईद-उल-अजहा का त्यौहार

जन एक्सप्रेस । बाराबंकी

**गली मोहल्लों व चौराहों पर सुरक्षा व्यवस्था रही चाक-चौबंद**

जिले में ईद उल अजहा का त्यौहार बड़ी अकीदत व शांतिपूर्ण ढंग से मनाया गया। इस दौरान जिला अधिकारी अविनाश कुमार व पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह सुरक्षा व्यवस्था को चाक चौकन्ना रखने के लिए लगातार क्षेत्रों का निरीक्षण करते रहे। जिसमें उन्होंने शहर की ज्यादातर बड़ी मस्जिदों का निरीक्षण कर लोगों को बकरीद की मुबारकबाद दी। बता दें कि शहर से लेकर गांव तक की ईदगाह व मस्जिदों में ईद उल अजहा की नमाज अदा की गई। खुतबा पढ़ा गया। और दुआ में मुल्क में अमनो-अमन, खुशहाली, तरक्की व परेशानियों से निजात मांगी गई। सबकी जुबां पर तकदीरें तशरीक बनी रही। ऐसे में सुबह से लेकर शाम तक का खुशगवार मौसम त्यौहार में चार चांद लगा गया।

नमाज के बाद छोटे से बड़े एक दूसरे को आज के इस त्यौहार की मुबारकबाद दी। शहर के पीरबटावन स्थित ईदगाह व बेगम गंज स्थित जामा मस्जिद में मौलाना ने कहा कि कुर्बानी अल्लाह को बहुत प्यारी है। साफ-सफाई का ख्याल रखें। कुर्बानी का फोटो व वीडियो न बनाएं। भाईचारा क़ायम करें। एक दूसरे का ख्याल रखें।

गरीबों व जरूरतमंदों की मदद करें। जिसके बाद लोगों ने अपने-अपने घरों में हजरत इब्राहीम अलैहिस्सलाम व हजरत इस्माईल अलैहिस्सलाम की अज़ीम कुर्बानी को याद कर बकरा की कुर्बानी दी।

घरों के अलावा शहर में चिह्नित स्थानों पर सामूहिक कुर्बानी हो रही है। सामूहिक कुर्बानीगाहों पर दूर-दूर से लोग आ रहे थे। मुस्लिम बाहुल्य मोहल्लों में मेले जैसा माहौल बना रहा। यहां महिलाएं मेहमान नवाजी के लिए लजीज व्यंजन तैयार कर लोगों को परोस रही थी। ईद-उल-अज़हा का सारा दिन खुशियों के नाम रहा। लोग एक दूसरे के घर आते जाते रहे और खुशियों का पैग़ाम बांटते रहे। अभी यह सिलसिला शुक्रवार व शनिवार तक जारी रहेगा।

### नवागत जेल अधीक्षक ने संभाला कार्यभार

**जन एक्सप्रेस/बाराबंकी।** जिला कारागार में शुक्रवार को नवागत जेल अधीक्षक कुंदन मिश्रा ने अपना कार्यभार संभाल लिया। बता दें कि श्री मिश्र जिला कारागार बलरामपुर से स्थानांतरित होकर बाराबंकी जेल अधीक्षक के तौर पर आए है। नवागत जेल अधीक्षक कुंदन मिश्रा बिहार राज्य के छपरा जनपद के रहने वाले है।

### सेवानिवृत्त हुए पुलिसकर्मियों को एसपी ने दी भावपूर्ण विदाई

**जन एक्सप्रेस/बाराबंकी।** पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह द्वारा शनिवार को पुलिस लाइन सभागार में सेवानिवृत्त हुए पुलिसकर्मियों को भावपूर्ण विदाई दी गई। जिसमें पांच उप निरीक्षक, एक मुख्य आरक्षी, एक आरक्षी, एक उर्दू अनुवादक सहित एक चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी शामिल है। इस मौके पर एसपी ने सेवानिवृत्त हुए पुलिसकर्मियों से कहा कि आप सभी का योगदान भुलाया नहीं जा सकता। एसपी ने सेवानिवृत्त हुए पुलिसकर्मियों में उपनिरीक्षक सशस्त्र पुलिस संतोष कुमार सिंह, उप निरीक्षक अंजनी कुमार, उप निरीक्षक परमात्मा यादव, उप निरीक्षक महेंद्र सिंह, उप निरीक्षक ज्ञान सिंह, मुख्य आरक्षी उदय सिंह, आरक्षी विनोद कुमार दीक्षित, उर्दू अनुवादक एतवार अली रिजवी, चतुर्थ श्रेणी कर्मी अमरेश को फूल-माला पहनाकर एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान विदाई दी।

# अयोध्या-लखनऊ राष्ट्रीय राजमार्ग को देश का सुंदरतम राजमार्ग बनाया जाए : मंडलायुक्त

जन एक्सप्रेस । अयोध्या



मण्डलायुक्त गौरव दयाल की अध्यक्षता में भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा 84 कोसी परिक्रमा मार्ग (एनएच 227 बी) के सुधार एवं विकास के कार्यों, जनपद अयोध्या में अयोध्या बाईपास( रिंग रोड) निर्माण हेतु भूमि अर्जन की अद्यतन स्थिति के साथ-साथ अयोध्या लखनऊ राजमार्ग के बाईपास के सौंदर्यीकरण अनुरक्षण आदि कार्यों के प्रगति की समीक्षा बैठक आयुक्त कार्यालय सभागार में आहूत की गई। सर्वप्रथम मण्डलायुक्त ने अयोध्या लखनऊ राजमार्ग के बाईपास के सौंदर्यीकरण के कार्यों के प्रगति की समीक्षा करते हुए कहा कि बाईपास सौंदर्यीकरण का कार्य 15 जुलाई तक पूर्ण किया जाए। उन्होंने कहा कि इस सौंदर्यीकरण के कार्य में जहां भी सर्विस रोड के साथ फुटपाथ का प्रावधान है उसमें फ्लोर टाइल उच्चतम श्रेणी की लगाई जाए। टाइल व कर्ब स्टोन अच्छे कार्य कुशलता एवं सजावटी पैटर्न के साथ लगाया जाए तथा रोड के नाले के ऊपर स्लैब ढलाई इतनी सुंदर ढंग से हो कि लोग उसे फुटपाथ के रूप में भी प्रयोग कर सकें। बाईपास एवं इसकी सर्विस रोड की नियमित साफ-सफाई हेतु एनएचएआई आने वाले को व्यय को आगणित कर अयोध्या विकास प्राधिकरण को हस्तांतरित करते हुए साफ सफाई सुनिश्चित कराएं। मंडलायुक्त ने कहा कि बाईपास की मीडियन जगह जगह टूटी फूटी है जो नियमित नहीं है उसे सही कराया जाय तथा मीडियन में जो सजावटी पौधे लगाए गए हैं उनकी नियमित देखभाल की जाए।

इसके लिए इसे चैनेज वाइज बांटकर प्रत्येक चौनेज हेतु एक डेडिकेटेड माली तैनात करते हुए उनका बेहतर ढंग से रखरखाव किया जाए। उन्होंने कहा कि स्ट्रीट लाइट सहित अन्य कार्यों हेतु जो विद्युत कनेक्शन की आवश्यकता है उसे विद्युत विभाग से समन्वय करते हुए कनेक्शन की प्रक्रिया पूरी करते हुए एक सप्ताह के भीतर सभी पोलो को उर्जित किया जाए। मंडलायुक्त ने कहा कि बाईपास के अण्डरपासो यथा सहादतगंज, रायबरेली, सुल्तानपुर, अंबेडकरनगर अंडर पास में जो फव्वारे व मूर्तियां स्थापित की गई हैं उनको वॉर्म लाइट लगाकर बेहतर ढंग से सजाया जाए जो देखने में आकर्षक लगे। इसके अतिरिक्त उन्होंने कहा कि बाराबंकी से अयोध्या तक कई स्थानों पर मार्ग में गड्ढे हो गए उन्हें भी दुरुस्त कराने की आवश्यकता है जिससे इस मार्ग को भारत की सुंदर तम राजमार्गो में से एक बनाया जा सके। जिस पर एनएचएआई के पी0डी0 सौरभ चौरसिया द्वारा अवगत कराया गया कि उक्त मार्ग में गड्ढे भरने आदि का कार्य नियमित चल रहा है। इसके अतिरिक्त इस मार्ग को और बेहतर बनाने हेतु प्रस्ताव मंत्रालय को प्रेषित किया जा चुका है जिसमें संभवत इस वर्ष के सितंबर माह तक कार्य भी प्रारंभ हो जाएगा।

इसके पश्चात मण्डलायुक्त ने 84 कोसी परिक्रमा मार्ग के सुधार एवं विकास के कार्यों तथा अयोध्या बाईपास (रिंग रोड)के भूमि अर्जन के अद्यतन स्थिति की जानकारी प्राप्त की।

इसके संबंध में संबंधित अधिकारियों द्वारा बताया गया कि अयोध्या रिंग रोड के अंतर्गत कुल 35 ग्रामों का अभिनिर्णयध्अवार्ड घोषित किया जाना अपेक्षित है जिसमें से 33 ग्रामों का अभिनिर्णय घोषित किया जा चुका है तथा 2 ग्राम सरायरासी मांझा वह रामपुर हलवारा मांझा के भू नक्शे से संबंधित समस्याओं के कारण अवार्ड घोषित नहीं किया जा सका है। जिस पर मंडलायुक्त ने सहायक अभिलेख अधिकारी अयोध्या को निर्देशित किया कि वह तत्काल स्वयं संबंधित तहसील की टीम एवं चकबंदी विभाग व एनएचएआई के प्रतिनिधि के साथ मौके पर जाकर जो भी समस्याएं आ रही है उसका निराकरण कराए। मंडलायुक्त ने कहा कि इस रिंग रोड निर्माण में मुख्य कैरेज वे की जद में आने वाले पेड़ों के अलावा अन्य किसी पेड़ को ना काटा जाए तथा ज्यादा से ज्यादा पेड़ों को बचाने का प्रयास किया जाए। 84 कोसी परिक्रमा मार्ग के विकास की अद्यतन स्थिति की जानकारी देते हुए अधिकारियों द्वारा बताया गया कि इस कार्य को करने के लिए 84 कोसी परिक्रमा मार्ग को कुल 06 पैकेजो में बांटा गया है जिसमें पैकेज 01 जनपद बस्ती, पैकेज 02 जनपद बस्ती व अयोध्या, पैकेज 03 जनपद अंबेडकरनगर व अयोध्या,पैकेज 04 जनपद अयोध्या, पैकेज 05 बाराबंकी व गोंडा, पैकेज 06 जनपद गोंडा के ग्रामों, जो परिक्रमा मार्ग पर स्थित है,से संबंधित है। मंडलायुक्त ने परिक्रमा मार्ग से संबंधित सभी जनपदों के भूमि अध्याप्ति अधिकारियों से कहा कि भूमि अर्जन संबंधित सभी कार्य प्राथमिकता पर किए जाए तथा सर्वे के दौरान ही प्रभावित भू स्वामियों से बैंक खाता संबंधी सभी डिटेल प्राप्त करते हुए मुआवजे की धनराशि का वितरण तत्काल सुनिश्चित कराया जाय।

बैठक में जिलाधिकारी नितीश कुमार, एनएचएआई उत्तर प्रदेश पूर्वी के सलाहकार मणि प्रसाद मिश्र, एडीएम (एल/ए) अयोध्या प्रभाकांत अवस्थी सहित सभी सम्बन्धित जनपदों के भूमि अध्याप्ति अधिकारीगण, डीएफओ अयोध्या, बाराबंकी, गोंडा, पीडी एनएचएआई सौरभ चौरसिया सहित एनएचएआई के सभी अभियंतागण एवम अन्य सबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## संगीत में श्री राम कथा के छठवें दिन श्री राम जन्म कथा पर प्रवचन

जन एक्सप्रेस । बलरामपुर

जनपद बलरामपुर के ग्राम आबर समय माता मंदिर, निकट गौरा में चल रहे सप्त दिवसीय संगीतमय श्री राम कथा के छठवे दिन भगवान श्रीराम जन्म के कथा का मार्मिक प्रवचन विद्वान संत सर्वेश जी द्वारा किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ देवीपाटन मंदिर महंत मिथिलेश नाथ योगी ने व्यासपीठ का पूजन अर्चन करके कराया। कथा सुनकर बड़ी संख्या में मौजूद श्रोता भाव विभोर हो गये। पूरा पण्डाल जय श्री राम के जैकारे से गुंजायमान रहा। इस अवसर पर महंत मिथलेश नाथ योगी के अलावा महंत विनोद नाथ, महंत दीनानाथ, प्रदीप सिंह जिलाध्यक्ष, पूर्व विधायक शैलेष कुमार सिंह शैलू, चेयरमैन डॉ.धीरेन्द्र प्रताप सिंह धीरु, चेयरमैन रवि सोनी, राकेश तिवारी ब्लॉक प्रमुख, प्रवीण सिंह ब्लॉक प्रमुख, डी पी सिंह बैस, डॉ.अजय सिंह पिंकू, राम उग्रह सिंह, सोनू सिंह, शैलेन्द्र प्रताप सिंह, अभिषेक सिंह, राजेश्वर मिश्र, अजय मिश्र, प्रवीण पाण्डे, प्रधान कोलवा कमलेश तिवारी, आद्या सिंह, सरोज तिवारी सभासद, साधना पांडे, ज्योत्सना शुक्ला, सुनीता मिश्र, मीना सिंह, संजय शुक्ल, शुभेंद्र गौरव, शिवम मिश्रा सहित हजारों की संख्या में गांववासी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## प्रीमियर लीग के पांचवें मैच में कौवापुर ने जीता मैच

जन एक्सप्रेस । महराजगंज-तराई

प्रीमियम लीग नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का पांचवां लीग मैच दीनानगर के खेल मैदान पर खेला गया। मुकाबला शंकरनगर व हौंडा एलेवन कौवापुर के बीच खेला गया। जिसमें कौवापुर ने 6 रन से शानदार जीत करके अगले दौर में प्रवेश कर लिया।

मैच के आयोजक समाजसेवी नफीस चौधरी ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करके लीग मुकाबले में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी को पुरस्कार दिया। साथ ही सभी खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।

गुरुवार को प्रीमियम लीग नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट के लीग मैच हौंडा एलेवन कौवापुर बनाम शंकरनगर के बीच खेला गया। कौवापुर ने टॉस जीतकर ने पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। शुभम 25 रन व साथी खिलाड़ी वदुद 20 रन के सहयोग से टीम ने 8 ओवर में 72 रन बनाएं।

जवाब में उतरी शंकर नगर टीम के बल्लेबाज जुबेर ने 32 रन बनाए। लेकिन शुभम के शानदार गेंदबाजी के आगे सभी खिलाड़ी 66 रन पर आउट हो गए। जिससे कौवापुर ने 6 रन से मैच को जीतकर अगले दौर में क्वालीफाई किया। मैच के मैन ऑफ द मैच शुभम को चुना गया। मैच के अंपायर अहमद खान व महबूद कॉमेंटेटर जुबेर हम्ज़ा व मोईद खान ने मैच में मुख्य भूमिका निभाया। मैच आयोजन मे नफीस चौधरी अलीम बबलू खान अफरोज वजूद इश्तियाक अहमद अफरोज शमशाद चौधरी सहित तमाम क्रिकेट प्रेमी मौजूद रहे।

## घर-घर संपर्क अभियान के तहत सदर विधायक ने किया जनसंपर्क

जन एक्सप्रेस । बलरामपुर



जनपद बलरामपुर में सदर विधानसभा क्षेत्र से विधायक पलटू राम ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण कार्यक्रम के तहत 9 वर्ष पूर्ण होने पर घर घर महा जनसंपर्क अभियान कार्यक्रम के तहत सदर विकासखंड के शक्ति केंद्र सिरसिया में शुक्रवार को आधा दर्जन से अधिक बूथो पर पहुंचकर अपने समर्थकों के साथ डोर टू डोर संपर्क कर प्रधानमंत्री के 9 वर्ष में किए गए विकास कार्यों तथा जन कल्याणकारी योजनाओं के विषय में जानकारी दी गई।

जानकारी के अनुसार 30 जून को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के सफलतम 9 वर्ष पूर्ण होने पर विधानसभा क्षेत्र बलरामपुर सदर के देहात 71 मण्डल के अंतर्गत शक्ति केंद्र सिरसिया में बूथ संख्या 60, 61, 62, 63 व 64 पर घर घर संपर्क अभियान के अंतर्गत लोगो से मिलकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सेवा, सुशासन व गरीब कल्याण के सफलतम 9 वर्ष कार्यकाल की पुस्तिका भेंट कर 9090902024 डायल कराकर पुनः 2024 में मोदी सरकार के लिए समर्थन मांगा । इस अवसर पर पूर्व प्रधान राम सरन सरोज, विपिन मिश्र, शक्ति केंद्र संयोजक आकाश पाण्डेय, बूथ अध्यक्ष आशु मिश्रा, बूथ अध्यक्ष पारस नाथ, क्षेत्र पंचायत सदस्य वेद प्रकाश मौर्य, कुंने मौर्य, अमरेश तिवारी, तुलसीराम वर्मा, उजागर मौर्य, गोलू पासवान व पार्टी के तमाम कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।

# डीएम की अध्यक्षता में आयोजित हुई जिला स्तरीय बैंकर्स सलाहकार समिति की बैठक

जन एक्सप्रेस । बलरामपुर

**डीएम ने एसबीआई, पीएनबी आदि बैंको का सीडी रेशियो कम होने पर लगाई फटकार, स्वरोजगार के लिए छोटे-छोटे लोन देने में कोताही न बरतने के निर्देश**



शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी अरविंद सिंह की अध्यक्षता में जिला स्तरीय बैंकर्स सलाहकार समिति की बैठक आयोजित की गई। देश में डीएम ने बैंकों को कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए हैं।

बताते चलें कि आईआईएम से एमबीए एवं शंघाई में बैंकर्स के रूप में अपनी सेवा दे चुके जिलाधिकारी ने विस्तारपूर्वक बैंक के माध्यम से संचालित योजनाओं की समीक्षा की। एसबीआई, पंजाब नेशनल बैंक, प्रथमा यूपी ग्रामीण बैंक का सीडी रेशियो कम होने पर उन्होंने नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने कहा कि इन बैंकों की सोच साम्राज्यवादी है, यह बैंक बड़े महानगरों में आसानी से बड़े लोन कर देते हैं मगर ग्रामीण इलाकों में लोन देने में कोताही बरतते हैं। यह बैंक केवल ग्रामीण क्षेत्रों में पैसा जमा करने का काम कर रहे हैं, जिससे कि केंद्र एवं राज्य सरकार के कल्याणकारी स्कीम का लाभ लोगों को शासन की मंशानुरूप नहीं मिल पा रहा है। उन्होंने कहा निर्देश दिया कि क्या बैंक अपने सीडी रेश्यो में सुधार करें। उन्होंने कहा कि बैंक द्वारा लाभार्थियों को लोन देने में कोताही न बरती जाए। बैठक में किसान क्रेडिट कार्ड, फसल बीमा योजना, मत्स्य पालन हेतु ऋण,पीएम स्वनिधि योजना, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, एनपीए, प्रधानमंत्री जनधन योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना,अटल पेंशन योजना आदि की समीक्षा जिलाधिकारी महोदय द्वारा की गई एवं संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी संजीव कुमार मौर्य, रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया के अधिकारी,डीडीएम नाबार्ड, उपायुक्त उद्योग, लीड बैंक मैनेजर, विभिन्न बैंकों के जिला समन्वयक व अन्य संबंधित अधिकारी/ कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

**एमएलके पीजी कॉलेज के इग्नू केंद्र का निरीक्षण करने पहुंचे थे असिस्टेंट डायरेक्टर**

# इग्नू केंद्र से डिग्री प्राप्त कर नौकरी करने वाले लोगों को सहायक निदेशक ने किया सम्मानित

जन एक्सप्रेस । बलरामपुर




जनपद बलरामपुर जिला मुख्यालय के एमएलकेपीजी कॉलेज में संचालित हो रहे इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) केंद्र पर चल रहे सत्रांत परीक्षा का क्षेत्रीय कार्यालय लखनऊ के असिस्टेंट डायरेक्टर डॉक्टर कीर्ति विक्रम सिंह ने शुक्रवार को निरीक्षण किया। उन्होंने एमएलके पीजी कॉलेज के इग्नू केंद्र से डिग्री प्राप्त कर सरकारी नौकरी पेसे में आए कई लोगों को सम्मानित भी किया। जानकारी के अनुसार 30 जून को इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय इग्नू के क्षेत्रीय कार्यालय लखनऊ मे असिस्टेंट डायरेक्टर डॉ कीर्ति विक्रम सिंह ने एल के पीजी कॉलेज के इग्नू अध्ययन केंद्र 2781 पर चल रहे सत्रांत परीक्षा 2023 का दोनों पारियों में निरीक्षण किया। डॉक्टर सिंह ने अध्ययन केंद्र एम एल के (पी जी) कॉलेज द्वारा इग्नू की डिग्री प्राप्त करने के उपरांत विभिन्न क्षेत्रों में नौकरी कर रहे कई व्यक्तियों को सम्मानित किया। सम्मानित होने वाले व्यक्तियों में अशोक कुमार गौतम, अनूप कुमार, मदनलाल एवं गंगाराम शामिल थे। यह सभी लोग अध्ययन केंद्र से बीएड करने के उपरांत अध्यापन के क्षेत्र में सरकारी विद्यालयों में कार्यरत हैं। साथ ही असिस्टेंट डायरेक्टर डॉक्टर कीर्ति विक्रम सिंह के साथ एमएलके पीजी कॉलेज में इग्नू केंद्र के समन्वयक डॉ आलोक शुक्ला ने विनीत कुमार मिश्रा, डॉक्टर संतोष कुमार एवं अंकित पांडे को भी सम्मानित किया। यह सभी लोग अध्ययन केंद्र के भूतपूर्व छात्र हैं तथा वर्तमान में विभिन्न विभागों में कार्यरत हैं। कार्यक्रम में डॉ सतगुरु प्रकाश, डॉ सीमा, शिव कुमार एवं आनंद त्रिपाठी उपस्थित रहे।

## अवैध बालू खनन की दो ट्रैक्टर ट्राली सीज, अभियुक्तों को जेल

**जन एक्सप्रेस/महराजगंज तराई बलरामपुर।** अवैध बालू खनन से लदी ट्रैक्टर ट्राली व दो अभियुक्त को पुलिसकर्मियों ने घेराबंदी करके पकड़ा मुकदमा पंजीकृत करके जेल भेजा। महाराजगंज थाना के प्रभारी निरीक्षक विजय कुमार सिंह ने बताया रात 10:30 बजे मुखबिर ने सूचना दिया की बेला की तरफ से अवैध बालू से लदी ट्रैक्टर ट्राली मध्यनगर तिराहा से जा रही है। सूचना पर उप निरीक्षक विजय नाथ यादव कांस्टेबल राहुल वर्मा कन्हैया लाल यादव अवधेश कुमार ने तत्परता के साथ बालू से लदी ट्रैक्टर ट्राली का घेराबंदी करके पकड़ लिया। ड्राइवर से कागजात मांगने पर कुछ भी नहीं दिखा सका। जिससे ननकन वर्मा पुत्र स्वर्गीय कल्लू वर्मा व शेषराम यादव उर्फ गुल्लू पुत्र स्वर्गीय भगतराम निवासी बेला देहात कोतवाली को गिरफ्तार करके बालू से लदी ट्रैक्टर ट्राली को थाने पर लाया गया। प्रभारी निरीक्षक विजय कुमार सिंह ने बताया कि खनिज अधिनियम के तहत मुकदमा पंजीकृत करके दोनों आरोपियों को जेल भेज दिया गया है।

# पुलिस ने बरामद किया चोरी की 15 बाईक, दो गिरफ्तार



जन एक्सप्रेस । बहराइच

कोतवाली देहात पुलिस ने ऑटो लिफ्टर गैंग का खुलासा करते हुए दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया उनके पास से चोरी की 15 बाइक बरामद की है। बरामद बाइक पुलिस ने सीज कर दिया है। जबकि शातिर चोरों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया है। ऑटो लिफ्टर गैंग के अन्य सदस्यों की तलाश के लिए पुलिस छापेमारी कर रही है। शहर में बाइक चोरी की घटनाएं काफी बढ़ गई हैं। बुधवार को ही जिला अस्पताल और एक जांच सेंटर के निकट से लोगों की बाइक चोरी हो गई है। लगातार चोरी हो रही बाइक की घटना को पुलिस अधीक्षक प्रशांत वर्मा ने काफी गंभीरता से लेते हुए चोरों की गिरफ्तारी और बाइक बरामद करने के निर्देश पुलिस को दिए थे।

कोतवाली देहात पुलिस ने ऑटो मिस्टर गैंग पर शिकंजा कसना शुरू कर दिया था। थाना की पुलिस सक्रिय हो गई थी और मुखबिर को सक्रिय ऑटो लिफ्टर गैंग के सदस्यों की तलाश तेज कर दी थी। पुलिस अधीक्षक प्रशांत वर्मा ने बताया कि अपर पुलिस अधीक्षक नगर कुंवर ज्ञानंजय सिंह और पुलिस क्षेत्राधिकारी राजीव सिसोदिया की देखरेख में पुलिस ने ऑटो लिफ्टर गैंग की तलाश शुरू की गई।

एसपी ने बताया कि बृहस्पतिवार को प्रभारी निरीक्षक कोतवाली देहात शमशेर बहादुर सिंह, उप निरीक्षक अनिल यादव, चौकी इंचार्ज सूरज कुमार, एसआई यतींद्र सिंह के साथ पुलिस टीम ने बाइक चोरों की तलाश शुरू की। कोतवाल के मुताबिक चौखड़िया गांव के निकट गांव निवासी श्याम बिहारी उर्फ गुड्डू चौधरी पुत्र रक्षा राम को चोरी की बाइक के साथ पकड़ा गया। उसी की शिनाख्त पर नानपारा के सिलेटन गंज निवासी भानु प्रताप पुत्र सत्यदेव के पास से भी चोरी की बाइक बरामद की गई। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि दोनों से कड़ी पूछताछ की गई तो सभी ने अन्य चोरी की बाइक के बारे में बताया। बताए गए स्थान से 13 और चोरी की बाइक बरामद हुई। बरामद बाइक पुलिस ने सीज कर दिया है। जबकि दोनों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया गया है। एसपी ने बताया कि जिनकी बाइक चोरी के मामले दर्ज हैं। उनको चिन्हित किया जा रहा है। न्यायालय के आदेश के बाद प्रपत्रों की जांच कर उनको बाइक वापस कर दी जाएगी।

## दुपट्टा फंसने से बाइक सवार गर्भवती महिला सड़क पर गिरी, पुलिस ने बचाई जान

**जन एक्सप्रेस/बहराइच।** जिले की थाना खैरीघाट पुलिस ने एक बाइक सवार गर्भवती महिला की जान उस समय बचाई जब उसका दुपट्टा बाइक के पहिया में फंस गया था। इसके बाद वह नीचे गिर गई थी। खैरीघाट थाना क्षेत्र के धनावा गांव निवासी कसौवा पुत्र फकीरे की पत्नी शीबा आठ माह की गर्भवती है। गुरुवार शाम को महिला की तबीयत खराब हुई जिस पर पति बाइक से लेकर नानपारा डॉक्टर के यहां दिखाने ले जा रहा था। तेज हवाएं चल रही थी। बाइक सवार मटेरा कला गांव के पास पहुंचा तभी महिला का दुपट्टा पहिया में फंस गया। महिला जमीन पर गिर गई। उधर गश्त के लिए आ रहे प्रभारी निरीक्षक सतेंद्र बहादुर सिंह और अन्य पुलिस कर्मियों ने महिला को जमीन पर गिरा देखा तो सभी ने वाहन रोक कर महिला को बाइक से अलग किया। इसके बाद पानी की व्यवस्था की।

# व्यावसायिक भवनों के स्वामियों को दी गई नोटिस

जन एक्सप्रेस । बहराइच

**विनियमित क्षेत्र बहराइच अन्तर्गत चिन्हित किए गए विभिन्न प्रकार के वाणिज्यिक भवन**

नगर पालिका परिषद बहराइच की सीमा के भीतर पड़ने वाले सम्पूर्ण क्षेत्र तथा सीमा के आस-पास के विनियमित क्षेत्र घोषित किये गये 29 राजस्व ग्रामों में संचालित नर्सिंग होम्स, शपिंग माल, व्यवसायिक काम्लेक्स, मैरेज लान, होटल, अस्पताल इत्यादि के प्रबन्धकों, प्रोपराइटर्स एवं भवन स्वामियों को अग्नि शमन व्यवस्था स्थापित कर सम्बन्धित विभाग से अनापत्ति, सार्वजनिक स्थल/रोड की पटरी पर अवैध पार्किंग तथा स्वीकृत मानचित्र के विपरीत प्रतिष्ठान का उपयोग किये जाने के सम्बन्ध में सम्बन्धित प्रतिष्ठानों के प्रबन्धकों, प्रोपराइटर्स एवं भवन स्वामियों को भवन निर्माण से सम्बन्धित अभिलेख प्रस्तुत करने हेतु नोटिस निर्गत किया गया था।

यह जानकारी देते हुए नगर मजिस्ट्रेट/नियत प्राधिकारी विनियमित क्षेत्र बहराइच शालिनी प्रभाकर ने बताया कि मो. नाज़िरपुरा स्थित नगीन ट्रेडर्स एण्ड मोल्डिंग इण्डिया प्रा.लि., नोवा हास्पिटल, वैष्णवी होटल, ग्रीन सिटी हास्पिटल एण्ड कैंसर सेन्टर, होटल योर्स, होटल शेरान कान्टिनेन्टल व विक्रम होटल, मीराखेलपुरा स्थित अल-अन्सार काम्पलेक्स, शेखदहीर स्थित होटल शगुन पैलेस, विजय उत्सव मैरेज लान व मिलन पैलेस एण्ड मैरेज लान, ढ़पालीपुरवा स्थित डिवाइन हास्पिटल, सिद्धार्थ हास्पिटल, संगम हास्पिटल, सिल्वर लाइन हास्पिटल एण्ड ट्रामा सेन्टर व होंटल राधा कृष्णा मैरेज एण्ड फैमली रेस्टोरेन्ट, भोगाजोत स्थित जे.एस. हास्पिटल व मालिया हास्पिटल एण्ड रिसर्च सेन्टर, काज़ीपुरा दक्षिणी मिल्ली लाज एवं काम्पलेक्स व हुदैदा पैलेस, अकबरपुरा स्थित होटल जे.एच. इन, केवानागंज स्थित होटल क्राउन प्लाजा, छावनी चौराहा स्थित नरायन गेस्ट हाउस व होटल शुभम, इन्दिरा स्टेडियम के निकट स्थित रिलायन्स ट्रेडर्स, वी-मार्ट, उत्सव मैरेज लान व होटल के.डी. पैलेस, महिला डिग्री कालेज के निकट स्थित होटल पाल, बी.एस.एन.एल. के निकट स्थित होटल रिजेन्सी, डिगिहा तिराहा के निकट स्थित सिटी कार्ट, मेगा शाप व वी-मार्ट, अमीनपुर नगरौर स्थित लक्ष्मी रिसार्ट व रायल पैलेस, शिव नगर स्थित मंगलम मैरेज लान व विनायक रिसार्ट, गोण्डा रोड स्थित वनसरिता रिसार्ट तथा झिंगहा घाट के निकट स्थित विशाल मेगा मार्ट को नोटिस जारी की गई थी। इसके अतिरिक्त अन्य भवनों के चिन्हांकन का कार्य किया जा रहा है।

नगर मजिस्ट्रेट ने बताया कि मिलन मैरेज लान, शगुन पैलेस, विनायक रिजार्ट, नरायन गेस्ट हाउस, होटल शुभम, होटल क्राउन प्लाज़ा, राधा कृष्ण मैरेज हाल, डिगिहा व सिविल लाइन स्थित वी-मार्ट, मेगा शाप व ट्रेन्ड (रिलायन्स) के भवन स्वामियों द्वारा उपस्थित होकर अभिलेख प्रस्तुत किये गये जिसकी जांच करायी जा रही है। उन्होंने अवशेष भवनों के प्रबन्धकों, प्रोपराइटर्स एवं भवन स्वामियों को निर्देशित किया है कि किसी प्रकार की असुविधा से बचने के लिए अविलम्ब भवन से सम्बन्धित वांछित अभिलेख प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें अन्यथा की स्थिति में सम्बन्धित के विरूद्ध आर.बी.ओ. एक्ट-1958 के अन्तर्गत निर्माण को अवैध मानते हुए विधिक कार्यवाही की जायेगी।

## बारिश से किसानों के चेहरे खिले

**जन एक्सप्रेस/गोसाईगंज- अयोध्या।** क्षेत्र में हुई बारिश से किसानो के चेहरे खिल गये है,खेती किसानी में तेजी आ गई है।किसान धान की फसल बैठाने की तैयारी में लग गये हैं तो वही क्षेत्र की बिजली व्यवस्था ध्वस्त हो गई है। बिजली पिछले कई घंटे से नहीं आई है जबकि महबूबगंज बाजार में चौराहे पर गोसाईगंज रोड पर जलनिकासी हेतु नालियो का निर्माण न होने जलभराव हो गया है,जिससे राहगीरों और यात्रियों को आवागमन में काफी दिक्कतें उठानी पड़ रही हैं। उल्लेखनीय है कि यह पौराणिक स्थल श्रृंगीऋषि आश्रम को जाने वाला 84 कोसी परिक्रमा का प्रमुख मार्ग भी है। धार्मिक और आध्यात्मिक रूप से इस मार्ग का महत्व काफी अधिक है, परंतु जलभराव के चलते बरसात में हर वर्ष राहगीरों और यात्रियों को परेशान होना पड़ता है। मया टांडा मार्ग ऊंचा होने के कारण बरसात का पानी नीचे गोसाईगंज व शेरवाघाट सड़क पर एकत्र हो जाता है।

# 'रोजगार योजनाओं से संबंधित ऋण पत्रावलियों का समय से निस्तारण करें बैंक'

जन एक्सप्रेस । बहराइच

उद्यमियों एवं व्यापारियों की समस्याओं के त्वरित निस्तारण के उद्देश्य से कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी मोनिका रानी की अध्यक्षता में जिला निर्यात समिति, एमओयू.क्रियान्वयन समिति एवं उद्योग वन्धु समिति की बैठक हुई। बैठक में डीएम मोनिका रानी ने सभी सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिया कि उद्यमियों, व्यापारियों, निर्यातकों की समस्याओं का समयबद्धता एवं गुणवत्तापरक निस्तारण कराया जाए ताकि आकांक्षात्मक जनपद बहराइच में औद्योगिक गतिविधियों को बढ़ावा मिल सके।

डीएम ने बैंकों से अपेक्षा की कि विभिन्न विभागों द्वारा संचालित रोज़गार योजनाओं से सम्बन्धित पत्रावलियों के निस्तारण में अनावश्यक विलम्ब न किया जाए।

जिला निर्यात समिति की बैठक में संयुक्त महानिदेशक विदेश व्यापार एवं सहायक आयुक्त निर्यात प्रोत्साहन व्यूरो द्वारा जिला निर्यात एक्शन प्लान के सम्बन्ध में विस्तार से अवगत कराया गया। बैठक में मौजूद उधमियो द्वारा भी एक्शन प्लान के सम्बन्ध में



महत्वपूर्ण सुझाव दिये गये।

एमओयू क्रियान्वयन समिति की बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने सभी सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि एमओयू साईन करने वाले सभी उद्यमियों एवं व्यापारियों की समस्याओं का समयबद्धता के साथ निस्तारण कराया जाय। डीएम ने यह भी निर्देश दिया कि एमओयू से सम्बन्धित प्रकरणों के निस्तारण की प्रत्येक पखवाड़े समीक्षा भी की जाय। जिला उद्योग बन्धु समिति की बैठक के दौरान सलारपुर के निकट नाली निर्माण के सम्बन्ध में नगर पालिका के प्रतिनिधि की ओर से अवगत कराया गया कि नाली निर्माण हेतु टेण्डर की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है। डीएम ने निर्देश दिया कि जिला उद्योग बन्धु अन्तर्गत लम्बित समस्त प्रकरणों का यथाशीघ्र निस्तारण कराया जाय।

बैठक का संचालन उपायुक्त उद्योग वीरेन्द्र कुमार ने किया।

इस अवसर पर डीएफओ बहराइच संजय शर्मा, नगर मजिस्ट्रेट शालिनी प्रभाकर, डिप्टी कलेक्टर डॉ. पूजा यादव, लीड बैंक प्रबन्धक, सचिव, कृषि उत्पादन मण्डी समिति, अधि.अभि. विद्युत व लो.नि.वि. सहित अन्य विभागीय अधिकारी, उद्यमी अशोक मातनहेलिया, गौरी शंकर भानीरामका, अमित मित्तल, विजय केड़िया, प्रमाद सिंह, नरेन्द्र कुमार मलानी, नितिन अग्रवाल, मनीष सहित अन्य व्यापारी एवं उद्यमी मौजूद रहे।

# व्यापारियों ने अनुपम वीर दानवीर भामाशाह की जयंती मना कर एक दूसरे को मिठाई खिला कर दी बधाई

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

आज उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल पीलीभीत में जिला अध्यक्ष जितेन्द्र कुमार गुप्ता के नेतृत्व में उनके प्रतिष्ठान पर मनाई जहां वीर दानवीर भामाशाह के चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पण किये तथा एक दूसरे को मिष्ठान खिलाकर बधाई दी। प्रदेश नेतृत्व द्वारा मुख्यमंत्री को ज्ञापन के माध्यम से वीर भामाशाह जी की जयंती को व्यापारी दिवस के रूप में घोषित करने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को सम्बोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को दिया गया। जिसके प्रभाव से मुख्यमंत्री ने व्यापारी दिवस घोषित किया। प्रदेश के समस्त व्यापारी मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करते हैं जिन्होंने हमारे वीर दानवीर भामाशाह जी की जयंती को व्यापारी दिवस के रूप में घोषित किया। प्रदेश उपाध्यक्ष राघवेन्द्र नाथ मिश्रा ने कहा कि दान की चर्चा होते ही भामाशाह का नाम स्वयं ही मुँह पर आ जाता है। जिला उपाध्यक्ष डालचंद सक्सेना ने कहा कि देश की रक्षा के लिए महाराणा प्रताप के चरणों में अपनी सभी जमा पूँजी अर्पित करने वाले दानवीर भामाशाह का जन्म अलवर (राजस्थान) में 28 जून, 1547 को हुआ था। उनके पिता श्री भारमल्ल तथा माता श्रीमती कर्पूरदेवी थीं। श्री भारमल्ल राणा साँगा के समय





**वीर भामाशाह की जयंती को व्यापारी दिवस के रूप में व्यापारियों ने दिया था ज्ञापन मुख्यमंत्री ने व्यापारी दिवस किया घोषित**

रणथम्भौर के किलेदार थे। अपने पिता की तरह भामाशाह भी राणा परिवार के लिए समर्पित थे। जिला उपाध्यक्ष रामजी नाथ सक्सेना ने कहा कि एक समय ऐसा आया जब अकबर से लड़ते हुए महाराणा प्रताप जी को अपनी प्राणप्रिय मातृभूमि का त्याग करना पड़ा। वे अपने परिवार सहित जंगलों में रह रहे थे। महलों में रहने और सोने चाँदी के बरतनों में स्वादिष्ट भोजन करने वाले महाराणा जी के परिवार को अपार कष्ट उठाने पड़ रहे थे। राणा को बस एक ही चिन्ता थी कि किस प्रकार फिर से सेना जुटाएँ,जिससे अपने देश को मुगल आक्रमणकारियों के चंगुल से मुक्त करा सकें। जिला महामंत्री सुधीर चौधरी ने कहा कि इस समय महाराणा जी के सम्मुख सबसे बड़ी समस्या धन की थी।उनके साथ जो विश्वस्त सैनिक थे,उन्हें भी काफी समय से वेतन नहीं मिला था। कुछ लोगों ने राणा को आत्मसमर्पण करने की सलाह दी पर महाराणा जी जैसे देशभक्त एवं स्वाभिमानी को यह स्वीकार नहीं था। जिला महामंत्री स्वतंत्र देवल ने कहा कि भामाशाह जी को जब महाराणा प्रताप के इन कष्टों का पता लगा, तो उनका मन भर आया। उनके पास स्वयं का तथा पुरखों का कमाया हुआ अपार धन था। उन्होंने यह सब राणा के चरणों में अर्पित कर दिया। इतिहासकारों के अनुसार उन्होंने 20 लाख सोने के सिक्के तथा 25 लाख चांदी के सिक्के महाराणा जी को दीं। महाराणा जी ने आँखों में आँसू भरकर भामाशाह को गले से लगा लिया। अंत में जिला अध्यक्ष जितेंद्र कुमार गुप्ता ने कहा कि महाराणा जी की पत्नी महारानी अजवान्दे ने भामाशाह को पत्र लिखकर इस सहयोग के लिए कृतज्ञता व्यक्त की। इस पर भामाशाह रानी जी के सम्मुख उपस्थित हो गये और नम्रता से कहा कि मैंने तो अपना कर्त्तव्य निभाया है। यह सब धन मैंने देश से ही कमाया है। यदि यह देश की रक्षा में लग जाये, तो यह मेरा और मेरे परिवार का अहोभाग्य ही होगा। महारानी यह सुनकर क्या कहतीं, उन्होंने भामाशाह के त्याग के सम्मुख सिर झुका दिया। उधर जब अकबर को यह घटना पता लगी, तो वह भड़क गया। वह सोच रहा था कि सेना के अभाव में महादेव राणा प्रताप उसके सामने झुक जायेंगे,पर इस धन से राणा को नयी शक्ति मिल गयी। अकबर ने क्रोधित होकर भामाशाह को पकड़ लाने को कहा। अकबर को उसके कई साथियों ने समझाया कि एक व्यापारी पर हमला करना उसे शोभा नहीं देता। इस पर उसने भामाशाह को कहलवाया कि वह उसके दरबार में मनचाहा पद ले ले और राणा प्रताप को छोड़ दे,पर दानवीर भामाशाह ने यह प्रस्ताव ठुकरा दिया।





# जिला न्यायाधीश जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने जिला कारागार का किया औचक निरीक्षण

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

**बीमार कैदियों की स्वास्थ्य सुविधाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाये: जिला जज**

शुक्रवार को जनपद न्यायाधीश सुधीर कुमार, जिलाधिकारी प्रवीण कुमार लक्षकार एवं पुलिस अधीक्षक दिनेश शर्मा ने संयुक्त रूप से जिला कारागार का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान न्यायाधीश द्वारा कारागार में बन्दियों के बैरक 03,04,05 06,07, किशोर बैरक, महिला बैरक, भोजनालय, अस्पताल का निरीक्षण किया गया। जनपद न्यायाधीश द्वारा बैरक के निरीक्षण के दौरान कैदियों से बातचीत करते हुये उनकी समस्याओं का संज्ञान लेते हुये सम्बन्धित अधिकारियों को त्वरित निस्तारण करने हेतु निर्देशित किया गया। साथ ही महिला बैरक में महिला कैदियों से बातचीत करते हुये उपलब्ध कराई जा रही व्यवस्थाओं के सम्बन्ध में जानकारी ली गई। निरीक्षण के दौरान उन्होंने बन्दियों से बातचीत करते हुये कहा कि जो भी बन्दी अपनी आधी सजा व 03 वर्ष तक की काट चुके है या जिनके पास कोई जमानती अथवा वकील नही उनकी सूची तैयार करने हेतु डिप्टी जेलर को निर्देश दिये साथ ही कहा कि उपरोक्त सूची एडीआर को भिजवाना सुनिश्चित करें। न्यायाधीश ने अस्पताल निरीक्षण के दौरान बीमार कैदियों से बातचीत करते हुये उनके स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली और वहां उपस्थित डॉक्टर को कड़े निर्देश देते हुए कहा कि बीमार कैदियों की स्वास्थ्य सुविधाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाये। निरीक्षण के दौरान जेलर को निर्देशित किया गया कि मानक के अनुरूप कैदियों को समस्त सुविधायें उपलब्ध कराई जायें। निरीक्षण के दौरान न्यायाधीश ने भोजन की गुणवत्ता देखी गई और साफ सफाई की व्यवस्था देखी गई और निर्देशित किया कि निर्धारित मानकों के अनुरूप कैदियों को भोजन उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाये। इसके साथ ही साथ साफ सफाई पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिये गये। निरीक्षण के दौरान मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट जेलर, सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से मासूम बच्चे की हुई मौत

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत



जनपद के बीसलपुर शाहजहांपुर मार्ग पर जामुन के पेड़ से जामुन तोड़ने गया बच्चा रोड क्रसकर रहा था इसी बीच तेज गति से आ रहे अज्ञात वाहन ने बच्चे को टक्कर मार दी जिससे बच्चे की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। मामले की सूचना कोतवाली पुलिस को दी गई मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को सील कर पोस्टमार्टम हेतु जिला मुख्यालय भेज दिया हैं। पूरा मामला जनपद की तहसील बीसलपुर कोतवाली क्षेत्र के गांव गुलेदा गोटिया का हैं। जहां के निवासी स्वर्गीय रामकिशन का पुत्र मुकेश उर्फ सौरभ राठौर 9 सुबह जामुन के पेड़ से जामुन तोड़ने गया हुआ था। वह घर वापस जाते समय रोड क्रश कर रहा था वह जैसे ही गुलेदा पुलिया के निकट पहुंचा वैसे ही तेज गति से आ रहे अज्ञात वाहन ने बच्चे को रौंद दिया और उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई मामले की सूचना परिजनों को दी गई सूचना मिलते ही रोती बिलखती मां सावित्री देवी घटनास्थल पर पहुंच गई देखते ही देखते लोगों की भीड़ जमा हो गई भीड़ ने कोतवाली पुलिस को सूचना दी सूचना पर पहुंची पुलिस ने कार्रवाई पूर्ण कर शव को सील कर पोस्टमार्टम हेतु जिला मुख्यालय भेज दिया हैं। परिजनों की ओर से अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ तहरीर दे दी गई है। 1 वर्ष पूर्व मृतक बच्चे के पिता की लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया मां सावित्री देवी का बच्चा ही सहारा था जो भी आज मौत के मुंह में समा गया।मां सावित्री देवी का रो-रो कर बुरा हाल हो गया हैं। बताते चलें कि मृतक छात्र प्राथमिक विद्यालय में कक्षा एक का छात्र था लेकिन उसकी इस तरह दर्दनाक हुई मौत से पूरे गांव में सन्नाटा पसर गया हैं।

# पूरनपुर पुलिस ने पति के उपचार के लिए महिला कांस्टेबल को दिए एक लाख

जन एक्सप्रेस । अनुज सिंह

**दूसरे जनपद की महिला कांस्टेबल ने फोन कर मांगी सहायता**

**महिला कांस्टेबल का पति काफी समय से बीमार**

पूरनपुर। वैसे तो पुलिस की कार्यशैली को लेकर कई तरह की बातें होती रहती हैं लेकिन एक जरूरतमंद विभागीय महिला सह कर्मी की मदद कर पुलिस ने अपना दूसरा रूप भी दिखाया है। पूरनपुर पुलिस ने एक महिला कांस्टेबल के पति के उपचार के लिए एक लाख रुपए की मदद भेजी है। पुलिस के इस नेक कार्य की सराहना हो रही है। सीतापुर जनपद में तैनात एक महिला कांस्टेबल का पति काफी समय से बीमार है। उपचार में काफी रुपए खर्च होने के बाद भी उसके पति की तबीयत ठीक नहीं हो सकी। इससे महिला कांस्टेबल आर्थिक तंगी से गुजरने लगी। उसने पूरनपुर सीओ आलोक सिंह को फोन कर अपने बीमार पति की उपचार के लिए आर्थिक सहायता मांगी। सीओ ने कोतवाल आशुतोष रघुवंशी को मामले को दिखाते हुए महिला कांस्टेबल की मदद करने को कहा। सीओ और पूरनपुर कोतवाली पुलिस ने संयुक्त रूप से सहकर्मी महिला कांस्टेबल के पति के उपचार के लिए एक एकत्र किए और उसके द्वारा बताए गए बैंक खाता नंबर पर भेज दिए। जब इसकी जानकारी लोगों को लगी तो वह सराहना करने लगे। वैसे तो अमूमन यह काम समाजसेवी और अन्य संस्थाएं करती हैं लेकिन एक जरूरतमंद महिला सहकर्मी के लिए पूरनपुर पुलिस द्वारा निभाया गया यह फर्ज वास्तव में सराहनीय है।

# जिंक के अधिक दाम वसूलने के मामले में जांच शुरू

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

**कच्ची रसीद देकर मोनो जिंक पर लिए एमआरपी से अधिक रुपए**

**सही जांच होने पर इंचार्ज पर गाज गिरना तय**

पूरनपुर। एक किसान से कृभको केंद्र पर जिंक के अधिकतम मूल्य से भी अधिक दाम वसूले गए। उसने मामले की शिकायत विभागीय अधिकारियों से की जिससे हड़कंप मच गया। जानकारी लगने पर इंचार्ज व कृभको के अन्य कर्मचारी और एक थोक विक्रेता किसानों को मनाने के लिए उसके घर पहुंच गए। कृभको ने इंचार्ज को नोटिस जारी करते हुए जवाब मांगा है। सही जांच होने पर इंचार्ज के खिलाफ कार्यवाही हो सकती है। दरअसल मामला 27 जून का है। गांव गुलाबटांडा के रहने वाले माधो सिंह ने कस्बे के कृभको केंद्र से 5 किलो मोनो जिंक खरीदी थी। बताया जा रहा जिंक की कीमत अधिकतम 460 है। लेकिन इंचार्ज ने किसान से 5 किलो जिंक क 525रुपए लिए। यही नहीं कृभको की पक्की रसीद देने के बजाय एक कागज पर अपने नाम की मोहर लगाकर किसान को पकड़ा दी गई। जिंक के अधिक रुपए लेने की जानकारी लगते ही किसान के होश उड़ गए। उसने इस मनमानी की शिकायत कृभको के उच्चाधिकारियों से की। शिकायत की जानकारी लगते ही गुरुवार रात केंद्र इंचार्ज एक अन्य समकक्ष कर्मचारी व थोक विक्रेता किसान माधो सिंह के घर पहुंच गए। देर रात सभी माधो सिंह पर शिकायत वापस लेने के दबाव बना देते रहे। न मानने पर उन्होंने किसान को प्रलोभन भी दिया। कृभको संस्था ने इंचार्ज को इस मनमानी पर कारण बताओ नोटिस भेजने के साथ ही मामले की जांच भी शुरू कर दी है। बताया जा रहा इससे पहले भी कई किसानों को उर्वरक और जिंक आदि सामान मनमानी रेट पर बिक्री किए गए। इस करतूत की जानकारी लगने पर किसानों में भी नाराजगी देखी जा रही है। माना जा रहा है जांच सही होने पर कृभको केंद्र के इंचार्ज के खिलाफ कार्रवाई हो सकती है। फिलहाल आपको संस्थान इंचार्ज को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। इसके साथ ही इस मामले की जांच भी शुरू करा दी है।

# वार्ड बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की बैठक का हुआ आयोजन

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत




शुक्रवार को नगर पंचायत कलीनगर में मिशन वात्सल्य योजना के तहत वार्ड बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की बैठक का आयोजन किया गया। आयोजित बैठक में समिति के सदस्यों द्वारा बाल संरक्षण सेवाएं के अंतर्गत 18 वर्ष से कम आयु के बच्चों के सशक्त संरक्षणात्मक परिवेश का निर्माण, उचित पालन पोषण, बच्चों को हिंसा व दुर्व्यवहार से बचाने, बाल विवाह रोकथाम, परित्यक्त नवजात शिशु के मिलने पर तत्काल थाने पर सूचित करने तथा प्रवर्तकता कार्यक्रम के तहत पात्र परिवारों को चिन्हित करने पर चर्चा की गई, बैठक में वार्ड बाल कल्याण एवं संरक्षण समितियों को सक्रिय करने हेतु समन्वय किया गया है तथा वार्ड स्तरीय अगली त्रैमासिक बैठक में सुरक्षा एवं संरक्षण की आवश्यकता की श्रेणी में आने वाले बच्चों को चिन्हित कर कार्यवृति प्रस्तुत करने के संबंधित वार्ड सदस्यों से अपेक्षा की गई।संरक्षण अधिकारी मीनाक्षी पाठक द्वारा उ0 प्र0 मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना(कोविड-19/सामान्य) ,मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना,निराश्रित महिला पेंशन योजना इत्यादि के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई साथ ही बाल श्रम एवं बाल विवाह के संदर्भ में बताया कि पिछले वर्ष की अपेक्षा इस वर्ष बाल विवाह में कमी देखी गई ।एवं सम्बंधित वार्ड मेम्बरों से अनुरोध किया गया कि बाल विवाह से संबंधित सूचना मिलने पर चाइल्ड लाइन1098 को सूचना दे। बैठक में अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत कलीनगर, मीनाक्षी पाठक संरक्षण अधिकारी, प्रदीप कुमार सामाजिक कार्यकर्ता,कर्मा राव,अभिषेक शुक्ला परामर्शदाता एवं अन्य सभी सदस्य उपस्थित रहे।

# बरेली मॉडल की तर्ज पर देश भर में बनेंगी राशन की उचित दर दुकानें

**भारत सरकार ने उचित दर दुकानों (राशन) का बरेली मॉडल देश भर में प्रसारित कर किया निर्देशित**

**राशन की दुकानों तक पहुंचना होगा आसान, गलियों की बजाए सुगम स्थलों पर होंगी दुकानें**

**आम जनता के साथ खाद्यान्न वाहनों की सुविधा को देखते हुए योगी सरकार ने भी जारी किया आदेश**

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

### समस्त ब्लाकों में किया जाएगा निर्माण

संयुक्त सचिव संत लाल द्वारा सभी मंडलायुक्तों एवं जिलाधिकारियों को प्रेषित आदेश के अनुसार, निर्मित की जाने वाली उचित दर दुकानों का मानक निश्चित न होने के कारण जनपदों में संबंधित प्राधिकारियों द्वारा इनका निर्माण सुनिश्चित नहीं कराया जा पा रहा है। ऐसे में मंडलायुक्त बरेली व संभागीय खाद्य नियंत्रक, बरेली संभाग द्वारा विकसित कराए गए मॉड्यूल को आधार बनाते हुए सार्वजनिक वितरण प्रणाली की उचित दर दुकानों के निर्माण की कार्यवाही की जा सकती है। दुकानों की प्रस्तावित डिजाइन, ले-आउट व स्थान के चयन के संबंध में संबंधित जिलाधिकारी स्वयं के स्तर पर निर्णय लेते हुए आवश्यक कार्यवाही कराएंगे। मॉड्यूल के अनुसार निर्मित उचित दर दुकान का कुल क्षेत्रफल लगभग 484 वर्ग फीट होगा। उचित दर दुकान का निर्माण एक वृहद कक्ष में किया जाएगा, जिसमें दुकान तथा सीएससी के लिए अलग-अलग स्थान होगा। दुकान के समक्ष एक 24 फीट इ 04 फीट का बरामदा भी होगा, जोकि उचित दर विक्रेताओं के लिए वेटिंग हाल के रूप में रहेगा। बरामदे में तीन स्थानों पर नोटिस बोर्ड तथा एक स्थान पर सूक्ष्म वृक्षारोपण के लिए जगह सम्मिलित है। नवीन उचित दर दुकानों का निर्माण सबसे पहले प्रदेश के समस्त ब्लाकों में किया जाएगा। इसके बाद भारत सरकार के निर्देशानुसार प्रत्येक जनपद में 75 दुकानों का निर्माण कराया जाएगा।

### फूड ग्रेन स्टोरेज का भी किया जा सकता है उपयोग

आदेश में ये भी कहा गया है कि सचिव, भारत सरकार उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय एवं ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा यह अवगत कराया गया है कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 के कार्यान्वयन के लिए फूड ग्रेन स्टोरेज के निर्माण का कार्य मनरेगा के अंतर्गत अनुमन्य है। अत: राज्य सरकार मनरेगा के अंतर्गत फूड ग्रेन स्टोरेज का निर्माण कर उनका उपयोग उचित दर दुकानों के रूप में कर सकती है। ऐसे भवनों का निर्माण केवल सरकारी भूमि पर किया जाएगा। उचित दर दुकानों की व्यवहार्यता बढ़ाने के लिए राज्य सरकार द्वारा उचित दर दुकानों के माध्यम से विद्युत देयकों का भुगतान, सीएससी सेवाएं, पीएम वाणी के अंतर्गत ब्रॉडबैंड सेवा उपलब्ध कराने के साथ-साथ आम जन मानस की रोजमर्रा की आवश्यकता की वस्तुओं के बिक्री की भी अनुमति प्रदान की गई है।

तंग संकरी गलियों में सरकारी राशन की दुकानों तक खाद्यान्न पहुंचने में होने वाली समस्या के साथ ही आम जनता को होने वाली दुश्वारियों का संज्ञान लेते हुए योगी सरकार ने महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। सरकार ने ऐसी दुकानों को सुगम स्थलों में नई दुकानों में शिफ्ट करने का आदेश जारी किया है। इन दुकानों तक आम लोगों की पहुंच आसान करने के साथ ही खाद्यान्न ले जाने वाले वाहन भी दुकानों तक सीधे पहुंच सकें, इसके लिए मंडलायुक्त बरेली व संभागीय खाद्य नियंत्रक, बरेली संभाग द्वारा विकसित कराए गए मॉड्यूल के आधार पर दुकानों को विकसित किए जाने का सुझाव दिया गया है। उल्लेखनीय है कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 की धारा 24(2)(ए) में यह व्यवस्था दी गई है कि प्रदेश सरकार सब्सिडाइज्ड दरों पर खाद्यान्न केंद्र सरकार के नियत गोदामों से प्राप्त कर अधिकृत एजेंसियों के माध्यम से उचित दर की दुकानों (राशन दुकानों) तक डोर स्टेप डिलीवरी कराएगी। संकरी गलियों में दुकानें होने से आ रही समस्या के दृष्टिगत यह निर्णय लिया गया है।

### पंचायत भवन एवं सामुदायिक भवनों के नजदीक होंगी दुकानें

खाद्यान्न के डोर स्टेप डिलीवरी के सिंगल स्टेज व्यवस्था के अंतर्गत खाद्यान्न के वाहनों का उचित दर दुकान तक सुगमतापूर्वक पहुंचना अत्यंत आवश्यक है, लेकिन उचित दर विक्रेताओं की दुकानें संकरी गलियों में अवस्थित होने के कारण खाद्यान्न के वाहन सुगमतापूर्वक नहीं पहुंच सकते हैं। इसके साथ ही आम जन-मानस को खाद्यान्न प्राप्त करने के लिए दुकान तक पहुंचने में कठिनाई होती है। ऐसी स्थिति में पूर्व में जारी आदेश में ये व्यवस्था दी गई है कि ग्रामीण क्षेत्रों में ग्राम सभाएं तथा शहरी क्षेत्रों में नगर पंचायत, नगर पालिका परिषद, नगर निगम अपने आर्थिक स्रोतों, मनरेगा आदि योजनाओं से राशन की दुकानों का निर्माण करेंगे। ये निर्माण ग्रामीण क्षेत्र में यथासंभव पंचायत भवन एवं शहरी क्षेत्रों में सामुदायिक भवनों के नजदीक स्थान की उपलब्धता के आधार पर किए जाने चाहिए। *बरेली में इस मॉडल पर उचित दर राशन दुकानें निर्माणाधीन हैं तथा उ0प्र0 सरकार ने इसे प्रदेश भर में लागू किये जाने हेतु निर्देशित किया है। गौरतलब है कि इस संबंध में भारत सरकार ने भी उ0प्र0 के इस बरेली मॉडल को देश के समस्त प्रदेशों/केन्द्र शासित प्रदेशों में प्रसारित कर इसे लागू करने हेतु निर्देशित किया है।




# प्रो. रामगोपाल राजनैतिक संत: नरेन्द्र सिंह

जन एक्सप्रेस । प्रयागराज

समाजवादी विचारक राज्य सभा सांसद सपा के राष्ट्रीय प्रमुख महासचिव प्रोफेसर रामगोपाल यादव का 77वा जन्मदिन संगम तट स्थित यज्ञशाला में पार्टी के निवर्तमान प्रदेश सचिव नरेन्द्र सिंह की अगुवाई में किया गया। विद्वान आचार्यों के मंत्रोच्चारण के साथ यज्ञ हवन, साधु संतों व जरुरतमंदों को भोजन,फल तथा वस्त्र वितरित कर उनके उत्तम स्वास्थ्य एवं दीर्घायु का आशीर्वाद मांगा। श्रीपीठम् के पीठाधीश्वर 108 योगीराज रमेश महाराज के मार्गदर्शन एवं कई विद्वानों के आचार्यत्व मे सम्पन्न हुए यज्ञ भण्डारा किया गया। इस अवसर पर आगमाचार्य 108 योगिराज रमेश महराज, महंत बृजभूषण दास, लक्ष्मण दास, आरएन यादव एडवोकेट, दान बहादुर मधुर, महंत रामदास जी, हिमांशु सिंह,बृज किशोर महराज,भरत महराज, सुरेश दास, रामकुमार दास सहित सैकड़ों की संख्या में साधु संत एवं अन्य लोग मौजूद रहे।

# भयहरणनाथ धाम में सावन मेला की तैयारी

जन एक्सप्रेस । प्रयागराज

पांडव कालीन भयहरणनाथ धाम में सावन व मलमास मेले के सन्दर्भ में विशेष सफाई अभियान नगर पंचायत कटरा गुलाब सिंह व धाम की प्रबन्ध समिति द्वारा किया गया है। नगर पंचायत अध्यक्ष अशोक कुमार मुन्ना यादव के नेतृत्व व धाम के महासचिव सामाजिक कार्यकर्ता समाज शेखर के मार्गदर्शन में प्रबन्ध समिति सदस्यों व पदाधिकारियों के अलावा सफाई कर्मियों ने भी सहभागिता की। इस अवसर पर मुख्य मन्दिर व मेला क्षेत्र के साथ साथ सभी मन्दिरों तथा सार्वजनिक सरकारी व सामुदायिक भवनों का स्थलीय निरीक्षण किया गया। नगर पंचायत अध्यक्ष मुन्ना यादव ने कहा कि भयहरणनाथ धाम व बकुलाही नदी के विकास में समाज शेखर का प्रयास सराहनीय है। उन्होने कहा कि धाम के सार्वजनिक विकास हेतु अति शीघ्र नगर पंचायत में प्रबन्ध समिति व अन्य सम्बन्धित विभागों के साथ संयुक्त बैठक करके योजना बनाई जायेगी। धाम के पीछे स्थित शिवगंगा तालाब का पुनरोद्धार शासन द्वारा नियमानुसार कराया जायेगा।

उत्तर रेलवे

मंडल में अनुबंध के आधार पर मेडिकल प्रैक्टिसनर की नियुक्ति हेतु सीधे साक्षात्कार (वॉक इन इंटरव्यू)

अनुबंध के आधार पर लखनऊ मंडल उत्तर रेलवे में कार्य करने हेतु **01 मेडिकल प्रैक्टिसनर पुरुष/महिला** की रिक्तियों को भरने के लिए साक्षात्कार आयोजित किया जायेगा। अनुबंध की अवधि एक वर्ष की होगी। योग्य उम्मीदवारों को नीचे दिये गये तिथि एवं समय एवं स्थान पर साक्षात्कार के लिए आमंत्रित किया जाता है।

| साक्षात्कार का स्थान | तिथि | समय |
|---|---|---|
| मुख्य चिकित्सा अधीक्षक,कार्यालय, उत्तर रेलवे/चारबाग,लखनऊ | 21.07.2023 | 11.00 बजे |

1. **पारिश्रमिकः**— CPM हेतु पारिश्रमिक भत्ते (मकान किराया भत्ता एवं परिवाहन भत्ते सहित) निम्न है

| सीएमपी की श्रेणी | मासिक पारिश्रमिक रुपये में |
|---|---|
| GDMO | 75000/— |

2. **शैक्षिक योग्यताः**— किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से MBBS और एक वर्ष की इंटरशिप अवश्य पूरी होनी चाहिए और किसी भी भारतीय राज्य चिकित्सा परिषद का वैध पंजीकरण प्रमाण पत्र होना चाहिए। 3. मंडल चिकित्सालय, चारबाग, उत्तर रेलवे, लखनऊ एवं लखनऊ मंडल, उ0 रे0 के अधीन स्वास्थ्य इकाई हेतु CPM/GDMO को नियुक्त किया जा सकता है।

4. **पदों की संख्याः— 01**

| स्टेशन/स्वास्थ्य ईकाई | कटेगरी |
|---|---|
| मण्डल चिकित्सालय, चारबाग, लखनऊ एवं लखनऊ मंडल, उ0रे0 की स्वास्थ्य इकाईयों हेतु | SC (01) |

5. लखनऊ मण्डल उत्तर रेलवे चयनित उम्मीदवारों को प्राइवेट प्रैक्टिस करने की अनुमित नियमानुसार नहीं होगी।
6. उम्मीदवारों को रेलवे में पूर्व में CPM पद पर की गयी रेल सेवाओं का विवरण स्पष्ट रूप से अंकित करना आवश्यक है। विवरण गलत पाये जाने पर चयन निरस्त किया जा सकता है।
7. **आयुः**—
क)— दि0— 01.06.2023 को 53 वर्ष से अधिक नहीं होना चाहिए।
ख)— सेवानिवृत आई0आर0एम0एस0 अधिकारी/राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार के सेवानिवृत सरकार चिकित्सा अधिकारियों के लिए आयु दि0— 01.06.2023 को 65 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए जो न्यूनतम एक वर्ष से अधिकतम पाँच वर्ष के लिए होगा।
ग)— वर्तमान नियमों के अनुसार आरक्षण नीति लागू होगी।

**इस अधिसूचना को उत्तर रेलवे की वेबसाइट www.nr.indianrailways.gov.in में अपलोड कर दिया गया है, विस्तृत विवरण नियम शर्ते, फॉर्म इत्यादि उपरोक्त वेबसाइट के अन्तर्गत लखनऊ मंडल उ0रे0 के कार्मिक शाखा (Personnel Dept.) पर उपलब्ध है।**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 2023/23

# टूटी नाली की नहीं हुई मरम्मत आगे कराया गया नया निर्माण

जन एक्सप्रेस। सनी राव मोघे





**कानपुर नगर।** कल्याणपुर विकास खंड के अंतर्गत बगदौधी बांगर पंचायत के दाईपुरवा गांव में जिला पंचायत निधि से नाले के निर्माण कार्य कराया गया। मंधना क्रासिंग के नीचे से मंधना पुलिया तक नाले के निर्माण के लिए टेंडर पास हुआ था लेकिन ठेकदार ने मनमानी करते हुए नाले का निर्माण कुछ जगह छोड़ दिया और उसके आगे का निर्माण करा दिया था जिसके बाद गुरुवार की रात को हुई मूसलाधार बारिश ने नयें बने नाले की पोल खोल दी बारिश शुरू होने के कुछ मिनटों बाद नाले उफ़ना गए और नाले का पानी सड़क पर आ गया और इसी तरह शुक्रवार की सुबह हुई जोरदार बारिश ने लोगों को घरों मे कैद रहने के लिए मजबूर कर दिया बारिश के कुछ देर बाद पानी सड़क पर आ गया देखते ही देखते नाले का पानी लोगों के घरों मे घुस गया जिससे काफ़ी लोगों के घरों मे नुकसान भी हो गया, साथ ही राहगीरों को भी सड़क से गुजरते वक्त परेशानी का सामना करना पड़ा। अभी पहली ही बारिश हुई है और क्षेत्र में हाहाकार मच गया है।

**इलाके के लोगों को करना पड़ता है जलभराव की समस्या का सामना**

स्थानीय लोगों ने बताया की ज़ब निर्माण कार्य कराया जा रहा था तभी ठेकेदार व जिला पंचायत सदस्य राजू दिवाकर से टूटी नाली की मरम्मत कराने को कहा गया तब ठेकेदार ने लोगों की बातों को अनसुना करते हुए आगे नाले का निर्माण कराना चालू कर दिया था ज़ब की नाले का निर्माण ना होने के कारण बारिश के बाद सड़क पर पानी भर जाता है और पानी निकास ना होने की वजह से गांव मे रहने वाले कैलाश, शनि, राजू, शिवकुमार, अरविन्द, राहुल, पम्मी सविता जय प्रकाश वर्मा सहित कई लोगों के घरों मे नाले का पानी घुस जाता है। ग्रामीणों के मुताबिक कई बार टूटी पड़ी नाली की शिकायत जिलापंचायत सदस्य व ग्राम प्रधान से भी की गयी है लेकिन आज तक कोई कार्यवाही नहीं की गयी।

# बिजली के तार से चिपके मां बेटे, बेटे की मौत

## बिजली विभाग की लापरवाही उजागर, पिछले 12 माह से टूटा पड़ा था तार

जन एक्सप्रेस। बिल्हौर



बिल्हौर तहसील क्षेत्र के ककवन थाना अंतर्गत औरौताहरपुर गांव मे बीते कई दिनों से टूटे तार मे करंट उतर आने से 12 वर्षीय किशोर की मौत हो गई जबकि बचाने के लिए गई मां भी बिजली लाईन के चपेट मे आकर झुलस गई जिससे उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। घटना के बाद बिजली विभाग की लापरवाही से नाराज ग्रामीण ने शव रखकर बिजली विभाग के खिलाफ जमकर नारेबाजी कर नाराजगी जताई। बाद मे पहुंचे तहसील प्रशासन के कई अधिकारियों के आश्वासन के बाद किशोर के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। घटना गुरुवार की सुबह दस बजे की है जब औरौताहरपुर गांव निवासी रावेन्द्र कुशवाहा की पत्नी 12 वर्ष के किशोर सागर के साथ पानी भरने जा रहे थे तभी सागर का पैर बिजली के तार में फंस गया और सागर करंट मे चिपक जाने के बाद मां ने उसे फंसा देखा तो खुद उसको छुड़ाने के लिए दौड़ी तभी करंट ने सागर की मां को भी अपनी चपेट में ले लिया देखते ही देखते सागर की जान चली गई और मां जुलुस कर बेहोश होकर गिर पड़ी तभी राह से गुजर रहे कुछ लोगों ने मां बेटे को तार से उसका देखा जिसके बाद लकड़ी के डंडे से मारकर मां बेटे को तार से अलग किया हालांकि जब तक गांव वालों ने डॉक्टर के पास सागर को ले जाते तब तक सागर दम तोड़ चुका था लेकिन उसकी मां की सांसे चल रही थी आनन-फानन में परिजनों ने एंबुलेंस को सूचना दी पावर मां बेटे को बिल और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए जहां पर डॉक्टरों ने 12 वर्ष सागर को मृत घोषित कर दिया जबकि उसकी मां की हालत नाजुक होने पर कानपुर हैलट के लिए रेफर कर दिया इधर बिजली विभाग को कई बार सूचना देने के बाद तार ना जोड़े जाने के बाद युवक किशोर की मौत के बाद ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा और बिजली विभाग के खिलाफ जमकर नारेबाजी और प्रदर्शन करने लगे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से शव वापस आ जाने के समझाने का प्रयास किया घटनास्थल पर नायब तहसीलदार सीपी राजपूत ने बताया स्थलीय निरीक्षण रिपोर्ट उच्च अधिकारियों को बनाकर भेज दी गई है विधायक राहुल बच्चा सोनकर ब्लाक प्रमुख पुत्र विनय यादव ने घटनास्थल पर पहुंचकर हर संभव मदद परिवारी जनों को दिलाई है।

# बहन की ससुराल में समझौते के लिए पहुंचे तीन भाइयों पर हमला




जन एक्सप्रेस । बिल्हौर

बिल्हौर तहसील क्षेत्र के उत्तरीपुरा चौकी अंतर्गत उत्तरी गांव निवासी प्रिंशु अग्निहोत्री ने लगभग 3 वर्ष पूर्व अपनी बहन की शादी क्षेत्र के देवीपुर सराय गांव निवासी नारायण दीक्षित के पुत्र प्रतीक दीक्षित से दान दहेज के साथ की थी। शादी के बाद ससुराली जन उत्तरी में ही घर बनाकर निवास करने लगे। शादी के बाद ही ससुरालीजन उनकी बहन को और दहेज लाने के लिए प्रताड़ित करने लगे। कई बार समझाने बुझाने के बाद भी गुरुवार रात ससुराली जनों ने एक बार फिर सात लाख की मांग करते हुए उनकी बहन के साथ मारपीट की। सुबह बहन की सूचना पर तीनो भाई अपनी मां के साथ बहन के घर समझौते के लिए पहुंचे थे। तभी घर के अंदर पहुंचते ही ससुराली जनों ने बाहरी दरवाजा बंद कर लिया और वहां पहले से मौजूद ससुर नारायण दीक्षित, पति प्रतिक दीक्षित, देवर प्रशांत दीक्षित, व आधा दर्जन अज्ञात लोगों ने लाठी-डंडे व चाकू से हमला कर तीनो भाई प्रिंसू, चंद्रप्रकाश, व अंशु, को गंभीर रूप से घायल कर दिया। किसी तरह जान बचाकर भागे तीनों भाइयों ने पुलिस चौकी पहुंचकर मामले की जानकारी पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ससुर जेठ व देवर को हिरासत में लेकर विधिक कार्यवाही शुरू की और घायलों को उपचार के लिए सीएचसी भिजवाया।

# उत्तरीपुरा में ट्रक बैक करते वक्त क्लीनर पर चढ़ा, मौत

**जन एक्सप्रेस/बिल्हौर।** उत्तरीपुरा बिल्हौर थाना की चौकी के मदारा राय गुमान के खंड मदारा निवासी ट्रक ड्राइवर व मालिक ब्रजकिशोर उर्फ शर्मा पुत्र श्यामलाल ट्रक सुदामा पंचर की दुकान से हवा भराकर बैक कर रहे थे तभी पीछे खलासी रामू उम्र 35 वर्ष पुत्र नन्नू साइड बता रहा था इतने में ट्रक ड्राइवर ने पीछे का टायर रामू पर चढ़ गया जिससे रामू की मौके पर ही मौत हो गई इससे पहले भी रामू के बड़े भाई गंगा प्रसाद की बीमारी के चलते निधन हो गया था वही 15 वर्ष पहले सेवा मंदिर एक मार्ग दुर्घटना में भाई जमुना की भी मृत्यु हो गई थी वा पापा मम्मी पहले ही गुजर चुके थे मौके पर पहुंचे चौकी पुलिस सब इंस्पेक्टर सत्यम सिंह चौहान ने ट्रक को कब्जे में लिया वहीं मृतक रामू का शव सीएचसी भिजवा कर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए कानपुर भिजवा दिया।

# महिला के गले से सोने की चेन लूट भागे बदमाश, पुलिस आरोपी की तलाश में जुटी




जन एक्सप्रेस। विनीत सिन्हा

**कानपुर नगर।** शुक्रवार को जीटी रोड़ के पास त्रिमूर्ति मंदिर के सामने सुभाष रोड़ पर महिला के गले से 2 बदमाश चैन लूट भाग निकले। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और आस-पास के सीसीटीवी कैमरों को देख आरोपियों की तलाश शुरू कर दी। चकेरी थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले लाल बंगला की तरफ जा रहे सुभाष रोड़ पर एक महिला के गले से 2 अज्ञात बदमाश 2.5 तोले की सोने की चेन झपटकर फरार हो गए। सूचना पर तत्काल चकेरी पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस द्वारा बदमाशों की धरपकड़ के लिए आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले गये। फुटेज में बदमाश आपची बाईक से आते दिखाई दिये हैं। पुलिस छानबीन जर रही है। हादसे का शिकार हुई महिला का नाम विभा शुक्ला (46) है निवासी गांधी ग्राम काशी राम हॉस्पिटल के कैम्पस, जो कि लाल बंगला केनरा बैंक में विशेष सहायक के पद पर कार्यरत हैं। सूत्रों के अनुसार, बदमाश को पुलिस ने पकड़ लिया है।

## फास्ट फॉरवर्ड

### दरोगा के मकान में पीओपी कारीगर की छत से गिरकर मौत

**जन एक्सप्रेस/उन्नाव।** उन्नाव में एक निर्माणाधीन मकान की छत से गिर कर एक मजदूर की मौत हो गई। मजदूर पीओपी का कारीगर था। परिजनों का कोई आरोप ना होने के कारण पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया। कोतवाली बिलग्राम के गांव चांदपुर निवासी धीरेंद्र सिंह पुलिस विभाग में दरोगा है, जो वर्तमान में बदायूं में तैनात हैं। उनका मकान शहर के पीडी नगर उन्नाव में बन रहा था। जहां पर हरदोई के ही मल्लावां थाना क्षेत्र गांव नसीरपुर निवासी धनीराम साथी मुकेश सूरज और रिंकू के साथ पीओपी का कार्य कर रहा था। गुरुवार देर शाम काम करने के बाद सभी ने खाना खाकर शराब पी। जिसके बाद छत पर सोने चले गए रात में धनीराम छत से नीचे गिर गया जिससे उसकी मौत हो गई। शुक्रवार सुबह पड़ोसियों ने शव पड़ा देखा इसके बाद साथी श्रमिकों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने परिजनों को सूचित करते हुए जांच पड़ताल कर शव को पोस्टमार्टम हेतु भेजा।

### 64 दिव्यांगजनों ने उठाया सरकारी योजनाओं का लाभ



**जन एक्सप्रेस/कानपुर नगर।** शास्त्री नगर सेन्टर पार्क बगिया में समस्या समाधान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर 1 व 2 जुलाई को भी आयोजित होगा। शिविर में 64 दिव्यांग व्यक्तियों ने सरकारी योजनाओं का लाभ लिया। सामूहिक विवाह के लिये 2 आवेदको ने पंजिकरण कराया, बैटरी चलित ट्राई साईकिल 02, विकलांग पेंशन 19, रेलवे यूनिक कार्ड 13, यूडीआईडी कार्ड 28 फार्म भरे गये व सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गयी। राष्ट्रीय विकलांग पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव वीरेन्द्र कुमार ने बताया कि जो दिव्यांगजन सरकारी योजनाओं का लाभ लेना चाहते है वो 1 व 2 जुलाई को शास्त्री नगर सेन्ट्रल पार्क में सम्पर्क कर सकते है। शिविर में राष्ट्रीय महासचिव वीरेन्द्र कुमार, अल्पना कुमारी, राहुल कुमार, बंगाली शर्मा, वैभव दीक्षित, गुड्डी दीक्षित, गौरव कुमार ने सहयोग किया।

# फूफा के घर जा रहे युवक को डम्फर ने रौंदा, मौत

जन एक्सप्रेस। नवाबगंज उन्नाव



अजगैन कोतवाली क्षेत्र में पैदल राजमार्ग पार कर रहे युवक को तेज रफ्तार डम्फर ने जोरदार टक्कर मार दिया। जिससे युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने 108 एम्बुलेंस की मदद से उसे सीएचसी भेजा। चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने डंफर सहित चालक को कब्जे में लिया है। हसनगंज कोतवाली क्षेत्र के नई सराय गांव निवासी गोविंद उम्र 22 पुत्र नन्हके शुक्रवार दोपहर अजगैन कोतवाली के सामने पैदल राजमार्ग पार कर रहा था। इस दौरान कानपुर की ओर जा रहे तेज रफ्तार डंफर ने युवक को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। हाइवे पर घटना होते ही आसपास के लोगो ने हड़कंप मच गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने 108 एंबुलेंस की मदद से उसे नवाबगंज सीएचसी भिजवाया। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद डंफर चालक वाहन के साथ मौके से भाग निकला।जिसके बाद पुलिस ने डम्फर का पीछा कर थाना दही के पास से डंफर सहित चालक को पकड़कर अपने कब्जे में लिया है। मृतक मजदूरी करता था। चार भाईयो में सबसे बड़ा था। जोकि अविविहित था। तीन छोटे भाई अरविंद, दिव्यांशु, छोटू है। मृतक के माता पिता की कई वर्ष पूर्व मौत हो चुकी है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। परिजन ने बताया कि गोविंद कल्याणी मोहल्ले में रहने वाले अपने फूफा पप्पू पुत्र धनीराम के यहां गया था। जहां से शुक्रवार दोपहर वह टेंपो से अजगैन कोतवाली के सामने उतरकर सामने स्थित बक्कुखेड़ा गांव निवासी अपने दूसरे फूफा श्यामलाल पुत्र भोपाली के यहां जाने के लिए पैदल राजमार्ग पार करने लगा तभी लखनऊ की तरफ से आ रहे डंपर ने उसे रौंद दिया। कोतवाली प्रभारी वी के मिश्रा ने बताया डंफर सहित चालक को कब्जे में लेकर अन्य विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# करोड़ों रुपए खर्च होने के बाद भी गंगा का जल प्रदूषित

जन एक्सप्रेस। शुक्लागंज/उन्नाव



भारत की सबसे महत्वपूर्ण नदी गंगा जो भारत और बांग्लादेश में मिलाकर 2510 किलोमीटर की दूरी तय करती हुई उत्तराखंड में हिमालय से लेकर बंगाल की खाड़ी के सुंदरबन तक विशाल भूभाग को सींचती है। देश की प्राकृतिक संपदा ही नहीं जन-जन की भावनात्मक आस्था का आधार भी है। गंगा को साफ करना भारत सरकार के लिए एक बहुत बड़ी चुनौती है। इसमें सबसे बड़ी चुनौती गंगा में हर तरफ से आ रहे मल मूत्र का कचरा, औद्योगिक कचरा, बूचड़खानो का कचरा आदि है। गंगा को निर्मल और अविरल बनाने के लिए केंद्र सरकार द्वारा 20 हजार करोड़ रुपए का आवंटन कर गंगा को 5 वर्षों में स्वच्छ करने का बीड़ा उठाया गया था। इसके लिए आठ शहरों कानपुर इलाहाबाद वाराणसी मथुरा वृंदावन पटना साहिबगंज हरिद्वार और नवदीप में पायलट योजना के साथ इसका शुभारंभ भी किया गया था। किंतु करोड़ों रुपया खर्च होने के बाद समूची गंगा नदी को प्रदूषण मुक्त नहीं किया जा सका। इन दिनों गंगा का जल प्रदूषण से भरा हुआ है। गंगाजल को लोग पूजा-पाठ व पीने के उपयोग में भी लाते हैं। वही गंगा आज मैली हो रही हैं। पूरे गंगा में सफेद झाग दार पानी दिखाई दे रहा है। गंगा भारतीय जनमानस की आस्था का प्रतीक है। गंगा सदियों से हमारी सभ्यता संस्कृति और आस्था का केंद्र रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा गंगा नदी की सफाई के लिए स्वच्छ गंगा मिशन नमामि गंगे जैसी कई परियोजनाओं के चलाने के बाद भी गंगा को स्वच्छ नहीं रखा गया है। गंदे नालों का गिरना,औद्योगिक अपशिष्ट पदार्थ कचरा आदि माध्यमों से गंगा का जल अत्यधिक विषैला हो गया है। जो लोग इस नदी के पानी का उपयोग पीने के लिए करते हैं। उन्हें हैजा, टाइफाइड, पीलिया आदि जैसे अन्य जल जनित रोगों का शिकार होना पड़ता है।

# विधायक ने समूह की महिला द्वारा खोले गए हॉस्पिटल का किया उद्घाटन

जन एक्सप्रेस। पुरवा मौरावां उन्नाव



पुरवा क्षेत्र के मंगत खेड़ा पणजी मोड़ पर समूह की महिला सावित्री द्वारा खोले गए एक निजी हॉस्पिटल का पूर्वा विधायक अनिल सिंह ने फीता काटकर उद्घाटन किया। विधायक अनिल सिंह ने कहा कि हमारी विधानसभा क्षेत्र में लोगो को अच्छी स्वास्थ्य सुविधाएं मिले इसके लिए प्रयास किए जा रहे है। उन्होंने हॉस्पिटल प्रबंधन से कहा कि हॉस्पिटल आने वाले मरीजो का अच्छा इलाज करें।गरीब मरीज का इलाज अवश्य करें। इससे पूर्व हॉस्पिटल की प्रबंधक सावित्री देवी ने विधायक अनिल सिंह का माल्यार्पण कर स्वागत किया। इस अवसर पर अमन, श्यामू रावत, आनंद गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# वाहन चोर गिरोह के 4 सदस्यों को भेजा जेल

## पुलिस ने कब्जे से तीन बाइक बरामद की

जन एक्सप्रेस। सफीपुर/उन्नाव



विगत दिवस पुलिस गिरफ्त में आए दो पहिया वाहन चोर गिरोह के कब्जे से सफीपुर कोतवाली पुलिस ने तीन बाइक बरामद कर पकड़े गए चार आरोपियों को जेल भेज दिया। पुलिस के अनुसार पकड़े गए आरोपियों के विरुद्ध विभिन्न थाना क्षेत्र में कई मुकदमे दर्ज हैं। आरोपी सोनू कश्यप सफीपुर कोतवाली क्षेत्र की परियर चौकी अंतर्गत परियर का ही निवासी जबकि उसके दो साथी राज कश्यप सदर कोतवाली के काशीराम कालोनी निवासी एवम फैजान सदर कोतवाली के ही दरोगा बाग निवासी है। तथा एक अन्य आरोपी थाना हसनगंज के निदिमऊ कटरा निवासी धर्मेंद्र उर्फ भूरा है। प्रभारी निरीक्षक पवन सोनकर के दिशानिर्देश पर सफीपुर कोतवाली पुलिस की टीम को गत दिनों मिली थी। यह कामयाबी जिसका खुलासा अब किया गया है। सूत्रों की माने तो पकड़े गए आरोपी कई दिनों से चौकी इंचार्ज परियर अखिलेश यादव की गिरफ्त में थे।

### भारतीय किसान यूनियन ने आजाद पर हुए हमले के विरोध में तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा

**जन एक्सप्रेस/बिल्हौर।** बिल्हौर तहसील प्रांगण में भारतीय किसान यूनियन के पदाधिकारियों ने पहुंचकर तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा कल सहारनपुर के देवबंद में हुए आजाद समाज पार्टी व भीम आर्मी प्रमुख चंद्रशेखर आज़ाद रावण के ऊपर हुए जानलेवा हमले को लेकर भीम आर्मी के कार्यकर्ताओं का प्रदर्शन, बिल्हौर तहसील में कार्यकर्ताओं का प्रदर्शन, बिल्हौर तहसील के बाहर कार्यकर्ता मौजूद हैं, घटना से आक्रोशित कार्यकर्ताओं ने की नारेबाजी,चंद्रशेखर के समर्थकों ने जमकर नारेबाजी की, कार्यकर्ताओं द्वारा बिल्हौर तहसीलदार सत्य प्रकाश यादव को राष्ट्रपति को सम्बोधित ज्ञापन सौपा है।



# विधायक पुरवा ने नए फीडर पाशाखेड़ा का किया लोकार्पण

जन एक्सप्रेस । पुरवा मौरावां उन्नाव



कस्बा स्थित विद्युत उपकेंद्र से संचालित क्षेत्र के चमियानी फीडर की लाईन को दो भागों में विभाजित करने के लिए नए फीडर पासाखेड़ा का लोकार्पण विधायक अनिल सिंह ने भूमि पूजन कर किया। लोकार्पण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक अनिल सिंह ने कहा कि सरकार बिजली व्यवस्था को सुदृढ़ बना रही है। योगी सरकार ग्रामीण स्तर पर 18 घंटे व शहरी क्षेत्र में 22 से 24 घंटे बिजली देने का कार्य कर रही है। विधायक अनिल सिंह ने कहा कि चमियानी क्षेत्र की विदुत लाईन बहुत बड़ी थी। जिससे आए दिन फाल्ट बना रहता था। ग्रामीणों की लगातार शिकायतें आ रही थी। जिसपर इस क्षेत्र की लाईन को दो भागों में विभाजित कर एक नया फीडर पासाखेड़ा बना दिया गया है। जिससे लाईन पर लोड कम पड़ेगा और ग्रामीणों को सुचारू रूप से विद्युत आपूर्ति मिल सकेगी। अधिशासी अभियंता योगेन्द्र चतुर्वेदी ने बताया कि नए फीडर के लिए नई ट्राली मशीन लगाई जाएगी। वहीं कुछ पोल भी नए लगवाए जाएंगे। कार्यक्रम आयोजक प्रधान संघ अध्यक्ष अमित त्रिवेदी ने विधायक अनिल सिंह का अंगवस्त्र भेंटकर स्वागत किया। इस अवसर पर अधिशासी अभियंता योगेन्द्र चतुर्वेदी, एसडीओ अनिल वर्मा, जेई अशोक पाल, भाजपा जिला मंत्री रजनीश वर्मा, शुभम श्रीवास्तव, दीपू लोधी, विनीत, दीपक, अंकित सिंह, श्याम बहादुर, अभय पटेल, अरविंद उर्फ मुन्ना बजाज आदि लोग मौजूद रहे।

# नगर की जामा मस्जिद में शांतिपूर्वक अदा की गई नमाज

जन एक्सप्रेस। शुक्लागंज उन्नाव



गंगाघाट राजधानी मार्ग स्थित जामा मस्जिद में शांति पूर्वक अता की गई ईद -उल- अजहा की नमाज मौके पर एसडीएम सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। राजधानी मार्ग स्थित जामा मस्जिद सहित नगर की तमाम मस्जिदों में शांतिपूर्वक नमाज अता की गई।गुरुवार को ईद उल अजहा के नमाज के अवसर पर मुस्लिम समुदाय के लोग सुबह 8 बजे से ही नमाज के लिए जामा मस्जिद पर इकट्ठा होने लगे शाही इमाम ने सभी नमाजियों को शांतिपूर्ण ढंग से नमाज अता कराई वहीं कुर्बानी के बाद पशुओं के अवशेषों को इधर उधर ना फेंकने की हिदायत भी दी गई। इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था की दृष्टि से कोतवाली प्रभारी चंद्रकांत सिंह सहित गंगाघाट कोतवाली का संपूर्ण पुलिस बल कोतवाली क्षेत्र की हर मस्जिद और चौराहों पर मुस्तैदी से तैनात रहा। बकरीद के इस शुभ अवसर पर एसडीएम सदर अंकित शुक्ला सीओ सिटी आशुतोष कुमार नगर पालिका। अधिशासी अधिकारी मुकेश मिश्रा, सहित प्रमुख राजनीतिक लोग व अन्य उपस्थित रहे।

# गहलोत का लक्ष्य अपने बेटे वैभव को सीएम बनाने का: अमित शाह

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा का अभियान तेज हो गया है। लगातार तीसरे दिन भाजपा का शीर्ष नेतृत्व राजस्थान में है। आज इस कैंपेन को आगे बढ़ाने के लिए उदयपुर पहुंचे गृह मंत्री अमित शाह ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत बिना मतलब इस उम्र में इधर-उधर घूम रहे हैं। कोई इस सभा का वीडियो उन्हें भेज दे, पता चल जाएगा कि उनकी सरकार के जाने का समय हो गया है। शाह ने कहा कि गहलोत का लक्ष्य अपने बेटे वैभव को सीएम बनाने का है। शाह ने कहा कि उदयपुर में कन्हैयालाल हत्याकांड पर भी गहलोत राजनीति कर रहे हैं। गहलोत हत्यारों को तो पकड़ना भी नहीं चाहते थे, एनआईए ने पकड़ा और गहलोत झूठ बोलते हैं कि कार्रवाई नहीं हुई। मैं डंके की चोट के साथ कहता हूं कि स्पेशल कोर्ट में सुनवाई की होती तो हत्यारे फांसी पर लटक चुके होते। यही नहीं, जयपुर ब्लास्ट के आरोपियों की सुनवाई के लिए गहलोत सरकार के एडवोकेट जनरल के पास समय नहीं है।



### अति आत्मविश्वास में मत आना: वसुंधरा

वसुंधरा ने कहा कि गहलोत सरकार पूरी पांच साल अपना खुद का उत्थान करने में लगी है। उनके मंत्री खुद मंच से यह बात कहते हैं कि सरकार ने भ्रष्टाचार का रिकॉर्ड कायम कर दिया है। वसुंधरा ने कहा कि आने वाले चुनाव में हम निश्चित रूप से चुनाव जीतेंगे, लेकिन कार्यकर्ता अति आत्मविश्वास में न आएं।

### शेखावत ने की वसुंधरा के कार्यकाल की तारीफ

केंद्रीय जल शक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने सभा को संबोधित करते हुए वसुंधरा सरकार के कार्यकाल की तारीफ की। उन्होंने कहा कि राजस्थान में पूरा सिस्टम पिछले पांच साल में बिगड़ गया है। उससे पहले यहां डबल इंजन की सरकार थी। भाजपा सरकार हर काम को जमीन पर उतार रही थी और प्रदेश पहले नंबर पर था।

**पीएम मोदी ने देश को सुरक्षित किया:** गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी ने नौ साल में देश को सुरक्षित किया है। मनमोहन सिंह की सरकार के दौरान पाकिस्तान से रोजना हमल होते थे, लेकिन हमारी सरकार ने पाक को घर में घुसकर मारा। आज देश में आतंकी हमलों पर रोक लगी है।

**गहलोत सरकार भ्रष्टचार में नंबर वन:** गृह मंत्री अमित शाह ने प्रदेश की गहलोत सरकार पर भी हमला बोला। उन्होंने कहा कि गहलोत सरकार भ्रष्टाचार में नंबर वन है। सभी भ्रष्टाचारी एक जगह इक्टठा हो गए हैं। हमारी सरकार पर अभी तक भ्रष्टाचार का कोई आरोप नहीं लगा है।

**शाह ने उठाया कन्हैयालाल हत्याकांड का मुद्दा:** अमित शाह ने कन्हैयालाल हत्याकांड को लेकर भी गहलोत सरकार को आड़े हाथों लिया। उन्होंने कहा कि गहलोत सरकार तो कन्हैयालाल के हत्यारों को पकड़ना ही नहीं चाहती थी। एनआईए ने कन्हैयालाल के हत्यारों को पकड़ा है। शाह ने कहा कि गहलोत सरकार प्रदेश में वोट बैंक की राजनीति करती है।

### 21 पार्टी के लोगों का लक्ष्य अपने बेटों का भविष्य बनाना

पटना में पिछले दिनों 21 पार्टी के लोग इकट्ठा हुए। ये लोग राहुल गांधी को प्रधानमंत्री बनाना चाहते हैं। यदि मोदी फिर से प्रधानमंत्री बनते हैं तो भ्रष्टाचारी जेल की सलाखों के पीछे जाएंगे। 21 पार्टियों का लक्ष्य अपने बेटों का भविष्य है। सोनिया गांधी का लक्ष्य राहुल को प्रधानमंत्री बनाना, लालू यादव का लक्ष्य बेटे तेजस्वी को सीएम बनाना, ममता बनर्जी का लक्ष्य भतीजे अभिषेक को सीएम बनाना और अशोक गहलोत का लक्ष्य अपने बेटे वैभव को सीएम बनाना है।

### आदिवासियों के लिए भाजपा ने ही मंत्रालय बनाया

10 साल यूपीए सरकार चली। आदिवासी बच्चों को पढ़ाने के लिए सिर्फ 90 स्कूल थे। भाजपा ने 500 से ज्यादा स्कूल बना दिए। जनजाति मंत्रालय का बजट पहले एक हजार करोड़ था, प्रधानमंत्री मोदी ने इसे बढ़ाकर 15 हजार करोड़ कर दिया। अटल बिहारी वाजपेयी ने ही जनजाति मंत्रालय बनाया और राजस्थान के भैरों सिंह शेखावत ने आदिवासियों का आरक्षण बढ़ाया।

### कोई मोदी के पैर छू रहा, कोई ऑटोग्राफ ले रहा

प्रधानमंत्री जी-7 समिट में गए तो कोई उनके ऑटोग्राफ लेने में लगा था, कोई उनके पैर छू रहा था। विश्व में मिल रहा यह सम्मान मोदी या भाजपा का नहीं, मेवाड़, राजस्थान और देश के लोगों का सम्मान है।

### लोकसभा में 300 से ज्यादा सीटें जीतेंगे

देशभर में मोदी जी के लिए जो समर्थन दिख रहा है, उससे यह निश्चित है कि 2024 में 300 से अधिक सीटों के साथ एक बार फिर से मोदी जी प्रधानमंत्री बनने जा रहे हैं। 2023 में राजस्थान में भी प्रचंड बहुमत से भाजपा सरकार बनाएगी।

### शाह ने करवाया वसुंधरा का भाषण

जनसभा में जब नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ ने अमित शाह को भाषण के लिए बुलाया तो उन्होंने इशारा कर वसुंधरा राजे को बोलने के लिए कहा। अमित शाह के कहने पर वसुंधरा ने भाषण दिया। वसुंधरा से पहले प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी ने भाषण दिया था, इसके बाद सीधे अमित शाह के भाषण का कार्यक्रम था। शाह के इस कदम के सियासी मायने भी निकाले जा रहे हैं।

### मेवाड़ की 8 विधानसभा सीटों पर फोकस

शाह की सभा में उदयपुर संसदीय क्षेत्र की आठ विधानसभा सीटों उदयपुर शहर, उदयपुर ग्रामीण, वल्लभनगर, मावली, झाड़ोल, सलूंबर, खेरवाड़ा व गोगुंदा विधानसभा क्षेत्र से कार्यकर्ता आए थे। इसमें विधानसभा वार विधायक, विधानसभा प्रभारी व संगठन के पदाधिकारियों को जिम्मा दिया गया था।

# अमरनाथ यात्रा आज से

## यात्रियों का पहला जत्था रवाना, उधमपुर में सुरक्षाबलों का काफिला पहाड़ से टकराया



### स्पॉट रजिस्ट्रेशन संभव

यात्रा के लिए श्रीनगर आकर कैब के जरिये 98 किमी दूर बेस कैंप बालटाल पहुंचना होगा। ऑनस्पॉट रजिस्ट्रेशन जम्मू में शुरू हो चुके हैं। बालटाल से शुरू के 800 मी. डामर सड़क बन गई है। आगे 2 किमी डोमेल तक पेवर ब्लॉक की सड़क है। वहां से बराड़ी तक 8 किमी कच्ची सड़क है। हालांकि इसे चौड़ा किया गया है। इससे आगे 5 किमी ढलान के साथ खड़ी चढ़ाई है। गुफा तक सड़क का काम जारी है।

**इस बार यह यात्रा 62 दिन चलेगी, दरअसल, इस बार सावन दो महीने हैं**

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

बाबा अमरनाथ यात्रा 1 जुलाई से शुरू हो रही है। पवित्र गुफा की ओर अमरनाथ यात्रियों का पहला जत्था शुक्रवार सुबह जम्मू से रवाना किया गया। तड़के करीब सवा चार बजे पूजा अर्चना के बाद उप राज्यपाल और अमरनाथ श्राइन बोर्ड के अध्यक्ष मनोज सिन्हा ने पहले जत्थे को रवाना किया। इस दौरान जम्मू बेस कैंप में पूरा माहौल भोले के रंग में रंग गया। भक्तों ने भोले के जयकारे लगाकर यात्रा की शुरुआत की। इस बार यह यात्रा 62 दिन चलेगी। दरअसल, इस बार सावन दो महीने हैं। पहले दिन कुल 2189 श्रद्धालुओं को बालटाल रूट के लिए टोकन जारी किया गया। इनमें से पंचायत भवन रजिस्ट्रेशन सेंटर पर 135 श्रद्धालुओं का बालटाल रूट के लिए तत्काल रजिस्ट्रेशन मिला। इधर, उधमपुर में यात्रा की सिक्योरिटी में लगा सुरक्षाबलों का एक वाहन पहाड़ से टकरा गया। इसमें एक डीएसपी समेत 4 पुलिसकर्मी घायल हो गए। एसएसपी विनोद कुमार ने बताया कि घायलों को उधमपुर जिला अस्पताल में भर्ती किया गया है। सभी खतरे से बाहर हैं। बालटाल वाला छोटा रास्ता इस बार काफी डेवलप हो चुका है। 16 किमी के रूट पर 11 किमी रोड बनने से राह आसान हो चुकी है। हालांकि 5 किमी रास्ता अब भी संकरा है। यात्रा की सुरक्षा को पांच लेयर में बांटा गया है। गुफा के पास पहली बार आईटीबीपी मोर्चे पर है। संभव है कि श्रद्धालुओं के पहले जत्थे का स्वागत बारिश से हो।

### सिम से लेकर गर्म कपड़े और रेनकोट तक सब उपलब्ध

श्रद्धालुओं के लिए अच्छी खबर यह है कि बालटाल में ही 350 से 550 रुपए में एक महीने की वैलिडिटी के साथ सिम खरीद सकते हैं। यह हाथों-हाथ चालू भी हो जाती है। लंगर के आसपास ही गर्म कपड़े और ट्रैकिंग के सामान के साथ रेनकोट, छाता सब उपलब्ध है। रुकने के लिए टेंट भी 500 रुपए रोज में मिल सकेगा।

### 3 मीटर बर्फ हटाकर लगाए लंगर और टेंट

यात्रा मार्ग पर लंगर-टेंट का काम 10 जून से शुरू हो चुका था। लंगर वालों ने बताया कि तब 3 मीटर ऊंची बर्फ जमी थी। बर्फ हटाने के बाद ही लंगर लगा पाए। पिछले साल बालटाल से गुफा तक 16 किमी में लंगर लगे थे। लेकिन, बादल फटने से हादसा हो गया था। इस बार बालटाल से संगम तक ही लंगर की अनुमति दी गई है। संगम से गुफा तक 4 किमी में लंगर नहीं लगेंगे।

### जंक-फाइड फूड, तंबाकू उत्पाद प्रतिबंधित

इस बार सभी पड़ाव पर तंबाकू प्रोडक्ट्स की बिक्री और जंक या फाइड फूड पर पाबंदी होगी। दोनों रूट पर 120 लंगर हैं। हाई रिस्क वाले ढाई किमी रूट पर यात्रियों को हेलमेट लगाना अनिवार्य होगा। ये मुफ्त मिलेंगे।

# पार्टी विरोधी गतिविधियों के लिए कर्नाटक के 11 पार्टी कार्यकर्ताओं को नोटिस जारी

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

कर्नाटक भाजपा ने अपने कार्यकर्ताओं पर बड़ी कार्रवाई की है, भाजपा ने विधानसभा चुनाव के दौरान पार्टी विरोधी गतिविधि में शामिल होने के लिए अब तक 11 पार्टी कार्यकर्ताओं को नोटिस थमा दिए हैं। इन कार्यकर्ताओं पर पार्टी के खिलाफ सार्वजनिक तौर पर टिप्पणी करने का आरोप है। यह फैसला एक बैठक में हुआ जिसमें कर्नाटक भाजपा अध्यक्ष नलिन कुमार कतील और पूर्व मुख्यमंत्री और संसदीय बोर्ड के सदस्य बीएस येदियुरप्पा सहित अन्य लोग शामिल हुए।

### कार्यकर्ताओं को स्पष्ट संदेश, आगे से न दें ऐसे बयान

नलिन कुमार कतील ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि पार्टी ने भाजपा विरोधी गतिविधियों की जांच करने और इसमें शामिल लोगों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई करने का फैसला किया है। यह निर्णय शुक्रवार को भाजपा नेताओं की एक बैठक में लिया गया। उन्होंने कहा कि जो पार्टी विरोधी बयान दे रहे हैं, हमने उन लोगों से व्यक्तिगत रूप से बात की है, जिनकी वजह से पार्टी को शर्मिंदगी उठानी पड़ी है। उन्हें स्पष्ट रूप से कहा गया है कि वे भविष्य में इस तरह के बयान न दें।

### 11 लोगों को दिया नोटिस

जब मीडियाकर्मियों ने सवाल पूछा कि किसे-किसे नोटिस दिया गया है तो कतील ने बिना नाम बताए कहा कि हमने अब तक 11 लोगों को नोटिस दिया है। वहीं येदियुरप्पा ने कहा कि पार्टी के लोगों को निर्देश दिया गया है कि उनमें से कोई भी ऐसा बयान न दे जिससे भाजपा को शर्मिंदगी उठानी पड़े। आगे उन्होंने कहा कि हमने ऐसे बयान देने वालों को बुलाया है और उनसे बात की है। उनसे कहा गया है कि वे सतर्क रहें ऐसी स्थिति आगे उत्पन्न न हो, अन्यथा उचित कार्रवाई की जाएगी।

# ट्विटर पर 50 लाख का जुर्माना

## हाईकोर्ट बोला, आप बड़ी कंपनी हो, किसान नहीं जो कानून नहीं जानता

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

कर्नाटक हाईकोर्ट ने शुक्रवार को केंद्र सरकार के आदेश के खिलाफ लगाई गई ट्विटर की याचिका खारिज कर दी। ट्विटर ने कुछ लोगों के अकाउंट, ट्वीट और आरएल ब्लॉक करने के केंद्र सरकार के आदेश को कोर्ट में चुनौती दी थी। सुनवाई करते हुए जस्टिस कृष्णा एस दीक्षित ने कहा कि ट्विटर को सरकार के आदेशों का पालन करना चाहिए था। कोर्ट ने ट्विटर पर 50 लाख रुपए का जुर्माना भी लगाया।



### ट्विटर ने याचिका में दलील क्या दी थी?

ट्विटर ने हाईकोर्ट से कहा था, केंद्र के पास सोशल मीडिया पर अकाउंट ब्लॉक करने का जनरल ऑर्डर इश्यू करने का अधिकार नहीं है। ऐसे आदेशों में वजह भी बताई जानी चाहिए ताकि हम इसे यूजर्स को बता सकें। अगर ऑर्डर जारी करते वक्त वजह नहीं बताई जाती है तो इस बात की आशंका बनी रहती है कि बाद में कारण बनाए भी जा सकते हैं। ट्विटर ने दावा किया था कि सरकार के आदेश सेक्शन 69 ए का उल्लंघन करते हैं। सेक्शन 69 ए के तहत अकाउंट यूजर्स को उनके ट्वीट और अकाउंट ब्लॉक किए जाने पर जानकारी देनी होती है। लेकिन मंत्रालय ने उन्हें कोई नोटिस नहीं दिया।

### केंद्र सरकार ने ट्विटर की दलील पर क्या कहा?




केंद्र सरकार ने अदालत से कहा, ट्विटर अपने यूजर्स की तरफ से नहीं बोल सकता है। इस मामले में उसका कोर्ट में अपील दायर करने का कोई अधिकार नहीं बनता है। ट्वीट ब्लॉक करने का आदेश बिना विवेक के या एकतरफा तरीके से नहीं लिया गया था। राष्ट्रीय हितों को ध्यान में रखते हुए ट्विटर को ब्लॉक करने के आदेश दिए गए थे, जिससे लिंचिंग और मॉब वॉयलेंस की घटनाओं को रोका जा सके। ट्विटर एक विदेश कंपनी है और वह समानता और बोलने की आजादी के अधिकारों के आधार पर अपील दायर नहीं कर सकती है।

### हाईकोर्ट की 5 टिप्पणियां

- जुर्माना 45 दिन के भीतर भरना होगा। अगर नहीं भरा तो इस अवधि के बाद हर दिन 5 हजार और देने होंगे।
- अदालत को वजह भी नहीं बताई कि केंद्र का ट्वीट ब्लॉक करने का आदेश क्यों नहीं माना।
- आप एक मल्टी बिलेनियर कंपनी हो, कोई किसान या फिर आम आदमी नहीं, जिसे कानून नहीं पता हैं।
- यह जानते हुए भी कि आदेश न मानने पर 7 साल की सजा और फाइन लगाया जा सकता है। ट्विटर ने सरकार के आदेशों का पालन नहीं किया।
- जिसका ट्वीट ब्लॉक कर रहे हैं, उसे कारण बताएं। साथ ही यह भी कि यह प्रतिबंध कुछ समय के लिए है या फिर अनिश्चित काल के लिए।

### क्या है पूरा मामला

सरकार ने फरवरी 2021 से फरवरी 2022 के बीच ट्विटर को 1,474 अकाउंट, 175 ट्वीट, 256 ऋरुऔर एक हैशटैग ब्लॉक करने के आदेश दिए थे। सरकार ने यह आदेश इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी एक्ट के सेक्शन 69 ए के तहत दिए थे। सरकार ने पिछले साल 4 और 6 जून को ट्विटर को नोटिस जारी कर पूछा था कि ब्लॉकिंग से जुड़े आदेशों का पालन क्यों नहीं किया गया है। ट्विटर ने 9 जून को जवाब दिया था कि जिन कंटेंट के खिलाफ सरकार के आदेशों का पालन नहीं किया गया है, उनके लिए ट्विटर को लगता है कि वे सेक्शन 69ए का उल्लंघन नहीं करते हैं। 27 जून को मिनिस्ट्री ऑफ इलेक्ट्रॉनिक्स एंड इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी ने ट्विटर को नोटिस भेजकर कहा कि केंद्र सरकार के आदेश न मानने पर कंपनी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। ट्विटर ने 39 आर एल को ब्लॉक करने के सरकार के 10 आदेशों को कोर्ट में चुनौती दी। 26 जुलाई, 2022 को जस्टिस कृष्णा एस दीक्षित की सिंगल जज बेंच ने इस पर पहली बार सुनवाई की। इसके बाद केंद्र सरकार और ट्विटर दोनों ने कोर्ट के सामने अपना पक्ष रखा। हाईकोर्ट ने इस साल 21 अप्रैल को अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। 30 जून को फैसला सुनाया और 45 दिन के अंदर जुर्माना जमा करने के लिए कहा।



## पाकिस्तान के दिवालिया होने का खतरा टला

# सरकार और आईएमएफ के बीच 3 अरब डॉलर की डील हुई

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

पाकिस्तान एक बार फिर दिवालिया होने से बच गया है। इंटरनेशनल मॉनेटरी फंड ने पाकिस्तान को स्टाफ लेवल एग्रीमेंट के तहत 3 अरब डॉलर का कर्ज देने का फैसला किया है। ढ्रूस्न और पाकिस्तान की सरकार के बीच 9 महीने का स्टैंडबाय अरेंजमेंट हुआ है। हालांकि, अभी इसे आईएमएफ के एग्जीक्यूटिव बोर्ड की मंजूरी मिलना बाकी है। पाकिस्तान के लिए आईएमएफ के मिशन प्रमुख नाथन पोर्टर ने कहा, मुझे ये ऐलान करते हुए खुशी हो रही है कि आईएमएफ का पाकिस्तानी अथॉरिटी के साथ उसके आईएमएफ कोटे के 111 फीसदी यानी 3 बिलियन डॉलर के लिए 9 महीने के स्टैंडबाय एरेंजमेंट के तहत स्टॉफ-लेवल एग्रीमेंट हो गया है। दरअसल, पाकिस्तान और आईएमएफ के बीच 6.5 अरब डॉलर के कर्ज पर 2019 में सहमति बनी थी। इसकी दो किश्तें पाकिस्तान को मिल चुकी हैं। तीसरी किश्त पर मंजूरी के लिए 30 जून यानी आज आखिरी दिन था। अगर आज भी आईएमएफ के साथ समझौता नहीं होता तो ये प्रोग्राम ही एक्सपायर हो जाता। नाथन पोर्टर ने कहा, पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था को कुछ समय से कई चुनौतियों का सामना करना पड़ा है।

### पाकिस्तान के लिए उम्मीद से ज्यादा का राहत पैकेज

जियो न्यूज के मुताबिक, पाकिस्तान को 3 बिलियन डॉलर का राहत पैकेज उसके उम्मीद से ज्यादा है। 2019 में हुए समझौते के आधार पर उसे 2.5 बिलियन डॉलर मिलने का इंतजार था। ढ्रूस्न के बोर्ड की तरफ से इस समझौते पर मिड-जुलाई में फैसला आने की उम्मीद है। पाकिस्तान के वित्त मंत्री इशाक डार ने डील होने के बाद ट्वीट करते हुए अल्हम्दुलिल्लाह लिखा।

# एसडीआरएफ के तहत 19 राज्यों के लिए 6000 करोड़ से ज्यादा की राशि मंजूर

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को राज्य आपदा प्रतिक्रिया कोष (एसडीआरएफ) के तहत 19 राज्य सरकारों को 6,194.40 करोड़ रुपये जारी करने की मंजूरी दे दी। गृह मंत्रालय ने बयान में कहा कि धनराशि जारी होने से राज्यों को मौजूदा मानसून सीजन के दौरान राहत उपाय करने में मदद मिलेगी।

इन राज्यों को दिए मिलेगी राशि

इस राशि में वर्ष 2022-23 के लिए चार राज्यों छत्तीसगढ़, मेघालय, तेलंगाना, उत्तर प्रदेश को राज्य आपदा प्रतिक्रिया कोष एसडीआरएफ के केंद्रीय हिस्से के रूप में 1,209.60 करोड़ रुपये दिए जाएंगे। और वर्ष 2023-24 के लिए 15 राज्यों (आंध्र प्रदेश, अरुणाचल प्रदेश, असम, बिहार, गोवा, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, केरल, महाराष्ट्र, मणिपुर, मेघालय, ओडिशा, पंजाब, तमिलनाडु, त्रिपुरा को 4,984.80 करोड़ रुपये दिए जाएंगे।

### रक्षा मंत्रालय ने अनुबंध पर किए हस्ताक्षर

रक्षा मंत्रालय ने बयान जारी कर कहा कि 2,725 करोड़ रुपये की कुल लागत पर मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड के साथ पनडुब्बी आईएनएस शंकुश के जीवन प्रमाणन के साथ मरम्मत के लिए एक अनुबंध पर हस्ताक्षर किए।

# तुषार मेहता बने रहेंगे सरकार के सॉलिसिटर जनरल

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने तुषार मेहता को सॉलिसिटर जनरल के पद पर फिर से नियुक्त कर दिया है। वर्तमान में वे ही इस जिम्मेदारी को संभाल रहे थे। इनकी नियुक्ति एक जुलाई 2023 से प्रभावी होगी। नियुक्ति समिति के मुताबिक, विक्रमजीत बनर्जी और केएम नटराज को एडिशनल सॉलिसिटर जनरल सुप्रीम कोर्ट के पद पर नियुक्त किया गया है। इनकी नियुक्ति भी एक जुलाई 2023 से प्रभावी होगी। इसी के साथ एडिशनल सॉलिसिटर जनरल सुप्रीम कोर्ट के पद पर नियुक्ति को भी मंजूरी दी गई है।

# केंद्र सरकार के 42 लाख सीजीएचएस लाभार्थियों को बड़ी राहत

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

केंद्र सरकार के 42 लाख कर्मचारी व उनके परिजन, जो सीजीएचएस के दायरे में आते हैं, उनके लिए राहत की खबर है। अब उन्हें टेस्ट के लिए ज्यादा रुपये खर्च नहीं करने पड़ेंगे। स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से विभिन्न तरह के 36 टेस्ट के रेट निर्धारित किए हैं। ये टेस्ट नेशनल एक्रेडिटेशन बोर्ड फॉर टेस्टिंग एंड कैलिब्रेशन लेबोरेटरीज (एनएबीएल) और नेशनल एक्रीडिटेशन बोर्ड फॉर हॉस्पिटल्स एंड हेल्थकेयर प्रोवाइडर्स एनएबीएच से मान्यता प्राप्त किसी भी लैब में कराए जा सकते हैं। अगर किसी 'सीजीएचएस' लाभार्थी के लिए एनएबीएल/एनएबीएच लैब में जाना संभव नहीं है, तो उनके लिए गैर मान्यता प्राप्त लैब के रेट तय किए गए हैं।

### मान्यता प्राप्त लैब में इको टेस्ट 1475 रुपये में

सीजीएचएस निदेशालय द्वारा हाल ही में जारी कार्यालय ज्ञापन के मुताबिक, अगर कोई लाभार्थी एनएबीएल/एनएबीएच से मान्यता प्राप्त लैब पर ईसीजी कराता है तो उसे 175 रुपये देने पड़ेंगे। यही टेस्ट गैर मान्यता प्राप्त लैब पर 150 रुपये में होगा। मान्यता प्राप्त लैब में इको टेस्ट 1475 रुपये में, जबकि गैर मान्यता प्राप्त लैब में इसके लिए 1255 रुपये देने होंगे। मान्यता प्राप्त लैब में फेटल इको टेस्ट 1600 रुपये में होगा। गैर मान्यता प्राप्त लैब में ये टेस्ट 1360 रुपयों में होगा। स्ट्रेस इको टेस्ट के लिए मान्यता प्राप्त लैब में 2400 रुपये, जबकि गैर मान्यता प्राप्त लैब में 2040 रुपये लगेंगे। डी स्ट्रेस इको के लिए मान्यता प्राप्त लैब के रेट 3000 रुपये हैं। गैर मान्यता प्राप्त लैब में यही टेस्ट 2550 रुपये में होगा। मान्यता प्राप्त लैब में एमआरआई कार्डियक करानी है, तो उसके लिए 8000 रुपये देने होंगे। गैर मान्यता प्राप्त लैब में इसके लिए 6800 रुपये देने पड़ेंगे।

### टीएमटी टेस्ट, मान्यता प्राप्त लैब में लगेंगे 1120 रुपये

यूएसजी कलर डोपलर प्रेगनेंसी टेस्ट अगर मान्यता प्राप्त लैब में कराते हैं, तो उसके लिए 1675 रुपये देने होंगे, जबकि गैर मान्यता प्राप्त लैब में यही टेस्ट 1425 रुपये में होगा। मान्यता प्राप्त लैब में टेस्टीकुलर स्केन के लिए 1700 रुपये लगेंगे। गैर मान्यता प्राप्त लैब में इसके रेट 1445 रुपये होंगे। थायोराइड स्केन विद टेक्नेटियम 99एम पर्टेकनेट टेस्ट अगर मान्यता प्राप्त लैब में कराते हैं, तो उसके लिए 1900 रुपये देने होंगे। गैर मान्यता प्राप्त लैब में यह टेस्ट 1615 रुपये में होगा। टीएमटी टेस्ट, मान्यता प्राप्त लैब में 1120 रुपये में होगा, जबकि गैर मान्यता प्राप्त लैब में यही टेस्ट 950 रुपये में किया जाएगा। यूएसजी फार अनामली स्केन, इसे अगर मान्यता प्राप्त लैब में कराया जाता है तो उसके लिए 2000 रुपये देने होंगे। गैर मान्यता प्राप्त लैब में इसके लिए 1700 रुपये देने पड़ेंगे।

### इतने रुपये में होगा यूएसजी गाइडेड एफएनएसी

यूएसजी होल एब्डोमन/केयूबी का टेस्ट मान्यता प्राप्त लैब में 800 रुपये में होगा। गैर मान्यता प्राप्त लैब में यही टेस्ट 680 रुपये का होगा। यूएसजी पेलविस/गाइनेक के लिए मान्यता प्राप्त लैब में 500 रुपये और गैर मान्यता प्राप्त लैब में 425 रुपये देने पड़ेंगे। मान्यता प्राप्त लैब में यूएसजी ब्रेस्ट के लिए 800 रुपये, जबकि गैर मान्यता प्राप्त लैब में 680 रुपये लगेंगे। मान्यता प्राप्त लैब में एचएसजी 2400 रुपये में, तो वहीं गैर मान्यता प्राप्त लैब में यह टेस्ट 2040 रुपये में हो सकेगा। यूएसजी गाइडेड एफएनएसी, यह टेस्ट गैर मान्यता प्राप्त लैब में 1530 रुपये तो मान्यता प्राप्त लैब में 1800 रुपये लगेंगे। एक्सरे एब्डोमन एपी सुपिन व इरेक्ट (एक फिल्म), मान्यता प्राप्त लैब में 250 रुपये, तो वहीं गैर मान्यता प्राप्त लैब में इसके लिए 215 रुपये देने होंगे। चेस्ट एक्सरे पीए विव्यू (एक फिल्म) के रेट मान्यता प्राप्त लैब में 230 रुपये, तो वहीं गैर मान्यता प्राप्त लैब में यह रेट 195 रुपये तय किए गए हैं। चेस्ट एक्सरे लेटरल विव्यू (एक फिल्म) के रेट मान्यता प्राप्त लैब में 230 रुपये तय किए गए हैं, जबकि गैर मान्यता प्राप्त लैब में यही रेट 195 रुपये रहेंगे। मान्यता प्राप्त लैब में आईवीपी टेस्ट 1650 रुपये में होगा।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक: अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादक: अरुण कुमार त्रिपाठी, (नेशनल हेड: कमलेश फाइटर) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोट: सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)